आर्थिक समीक्षा

1994

ECONOMIC REVIEW

DIRECTORATE OF ECONOMICS & STATISTICS
HIMACHAL PRADESH, SHIMLA-1

आर्थिक समीक्षा

हिमाचल प्रदेश

1994

ECONOMIC REVIEW

DIRECTORATE OF ECONOMICS & STATISTICS
HIMACHAL PRADESH, SHIMLA-1

D08512
NIEPA DC

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
Planning and Administration,
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
DOC, No D-8512
Date 23-3-95

प्रस्तावना

आर्थिक समीक्षा एक बजट प्रलेख है, जो सरकार के विभिन्न विभागों की मुख्य आर्थिक गतिविधियों को प्रस्तुत करता है। वर्ष **1993-94** में राज्य की आर्थिक गतिविधियों व प्रगति की समीक्षा प्रथम भाग में, जब कि सांख्यिकी तालिकायें भाग दो में दी गई हैं ।

समय पर सूचना उपलब्ध करवाने के लिये मैं सभी विभागों तथा सार्वजनिक उपक्रमों के प्रति आभार प्रकट करता हूं । इस समीक्षा के लिये इतनी अधिक तथा विस्तृत सामग्री का एकत्रीकरण, संकलन और इसको संक्षेप में प्रस्तुत करने का कार्य अर्थ एवम् सांख्यिकी विभाग ने किया। मैं विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा किए गए कड़े परिश्रम की प्रशंसा करता हूं ।

कंवर शमशेर सिंह
वित्तायुक्त एवं सचिव (वित्त, योजना तथा अर्थ एवं सांख्यिकी),
हिमाचल प्रदेश सरकार।

विषय-सूची

भाग-1 वर्ष 1993-94 की प्रगति की समीक्षा

		पृष्ठ
1.	सामान्य समीक्षा	1
2.	जनसंख्या	4
3.	राज्य आय	7
4.	कृषि	9
5.	उद्योग	30
6.	विद्युत	33
7.	रोजगार	39
8.	ग्रामीण विकास	44
9.	भाव की स्थिति	49
10.	नागरिक आपूर्ति एवं सामाजिक सेवाएं	52
11.	व्यापार तथा वाणिज्य	67
12.	परिवहन तथा संचार	70
13.	सहकारिता	73
14.	स्थानीय निकाय	75
15.	विशेष अध्ययन	77

भाग- I

वर्ष 1993-94 की प्रगति की समीक्षा

1. आर्थिक समीक्षा

देश की आर्थिक स्थिति

1.1 देश की खराब होती हुई आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिये सरकार ने स्थिरता, समायोजन और सुधारों की एक नई योजना कार्यान्वित की ताकि अर्थव्यवस्था को इस से ऊपर उभारा जा सके । इस वर्ष के दौरान भी विभिन्न उठाये गए कदमों का कार्यन्वयन जारी रहा। सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सामूहिक विकास के लिये विभिन्न उपाये जैसे कि वित्तीय घाटे को कम करना, मुद्रास्फिती की दर को कम करना, विदेशी मुद्रा के भण्डार को सुदृढ़ करना, इत्यादि किये हैं । दुसरी ओर संरचनात्मक सुधारों की नीति का उद्देश्य संरचनात्मक कठोरता को दूर करना व प्रतिस्पर्दात्मक शक्तियों को सशक्त करना है ।

1.2 इन उपायों के परिणामस्वरूप वर्ष **1992-93** के दौरान पूर्ण अर्थव्यवस्था में स्पष्ट सुधार हुआ है । आर्थिक सुधारों का कार्यक्रम जो **1992-93** में प्रारम्भ हुआ वर्ष **1993-94** में भी जारी रहेगा। यह विकास कृषि के उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी व उद्योग में कुछ सुधार के कारण सम्भव होगा । कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये नये आर्थिक सुधारों में उच्च प्राथमिकता दी गई है और इस क्षेत्र को पुनःस्थापन के लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना में इस के व्यय में काफी वृद्धि की गई है। इसी प्रकार बागवानी को आठवीं पंचवर्षीय योजना में राशी के आवंटन में विशेष स्थान दिया गया है। बागवानी के लिये योजना की आवंटित राशी जो सातवीं पचवर्षीय योजना में केवल **24** करोड़ रुपये थी, आठवीं पंचवर्षीय योजना में बढ़कर **1,000** करोड़ रुपये हो गई। वर्ष **1992-93** से मूल्य की स्थिति में काफी सुधार हुआ। इसी प्रकार संतुलन की स्थिति वर्ष **1993-94** में व्यवस्थित रहेगी । चालू वर्ष के प्रथम **5** मास में निर्यात में **24.3** प्रतिशत की वृद्धि हुई जोकि वर्ष **1993-94** में लगभग **20** प्रतिशत रहेगी । वर्ष **1992-93** के प्रथम **5** मास की तुलना में चालू वर्ष में इसी अवधि में आयात में लगभग **3.7** प्रतिशत की कमी रही । इसी प्रकार वर्ष **1993-94** के पहले **7** मास में विदेशी मुद्रा के पर्याप्त भण्डार बनाये गए । बजट के घाटे को भी विभिन्न उपायों जैसे कि गैर-योजना खर्च में कमी व कर व गैर-कर राजस्व में वृद्धि कर के कम किया जायेगा ।

हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति

1.3 औद्योगिक आधार कमजोर होने के कारण हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था अधिकतर कृषि पर निर्भर करती है । कृषि उत्पादन अभी तक भी समय पर वर्षा होने तथा मौसम की स्थिति पर निर्भर करता है। वर्ष **1992-93** में खाद्यान्न उत्पादन **13.13** लाख टन होने की आशा है जबकि **1993-94** के लिये यह लक्ष्य **15** लाख टन है।

गत पांच वर्षों के दौरान खाद्यान्नों का उत्पादन निम्न तालिका में दर्शाया गया है:-

वर्ष	खाद्यान्न उत्पादन (लाख टन)
1989-90	13.68
1990-91	14.33
1991-92	13.44
1992-93	13.13
1993-94 (लक्ष्य)	15.00

1.4 हिमाचल प्रदेश में व्यवस्थित रूप से फल उत्पादन कार्य स्वतन्त्रता के पश्चात ही आरम्भ किया गया । सेब सहित सभी फलों के उत्पादन में लगातार सुधार हो रहा है तथा वर्ष 1992-93 में यह उत्पादन 3.25 लाख टन रहा। दिसम्बर,1993 तक 3.23 लाख टन फल उत्पादन हो चुका है तथा वर्ष 1993-94 में 3.35 लाख टन उत्पादन होने की सम्भावना है । सब्जियों के उत्पादन में भी लगातर वृद्धि हो रही है और वर्ष 1993-94 में 3.85 लाख टन सब्जियों का उत्पादन होने की आशा है । हिमाचल प्रदेश में बीज आलू जो कि रोग मुक्त होने के कारण बहुत प्रसिद्ध है, की देश भर में बहुत मांग है ।

1.5 द्रुत अनुमानों के अनुसार हिमाचल प्रदेश के राज्य घरेलू उत्पाद में वर्ष 1992-93 में 0.3 प्रतिशत जो लगभग नगण्य है की वृद्धि हुई तथा प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 5,743 रुपये रही ।

1.6 ग्रामीण विद्युतीकरण के क्षेत्र में वैसे तो शत-प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण हो चुका है, फिर भी अभी बहुत कुछ करना शेष है क्योंकि बचे हुए हैमलैटस को भी इनके अन्तर्गत लाना हैं । नवम्बर,1993 तक 156 पम्प सैट चालू किए गए । चालू वित्तीय वर्ष के दौरान नवम्बर,1993 तक लगभग 818 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया । वर्ष 1992-93 में 1,087.4 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया गया था । प्रदेश में बिजली के क्षेत्र को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है । सरकार प्रदेश में जल विद्युत की 25,000 मैगावाट की क्षमता का दोहन करने के उद्देश्य से नीजि क्षेत्र को भी सम्मिलित कर रही है ।

1.7 मार्च,1993 तक, प्रदेश में कुल 2.83 लाख लोग रोजगार पर लगे थे । सभी रोजगार कार्यालयों में नवम्बर,1993 तक जीवित पंजीयका में बेरोजगारों की संख्या 4.93 लाख थी । सरकार ने अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु कई कार्यक्रम शुरू किए हैं । जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत दिसम्बर,1993 तक 21.70 लाख

कार्य दिवस अर्जित किए गए। नवम्बर,1993 तक एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 6,870 परिवारों को सहायता प्रदान की गई जबकि "ट्राईसम" कार्यक्रम के अन्तर्गत 449 युवकों को प्रशिक्षित किया गया, 223 युवकों को स्व: रोजगार व 169 युवकों को वैतनिक रोजगार प्रदान किया गया ।

1.8 वर्ष 1992-93 में कृषि समितियों द्वारा 8.46 लाख सदस्यों को 2,488.65 लाख रुपये के ऋण दिए गए जबकि 1991-92 में 8.18 लाख सदस्यों को 1,627.74 लाख रुपये के ऋण दिए गए थे ।

1.9 इस वर्ष में पर्यटन विकास के लिए सरकार द्वारा नई पर्यटन विकास नीति घोषित करना मुख्य उपलब्धि है । इस नीति के अधीन प्रतिबन्धित क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए खोलने के साथ-2 व्यापारिक पर्यटन को निजि क्षेत्र के लिए छोड़ दिया गया है । गैर-व्यापारिक पर्यटन जैसे कि कम विकसित स्थानों पर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार का दायित्व होगा । इस नीति का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में विभिन्न प्रकार के पर्यटन विकास में निजि उद्यमियों को सम्मिलित करना है। प्रदेश सरकार, कई अन्य परियोजनाएं निजि क्षेत्र में देने पर विचार कर रही है । इस नीति के अन्तर्गत निजि उद्यमियों को कुछ छूट व प्रोत्साहन मिलना है ।

1.10 प्रदेश में औद्योगिकरण को बढ़ावा देने के लिये कुटीर व लघु उद्योग और अन्य क्षेत्रों में उद्यमियों को विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन दिये गए हैं ।

2. जनसंख्या

2.1 हिमाचल प्रदेश की जनसंख्या जो कि **1981** की जनगणना के अनुसार **42.81** लाख थी बढ़कर **1991** की जनगणना के अनुसार **51.71** लाख हो गई । जनसंख्या का घनत्व प्रदेश के लिए प्रति वर्ग किलोमीटर **93** है और समस्त भारत का **274** है । निम्न तालिका में प्रदेश व भारत की जनसंख्या से सम्बन्धित मुख्य विशेषतांए दर्शाई गई है:-

जनसंख्या आकड़े॥1991 की जनगणना के अनुसार॥

मद	हिमाचल प्रदेश	भारत
1.	2.	3.
1 जनसंख्या॥लाखों में॥:		
॥क॥ पुरुष	26.18	4,392.31
॥ख॥ स्त्रियां	25.53	4,070.72
कुल	51.71	8,463.03
2. दस वर्षीय वृद्धि दर		
॥1981-91॥प्रतिशत॥	20.79	23.85
3. घनत्व॥व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.॥	93	274
4. लैंगिग अनुपात॥1000 पुरुषों		
के पीछे स्त्रियों की संख्या॥	976	927
5. साक्षरता ॥प्रतिशत॥	63.86	52.21
6. शहरी जनसंख्या॥योग से प्रतिशत॥	8.69	25.73
7. अनुसूचित जातियों की जनसंख्या ॥कुल से प्रतिशत॥	25.34	16.48
8. अनुसूचित जन-जातियों की जनसंख्या ॥कुल से प्रतिशत॥	4.22	8.08

जनसंख्या की वृद्धि

2.2 **1981-91** के दौरान जनसंख्या में दस वर्षीय वृद्धि दर **20.79** प्रतिशत थी जबकि दशक **1971-81** के दौरान यह वृद्धि दर **23.71** प्रतिशत थी । राष्ट्रीय स्तर पर दस वर्षीय वृद्धि दर **1981-91** व **1971-81** के दौरान क्रमश: **23.85** प्रतिशत और **24.66** प्रतिशत थी ।

परिवार का आकार

2.3 प्रदेश में **1991** जनगणना के अनुसार परिवारों की

संख्या 9.69 लाख थी और परिवार का आकार 5.3 था ।

लैंगिक अनुपात

2.4 लैंगिक अनुपात अर्थात् प्रति हजार पुरुषों के पीछे स्त्रियों की संख्या इस शताब्दी के आरम्भ से प्रदेश में लगातार बढ़ रहा है जो कि 1901 में 884 से 1991 में 976 हो गया । राष्ट्रीय स्तर पर लैंगिक अनुपात 1901 में 972 था घटकर 1981 में 934 हो गया था । 1991 जनगणना के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर लैंगिक अनुपात पुन: घटकर 927 हो गया ।

नगरीय प्रवृति

2.5 स्वतन्त्रता से देश की शहरी जनसंख्या बढ़ती जा रही है। यह 1971 में 19.91 प्रतिशत, 1981 में 23.34 प्रतिशत थी बढ़कर 1991 जनसंख्या के अनुसार 25.73 हो
गई । हिमाचल प्रदेश में शहरी जनसंख्या का बढ़ना काफी कम रहा । यह 1971 में 6.99 प्रतिशत,1981 में 7.61 प्रतिशत तथा बढ़कर 1991 जनगणना के अनुसार 8.69 प्रतिशत हो गई । 1981-91 के दौरान राज्य की शहरी जनसंख्या की सीमान्त वृद्धि दर 1.08 प्रतिशत है । शिमला जिला के अतिरिक्त जिसकी शहरी जनसंख्या 20.08 प्रतिशत है, अन्य जिले जहां पर शहरी जनसंख्या की अधिक प्रतिशतता रही वह कांगड़ा (13.21 प्रतिशत), मण्डी (12.41 प्रतिशत), तथा सोलन (10.53 प्रतिशत) हैं ।

अनुसूचित जाति तथा जनजातियों की जनसंख्या

2.6 प्रदेश में 1981 की 10,53,958 अनुसूचित जातियों की जनसंख्या की तुलना में 1991 में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 13,10,296 थी जो कुल जनसंख्या का 25.34 प्रतिशत है। 1991 जनगणना के अनुसार अनुसूचित जन-जातियों की जनसंख्या 2,18,349 थी जो कुल जनसंख्या का 4.22 प्रतिशत है जबकि 1981 में 1,97,263 थी। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली अनुसूचित जाति जनसंख्या की प्रतिशतता 93.7 और जनजातीय जनसंख्या 97.5 थी । अनुसूचित जाति और जन जाति जनसंख्या का दस वर्षीय वृद्धि दर क्रमश: 24.32 प्रतिशत तथा 10.69 प्रतिशत था जबकि प्रदेश का दस वर्षीय वृद्धि दर 20.79 प्रतिशत था ।

धर्मानुसार जनसंख्या

2.7 1981 जनगणना के अनुसार प्रदेश में 4 मुख्य धर्म हैं । सबसे अधिक हिन्दू जो कि 40,99,706 है(95.8 प्रतिशत), उसके बाद मुसलमान 69,613(1.6 प्रतिशत), बौद्ध 52,629(1.2 प्रतिशत) और सिख 52,209(1.2 प्रतिशत) आते हैं । ईसाई कुल जनसंख्या का केवल 0.1 प्रतिशत तथा जैन 0.02 प्रतिशत है ।

आयु वर्गानुसार जनसंख्या

2.8 प्रदेश की जनसंख्या दर्शाती है कि **1981** में **0-14** वर्ष के आयुवर्ग में **17.0** लाख बच्चे(**39.7** प्रतिशत), **15-59** वर्ष के आयु वर्ग में **22.6** लाख व्यक्ति(**52.8** प्रतिशत) तथा **60** वर्ष तथा उससे अधिक आयु वर्ग में **3.2** लाख व्यक्ति(**7.5** प्रतिशत) थे ।

3. राज्य आय

राज्य घरेलू उत्पाद

3.1 राज्य आय अथवा राज्य घरेलू उत्पाद किसी भी राज्य के आर्थिक विकास का सर्वोचित मापदंड है । वर्ष **1980-81** के आधार पर स्थिर भावों पर वर्ष **1992-93** में प्रदेश का घरेलू उत्पाद **1201.32** करोड़ रुपये हो गया जबकि यह वर्ष **1991-92** में **1197.33** करोड़ रुपये था। वर्ष **1992-93** में प्रदेश के आर्थिक विकास की दर **0.3** प्रतिशत रही जो लगभग नगण्य है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह दर **4.0** प्रतिशत रही। प्रदेश की धीमी विकास दर का मुख्य कारण प्रदेश में खाद्यान्न तथा फलों में कमी रही । खाद्यान्न उत्पादन वर्ष **1992-93** में **13.13** लाख टन रहा जबकि यह उत्पादन वर्ष **1991-92** में **13.44** लाख टन था, सेब का उत्पादन गिरकर वर्ष **1992-93** में **2.79** लाख टन हो गया जबकि यह वर्ष **1991-92** में **3.02** लाख टन था। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि पर ही निर्भर है । कृषि क्षेत्र पर निर्भरता, तथा औद्योगिक आधार कमजोर होने के कारण खाद्यान्नों व फलों के उत्पादन का उतार-चढ़ाव प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बहुत प्रभावित करता है । वर्ष **1992-93** के दौरान भी कुल राज्य आय का लगभग **28** प्रतिशत कृषि क्षेत्र से ही प्राप्त हुआ है।

3.2 गत पांच वर्षों में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक विकास दर नीचे सारणी में दर्शाई गई है:-

(प्रतिशत)

वर्ष	हिमाचल प्रदेश	समस्त भारत
1.	2.	3.
1988-89	8.8	11.1
1989-90	10.3	6.0
1990-91	2.4	5.6
1991-92 (अस्थाई)	(-) 2.5	1.1
1992-93 (द्रुत)	0.3	4.0

प्रति व्यक्ति आय

3.3 राज्य आय के द्रुत अनुमानों के अनुसार **1992-93** में प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय **5,743** रुपये है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रति व्यक्ति आय **6,249** रुपये है ।

विभिन्न क्षेत्रों के अधीन प्रगति

3.4 वर्ष **1992-93** में प्रदेश की राज्य में सबसे अधिक अनुदान प्राथमिक क्षेत्रों का था जो **36.83** प्रतिशत है । सामुदायिक व वैयक्तिक सेवाओं का **21.38** प्रतिशत, गौण क्षेत्रों का **21.96** प्रतिशत, वित्त एवं स्थावर सम्पदा का योगदान **10.06** तथा परिवहन संचार एवं व्यापार का **9.77** प्रतिशत रहा ।

3.5 इन मुख्य क्षेत्रों के अन्तर्गत सातवीं योजना की अवधि में हुए आर्थिक विकास का विवरण निम्न प्रकार से है:-

प्राथमिक क्षेत्र

3.6 प्राथमिक क्षेत्र में इस वर्ष के दौरान वार्षिक विकास दर ह्रास **2.23** प्रतिशत रही पिछले वर्ष यह भी इस क्षेत्र में ह्रास **2.37** प्रतिशत की गिरावट आई थी । फल उत्पादन और खाद्यान्न तथा लघु वानिकी उत्पाद में हुई कमी इसका मुख्य कारण रहा ।

गौण क्षेत्र

3.7 इस क्षेत्र जिसमें विनिर्माण, पंजीकृत व अपंजीकृत, निर्माण तथा विद्युत गैस व जल आपूर्ति सम्मिलित हैं, वार्षिक विकास दर इस वर्ष **1992-93** में ह्रास **3.41** प्रतिशत रही ।

परिवहन संचार एवं व्यापार

3.8 वर्ष **1992-93** में इस क्षेत्र के अधीन विकास दर केवल **0.09** प्रतिशत रही जबकि पिछले वर्ष यह दर **4.75** प्रतिशत थी ।

वित्त एवं स्थावर सम्पदा

3.9 इस क्षेत्र में बैंक, बीमा, स्थावर सम्पदा, आवासों का स्वामित्व एवं व्यवसायिक सेवाएं सम्मिलित हैं । इस क्षेत्र की विकास दर लगभग **1.73** प्रतिशत रही जबकि पिछले वर्ष यह **2.54** प्रतिशत थी

सामुदायिक एवं वैयक्तिक सेवाएं

3.10 वर्ष **1992-93** में इस क्षेत्र की विकास दर **8.89** प्रतिशत रही जबकि पिछले वर्ष ह्रास **1.41** प्रतिशत थी ।

4. कृषि

4.1 कृषि हिमाचल प्रदेश के लोगों का प्रमुख व्यवसाय है अतः यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है इससे प्रदेश में लगभग **69** प्रतिशत मुख्य श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध होता है । राज्य के कुल घरेलू उत्पाद की लगभग **40** प्रतिशत आय कृषि तथा इससे सम्बन्धित क्षेत्र में लेखांकित की जाती है। प्रदेश के कुल **55.67** लाख हैक्टेयर भौगोलिक क्षेत्र में से **10.15** लाख हैक्टेयर क्षेत्र **8.44** लाख किसानों द्वारा जोता जाता है । औसतन जोत **1.2** हैक्टेयर बनता है । वर्ष **1990-91** (अनन्तिम) की कृषि गणना के अनुसार जोतों का वितरण निम्न सारणी में दर्शाया गया है ।

जोतों का आकार (हैक्टेयर)	कृषकों की श्रेणी	जोतों की संख्या (सैकड़ों में)	क्षेत्र ('00 हैक्टेयर में)	जोतों का औसतन आकार (हैक्टेयर)
1.	2.	3.	4.	5.
1.0 से कम	सीमान्त	5,380 (63.8)	2,180 (21.5)	0.4
1.0-2.0	लघु	1,680 (19.9)	2,285 (22.5)	1.4
2.0-4.0	अर्ध-मध्यम	961 (11.4)	2,611 (25.7)	2.7
4.0-10.0	मध्यम	366 (4.3)	2,069 (20.4)	5.7
10.0 व अधिक	बड़े	55 (0.6)	1,001 (9.9)	18.1
		8,442 (100.0)	10,146 (100.0)	1.2

4.2 प्रदेश की कृषि जलवायु आलू, अदरक तथा बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन के लिए बहुत ही उपयुक्त है । सातवीं योजना से पहले किसानों को तकनीकी जानकारी देने के इलावा उन्नत बीज की किस्में, उर्वरक, पौध संरक्षण उपायों, उन्नत किस्म के कृषि औजारों का वितरण तथा कृषि भूमि पर भू तथा जल संरक्षण उपायों पर जोर दिया जाता रहा है ।

4.3 सातवीं योजना तथा वार्षिक योजना **1990-91 1991-92** व **1992-93** में समय पर निवेश आपूर्ति, सिंचाई के अन्तर्गत अधिक क्षेत्र लाकर, जल संग्रह विकास, प्रदर्शन और प्रभावकारी उन्नत कृषि तकनीकी जानकारी के द्वारा खाद्यान्न फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के अतिरिक्त आलू, दालों तथा तिलहनों की पैदावार को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। **1992-93** के दौरान प्रगति समीक्षा नीचे दी गई है:-

खाद्यान्न उत्पादन:

4.4 वर्ष **1992-93** के दौरान खाद्यान्न उत्पादन **13.13** लाख टन हुआ । वर्ष **1993-94** के दौरान **15.00** लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य रखा है तथा वर्ष **1994-95** के दौरान **15.30** लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का प्रस्ताव है। पिछले पांच वर्षों के दौरान खाद्यान्न उत्पादन निम्न सारणी में दर्शाया गया है ।

(लाख टनों में)

वर्ष	उत्पादन
1989-90	**13.68**
1990-91	**14.33**
1991-92	**13.44**
1992-93	**13.13**
1993-94 (लक्ष्य)	**15.00**

इस उत्पादन स्तर को प्राप्त करने हेतु उठाए गए कदमों का विवरण नीचे दिया गया है ।

(i) विशेष खाद्यान्न् उत्पादन कार्यक्रम:

4.5 प्रदेश में मक्की व धान की पैदावार बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा दी गई वित्तीय सहायता से विशेष उत्पादन कार्यक्रम आरम्भ किया गया । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बीज, पौध संरक्षण सामग्री तथा कृषि उपकरण इत्यादि किसानों को उपदान मूल्यों पर वितरित किया गया । भारत सरकार की गेहूं की फसल के लिये भी ऐसी ही केन्द्रीय सहायता योजना की अनुमति के लिये सिफारिश की जा रही है ।

(ii) अधिक उपज देने वाली फसलों की किस्में:

4.6 खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने हेतु किसानों को अधिक उपज देने वाले बीजों के वितरण पर जोर दिया गया । अधिक उपज देने वाली मुख्य फसलों जैसे मक्की, धान व गेहूं के अन्तर्गत पिछले दो वर्षों में लाया गया क्षेत्र निम्न तालिका में दिया गया है:-

खाद्यान्न उत्पादन

'000 टन में



फसल का नाम	इकाई	अधिक उपज देने वाली किस्मों के अन्तर्गत क्षेत्र		लक्ष्य
		1991-92	1992-93	1993-94
1.	2.	3.	4.	5.
मक्की	'000 हैक्टेयर	102.00	110.00	110.00
धान	"	93.00	93.00	88.50
गेहूं	"	360.00	365.00	360.00

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा चयनित आई. आर. डी. पी. में आने वाले किसानों को 50 प्रतिशत मूल्यों पर अधिक उपज देने वाले बीज उपलब्ध करवाए गए ।

(iii) उर्वरक

4.7 रासायनिक खाद कृषि उत्पादन को बढ़ाने में विशेष भूमिका निभाती है । रासायनिक खाद को लोकप्रिय बनाने के लिए किए गए प्रयासों के कारण कृषक वर्ग में इस खाद की मांग काफी बढ़ रही है। उर्वरकों की खपत का स्तर वर्ष 1985-86 में 23,664 टनों से बढ़कर 1989-90 में 32,711 टन हो गया है । आठवीं योजना के अन्त तक उर्वरकों की खपत का स्तर बढ़कर 50,000 टन होने की सम्भावना है । खाद की कीमतों में बढ़ोतरी को देखते हुए सरकार ने किसानों को यूरिया की कीमत पर 20.25 रुपये प्रति 50 किलो बैग पर उपदान स्वीकृत किया है । कैन, यूरिया तथा अमोनियम सलफेट के लिये परिवहन अनुदान भी दिया जा रहा है । वर्षवार उर्वरकों की खपत तथा पिछले दो वर्षों के लिये प्रस्तावित लक्ष्यों का ब्यौरा निम्नलिखित है।

मद	उर्वरक की पौष्टिक रूप में खपत (' 000 मि.ट.)		
	1992-93	1993-94 (संभावित)	1994-95 (लक्ष्य)
नाईट्रोजनस	24.5	29.6	31.0
फासफैटिक	3.7	5.8	6.0
पोटाशिक	2.4	4.6	5.0
योग	30.6	40.0	42.0

(iv) पौध संरक्षण

4.8 फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए यह बहुत जरूरी है कि फसलों को इनमें लगने वाली बिमारियों, कीट व कीट नाशकों से बचाया जाए । वर्ष **1993-94** में **4.35** लाख हैक्टेयर सम्भावित क्षेत्र विभिन्न पौध संरक्षण उपायों के अन्तर्गत लाने का प्रस्ताव है, जबकि वर्ष **1992-93** में **4.30** लाख हैक्टेयर क्षेत्र इन उपायों के अधीन लाया गया। वर्ष **1994-95** में **4.35** लाख हैक्टेयर को पौध संरक्षण उपायों के अन्तर्गत लाने का प्रस्ताव है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति व चयनित आई.आर.डी.पी. परिवारों को पौध संरक्षक रसायन तथा उपकरण **50** प्रतिशत कीमतों पर उपलब्ध करवाए गए ।

(v) मिट्टी की जांच

4.9 मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बनाए रखने के लिए मिट्टी की निरन्तर जांच आवश्यक है । सोलन जिला को छोड़ कर अन्य सभी जिलों में मिट्टी की जांच के लिए प्रयोगशालाए स्थापित कर दी गई हैं । सोलन जिले से एकत्रित मिट्टी के नमूनों की जांच प्रयोगशाला शिमला द्वारा की जा रही है। वर्ष **1992-93** में लगभग **65,000** मिट्टी के नमूनों की विभिन्न प्रयोगशालाओं में विश्लेषण करने के लिये एकत्रित किये गए हैं। वर्ष **1993-94** के दौरान **66,000** मिट्टी के नमूनों के विश्लेषण का लक्ष्य रखा गया है ।

वाणिज्य फसलें

(i) आलू

4.10 आलू हमारे प्रदेश की बहुत ही महत्वपूर्ण नकदी फसल है जिस पर विशेषत: जिला शिमला तथा लाहौल-स्पिति के कृषकों की आर्थिक स्थिति निर्भर करती है । वर्ष **1992-93** में **1.30** लाख टन आलू का उत्पादन हुआ जबकि वर्ष **1993-94** में **1.40** लाख टन आलू का उत्पादन करने का लक्ष्य रखा गया है ।

(ii) सब्जियां

4.11 प्रदेश का विशेष जलवायु बेमौसमी सब्जियां उगाने के लिए अनुकूल है इन सब्जियों को उगाने के लिए कृषकों को तकनीकी सहायता तथा आवश्यक आदान समय पर उपलब्ध करवाए जाते हैं । वर्ष **1993-94** में **3.85** लाख टन सब्जियों के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है जबकि वर्ष **1992-93** में **3.74** लाख टन सब्जियों का उत्पादन हुआ ।

बीज प्रमाणीकरण

4.12 बीजों की गुणवता को बनाए रखने तथा उत्पादकों को उनकी उपज के अच्छे दाम दिलवाने की सुनिश्चतता बनाए रखने के लिए और बीज प्रमाणीकरण कार्यक्रम पर बल दिया गया। प्रदेश के विभिन्न भागों में उत्पादकों को उनके बीज उत्पादन तथा उनकी उपज प्रमाणीकरण

के लिए 'हिमाचल प्रदेश बीज प्रमाणीकरण संस्था' ने अधिक संख्या में उत्पादकों को पंजीकृत किया।

बायो-गैस विकास कार्यक्रम

4.13 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत किसानों को बायो-गैस संयत्र निर्माण के लिए सरकार द्वारा उपदान दिया जाता है । प्रदेश ने इस क्षेत्र में प्रशंसनीय प्रगति की है। वर्ष **1992-93** में दिसम्बर, **1993** तक **3,401** बायो-गैस संयत्र लगाए गए । इस प्रकार इस कार्यक्रम के आरम्भ से अब तक कुल **31,421** बायो-गैस संयत्र लगाए जा चुके हैं। वर्ष **1993-94** में **3,400** बायो-गैस संयत्र लगाने का प्रस्ताव है।

4.14 प्रदेश में तिलहनों व दालों की पैदावार बढ़ाने के लिए बीजों की छोटी-2 थैलियां प्रदर्शनों के उद्देश्य से किसानों को मुफ्त वितरित की गई । इसके अतिरिक्त बीजों की छोटी-2 थैलियां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व चयनित आई.आर.डी.पी. परिवारों से सम्बन्धित किसानों को **50** प्रतिशत मूल्यों पर उपलब्ध करवाए गए। उपदानों के अतिरिक्त जैसे उन्नत बीज, पौध संरक्षण, रासायन व उपकरण तथा उन्नत कृषि औजार किसानों को **50** प्रतिशत मूल्यों पर उपलब्ध करवाए गए ।

भू-संरक्षण

4.15 कृषि क्षेत्रों में भू-संरक्षण उपायों को अपनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों को **50** प्रतिशत का अनुदान देती है तथा वर्ष **1993-94** में **1,650** हैक्टेयर क्षेत्र को ऐसे उपायों के अधीन लाने का प्रस्ताव है ।

उद्यान

4.16 हिमाचल प्रदेश में विभिन्न फल/फसलों को उपजाने के लिए यहां की जलवायु तथा वनस्पति स्त्रोत बहुत उचित है । अधिक उत्पादन तथा प्रति इकाई क्षेत्रफल उत्पादक से अधिक आय होने के फलस्वरूप प्रदेश में उद्यान ग्रामीण लोगों की आर्थिक व सामाजिक दशा सुधारने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है । सेब का उत्पादन अभी भी फल उत्पादन में मुख्य स्थान रखता है । साथ ही साथ अन्य फसलें भी जैसे नींबू प्रजाति के फल, आम, गुठलीदार फल आदि का उत्पादन धीरे-2 बढ़ता जा रहा है । वर्ष **1993-94** में उद्यान क्षेत्र में हुई मुख्य उपलब्धियों का उल्लेख निम्नलिखित है:-

फलों के अधीन क्षेत्र

4.17 वर्ष **1993-94** में फल पौधों के अन्तर्गत **7,000** हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को लाने का लक्ष्य था । दिसम्बर,**1993** के अन्त तक लगभग **2,366** हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्रफल फल पौधों के अन्तर्गत लाया जा चुका है तथा **4.69** लाख फल पौधों का वितरण किया गया । प्रदेश में दिसम्बर,**1993** तथा जनवरी,**1994** माह में लम्बे समय तक सूखा रहने की स्थिति से सर्द ऋतु के फल पौधों में

पौध रोपण कार्य में विलम्ब हुआ । परन्तु यदि आगामी महीनों में अच्छी वर्षा व बर्फ पड़ी तो निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति वर्ष के अन्त तक होने की सम्भावना है ।

फलोत्पादन

4.18 वर्ष **1989-90** के दौरान **4.60** लाख टन फलों का रिकार्ड उत्पादन हुआ है । वर्ष **1993-94** में सभी प्रकार के फलों के उत्पादन की क्षमता **5.59** लाख टन है, जबकि दिसम्बर,**1993** तक प्रदेश में **3.23** लाख टन फलों का उत्पादन हो चुका है तथा वर्ष **1993-94** के दौरान **3.35** लाख टन कुल फल उत्पादन होने की संम्भावना है । मौसम के प्रतिकूल प्रभाव के कारण फलों की फसलों को क्षति हुई जिसके फलस्वरूप फलोत्पादन में कमी आई ।

जंगली फल पौधों का उत्तम किस्मों में सुधार

4.19 जंगली फल पौधे इस प्रदेश में बहुत अधिक संख्या में पाये जाते हैं जिन्हें शीर्ष कलमबन्दी द्वारा उत्तम किस्मों में बदल कर उनसे अधिक लाभ उठाया जाता है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष **1993-94** में दिसम्बर,**1993** तक **5.00** लाख फल पौधों के लक्ष्य की तुलना में **0.93** लाख पौधों की कलमबन्दी की जा चुकी है, क्योंकि सामान्यतया शीर्ष कलमबन्दी का कार्य बसन्त ऋतु में किया जाता है अतः चालू वर्ष के अन्त तक लक्ष्य प्राप्त करने की सम्भावना है ।

पौध संरक्षण

4.20 वर्ष **1993-94** में **1.55** लाख हैक्टेयर बागवानी क्षेत्र पौध संरक्षण कार्यों के अन्तर्गत लाने के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर,**1993** तक **0.56** लाख हैक्टेयर क्षेत्र पौध संरक्षण कार्यों के अन्तर्गत लाया गया जिसके वर्ष के अन्त तक पूरा हो जाने की संभावना है, क्योंकि पौध संरक्षण कार्य भी शीत व बसन्त ऋतु के दौरान ही किए जाते हैं । इसके अतिरिक्त स्कैब के रोग की रोकथाम के अन्तर्गत **0.48** लाख हैक्टेयर लाने के लक्ष्य की तुलना में वर्ष **1993-94** में **0.32** लाख हैक्टेयर में स्कैब रोधक दवाइयों का छिड़काव किया गया । बागवानों को फल पौधों पर कीटों एवं बिमारियों की रोकथाम के लिये माह दिसम्बर,**1993** तक **2.05** करोड़ रुपये की **109** मिट्रिक टन कीटनाशक एवं फफूंदनाशक दवाईयों का वितरण किया गया ।

उद्यान उद्योग में विविधता लाना

4.21 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में आर्थिक महत्वता वाली नई फल फसलों जैसे जैतून अंजीर, हॉप्स, कीवी फल तथा स्ट्राबैरी इत्यादि के उत्पादन हेतु विशेष प्रयत्न किए जा रहे हैं । वर्ष **1993** में वर्षा ऋतु में लगभग **2,607** जैतून के पौधों एवं **45,000** स्ट्राबैरी की कलमों का उत्पादन तथा वितरण किया गया तथा **4,500** अनार व **13,000** आंवले की नई किस्मों के पौधों का प्रदेश के बाहर से आयात किया गया तथा बागवानों को बगीचों में लगाने हेतु वितरण किया गया ।

फल उत्पादन


क्षेत्रफल
'000 हैक्टेयर
180
120
60
0
उत्पादन
'000 टन में
480
320
160
0
1986-87
87-88
88-89
89-90
90-91
91-92
92-93
सेब
सभी फल

वर्ष 1993-94 में प्रदेश में 30 हैक्टेयर क्षेत्रफल हाप्स उत्पादन के अन्तर्गत लाने के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर, 1993 तक 25 हैक्टेयर क्षेत्र हाप्स उत्पादन के अन्तर्गत लाया गया तथा 45 मिट्रिक टन शुष्क हाप्स का रिकार्ड उत्पादन हुआ । वर्ष 1993 में एक 3.5 मिट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले हाप्स के सुखाने एवं विधायन संयंत्र की स्थापना की गई तथा दो 6 मिट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले अन्य संयन्त्र निर्माणाधीन हैं जो अगस्त, 1994 तक कार्य आरम्भ करना शुरू कर देंगें । इस प्रकार प्रदेश में हाप्स की सुखाई एवं विधायन की 13 मिट्रिक टन प्रतिदिन की क्षमता को 25 मिट्रिक टन प्रतिदिन तक बढ़ाया जाएगा। जोकि 600 मिट्रिक टन हरे हाप्स के सुखाने एवं विधायन हेतु 80 प्रतिशत क्षमता होगी ।

सहयोगी औद्यानिकी गतिविधियों को बढ़ावा देना

4.22 फल फसलों में विविधता लाने के अतिरिक्त सहयोगी औद्यानिकी गतिविधियों जैसे खुम्ब उत्पादन, मौन पालन तथा पुष्प उत्पादन को बढ़ावा देकर भी उद्यान उद्योग में विविधता लाई जा रही है । वर्ष 1993-94 में 1000 मिट्रिक टन पास्चूराईजड कम्पोस्ट तैयार करने के लक्ष्य के प्रति माह दिसम्बर, 1993 तक चम्बाघाट तथा पालमपुर स्थित विभागीय दो खुम्ब विकास परियोजनाओं में 286 मिट्रिक टन पास्चूराईजड कम्पोस्ट तैयार की गई तथा खुम्ब उत्पादकों में वितरित की गई । वर्ष 1993-94 में 600 मिट्रिक टन खुम्ब उत्पादन लक्ष्य के प्रति दिसम्बर, 1993 तक 476 मिट्रिक टन खुम्ब उत्पादन हुआ । मौन पालन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1993-94 में 800 मौनवंश वितरण के लक्ष्य की तुलना में 144 मौनवंश वितरित किए गए तथा 170 मिट्रिक टन शहद उत्पादन के लक्ष्य में से दिसम्बर, 1993 तक 107.56 मिट्रिक टन शहद उत्पादन हुआ । प्रदेश में बेमौसमी पुष्प उत्पादन की ओर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है । प्रदेश में वर्ष 1993-94 में 15 हैक्टेयर क्षेत्र पुष्प उत्पादन के अन्तर्गत लाने के विरुद्ध दिसम्बर, 1993 के अन्त तक 10 हैक्टेयर क्षेत्र पुष्प उत्पादन के अन्तर्गत लाया गया तथा 2.50 लाख पुष्प बल्ब तथा 4.00 किलोग्राम पुष्प बीज पुष्प उत्पादकों में वितरित किये गये ।

फलों का विपणन एवं विधायन

4.23 फल उत्पादकों को फल विपणन के लिए वर्ष 1993-94 में सभी प्रकार की सेवायें तथा सुविधाएं समय पर उपलब्ध करवाई गई । वर्ष 1993-94 के दौरान प्रदेश से दिसम्बर, 1993 तक लगभग 2.85 लाख टन फलों का निर्यात किया गया । सरकार द्वारा स्थापित कार्टन फैक्टरी में दिसम्बर, 1993 तक 10 लाख टैलीस्कोपी कार्टन का निर्माण किया गया तथा बागवानों में बांटा गया । पेटियां बनाने के लिए जंगलों पर आश्रित न होने तथा लकड़ी की पेटियों के लिए वैकल्प सुझाने की दृष्टि से प्रदेश में फल उत्पादकों को उनके उत्पाद की पैकिंग हेतु भी.

एफ. बी कार्टन प्लास्टिक क्रेट तथा सफेदे की लकड़ी के बाक्स इत्यादि के लिये निम्न प्रकार से उपदान प्रदान कर रही है ।

क्रम सं.	जिले का नाम	विवरण	अनुदान दर	अधिकतम सीमा प्रति इकाई रु.
1.	2.	3.	4.	5.
1. लकड़ी के लट्ठों/लकड़ी की पैकिंग पेटियों पर परिवहन अनुदान				
(i)	सोलन तथा सिरमौर	(अ) 20 कि.ग्रा. लकड़ी का डिब्बा	0.50 प्रति डिब्बा	500
		(ब) लकड़ी के लट्ठे	5.00 प्रति क्विंटल	500
(ii)	शिमला, मण्डी और किन्नौर	(अ) 20 कि.ग्रा. लकड़ी का डिब्बा	1.00 प्रति डिब्बा	1,000
		(ब) लकड़ी के लट्ठे	10.00 प्रति क्विंटल	1,000
2. कार्टन पर उपदान		(अ) 10 कि.ग्रा. क्षमता का कुल्लू कार्टन	5.00 प्रति डिब्बा	3,000
		(ब) टैलिस्कापिक कार्टन	10.00 से 12.00 डिब्बा	1,500

4.24 उद्यान विभाग द्वारा **883** फल उत्पादकों को फलों के वर्गीकरण तथा पेटियों में पैक करने की जानकारी हेतू प्रशिक्षण दिया गया तथा **11,885** पेटियों में प्रदर्शन के रूप में पैकिंग की गई । उद्यान विभाग की फल विधायन इकाइयों द्वारा **250** मिट्रिक टन के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर **1993** तक **160** मिट्रिक टन फल पदार्थ तैयार किए गये तथा सामुहिक फल विधायन सेवा के अन्तर्गत **34.4** मिट्रिक टन फल पदार्थ तैयार किए । इसके अतिरिक्त **2,093** व्यक्तियों को घरेलू स्तर

पर फल विपाचन कार्य में प्रशिक्षण दिया । इसके अतिरिक्त एच.पी.एम.सी. द्वारा 500 टन सेब रस कन्सनट्रेट निर्यात किया गया । फल उत्पादकों को उनके उत्पाद का सही मूल्य सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार ने मंडी मध्यस्थता योजना कार्यान्वित करने का निर्णय लिया है तथा इस वर्ष नीम्बू प्रजातीय फलों किन्नू, माल्टा, संतरा तथा लोकाट फल हेतु मंडी मध्यस्थता योजना शुरू की गई जिसका विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र.सं.	फल/किस्म का नाम	ग्रेड	समर्थन मूल्य (प्रति कि.ग्रा. (रुपये)
1.	किन्नू, माल्टा तथा संतरा	ए	3.50
		बी	3.00
		सी	2.50
2.	गलगल	-	1.20

4.25 इस वर्ष उपरोक्त फलों के क्रय हेतु प्रदेश में 12 क्रय केन्द्र खोले गए । फलों का क्रय एच. पी. एम. सी. तथा नैफैड/हिमफैड द्वारा किया जा रहा है ।

गुणवता निष्पादन

4.26 विभिन्न फल फसलों की सुधरी हुई उन्नत किस्मों एवं नई तकनीक का आयात करके फल उत्पादन में गुणवता सुधार के अतिरिक्त बागवानों में गुणवता उत्पादन में जागरूकता लाई जा रही है । प्रदेश ने 28 व 29 सितम्बर, 1993 को भारत सरकार, कृषि मंत्रालय द्वारा मद्रास में आयोजित 'आल इण्डिया एप्पल शो' में 80 प्रतिशत से अधिक इनाम तथा चैलेन्ज शिल्डज जीत कर देश में गुणवता फल उत्पादन में ख्याति प्राप्त की है । इसके अतिरिक्त प्रदेश में नीम्बू प्रजातीय फलों के लिये एक उत्तम बागवान प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है ।

नई तकनीक द्वारा उत्पादकता बढ़ाना

4.27 बगीचों में उपलब्ध पानी स्त्रोत के सही उपयोग हेतु ड्रीप सिंचाई पद्धति जैसा आधुनिक तकनीक तथा फलों, सब्जियों व पुष्पों का बेमौसम तथा संरक्षणात्मक ढंग से गुणवता उत्पादन करने हेतु ग्रीन हाऊस तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा इन नई तकनीक को अपनाने हेतु किसानों को सामग्री क्रय करने हेतु 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है । औद्यानिकी में फल उत्पादन तथा फसलोत्तर प्रबन्ध हेतु एक उच्च तकनीकी परियोजना का प्रारूप तैयार करके फ्रांस सरकार की सहायता प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत किया गया है ।

सिंचाई

4.28 हिमाचल प्रदेश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 55.7 लाख हैक्टेयर है । इसका बहुत बड़ा भाग निरन्तर बर्फ से ढका हुआ या वनों के अधीन तथा बंजर ढलानों का क्षेत्र है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में केवल 5.83 लाख हैक्टयर शुद्ध बोया गया क्षेत्र है । राज्य में लगभग 3.35 लाख हैक्टेयर भूमि को सिंचित करने का अनुमान है जिसमें से 50,000 हैक्टेयर भूमि को मुख्य तथा मध्यम सिंचाई के अन्तर्गत लाया गया तथा शेष 2.85 लाख हैक्टेयर भूमि को लघु सिंचाई योजनाओं से सिंचित किया गया । सिंचाई परियोजनाओं को तीन भागों में जैसे मुख्य, मध्यम तथा लघु सिंचाई में बांटा गया है। जो 10,000 हैक्टेयर या अधिक बोया गया क्षेत्र हो वह मुख्य सिंचाई, 2,000 हैक्टेयर से अधिक व 10,000 हैक्टेयर से कम क्षेत्र को मध्यम सिंचाई तथा 2,000 हैक्टेयर व उससे कम क्षेत्र को लघु सिंचाई परियोजनाओं के अन्तर्गत लाया गया । लघु सिंचाई परियोजनाओं में धरती के ऊपर तथा धरती के नीचे जल स्त्रोतों को शामिल किया गया है ।

मुख्य तथा मध्यम सिंचाई परियोजना

4.29 मुख्य तथा मध्यम सिंचाई योजना के अन्तर्गत वर्ष 1992-93 की अवधि में 233.86 लाख रुपए की लागत भूमि को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है । वर्ष 1993-94 में 269.00 लाख रुपए का प्रावधान है जिससे 210 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्रों सिंचाई की सुविधा प्रदान की जाएगी । नवम्बर,1993 के अन्त तक 118.95 लाख रुपये 145 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के लिये व्यय किए गए ।

लघु सिंचांई परियोजनाएं

4.30 वर्ष 1992-93 में 1733.85 लाख रुपये सिंचाई सुविधाओं को 1,643 हैक्टेयर क्षेत्र में उपलबध करवाने हेतु प्रावधान रखा गया । इसके अतिरिक्त वर्ष 1992-93 में यू. एस. एड परियोजना के अन्तर्गत 797 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के लिये 224.00 लाख रुपये व्यय किए गए । वर्ष 1993-94 में 1790.00 लाख रुपये राज्य क्षेत्र में प्रावधान रखा गया है ताकि 1,400 हैक्टेयर अतिरिक्त भूमि में सिंचाई सुविधाओं को दिया जा सके। इसके अन्तर्गत नवम्बर, 1993 तक 1,122 हैक्टेयर भूमि आ चुकी है ।

जल वितरण क्षेत्र

4.31 प्रदेश सरकार सिंचाई क्षेत्र में उपयोगिता तथा सिंचाई मात्र: शक्ति में बढ़ौतरी के बीच अन्तर के प्रति सचेत है । ताकि किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाया जा सके जिससे कृषि उत्पादकता बढ़ सके । जहां तक प्रदेश में अपने वित्तीय साधनों से चलाई गई योजनाओं का सम्बन्ध है कमान क्षेत्र विकास कार्य केवल उन

योजनाओं पर किया जा रहा है जो कि पहले ही पूरी की जा चुकी है। गिरी योजना, बल्ह घाटी व भभौर साहिब फेज–I के जल वितरण क्षेत्र को इस योजना के अन्तर्गत लाया गया। वर्ष 1993–94 के दौरान 125.00 लाख रुपए, जिसमें 50 प्रतिशत भाग केन्द्रीय सहायता का है, 649 हैक्टेयर भूमि में फिल्ड चैनल तथा 1,123 हैक्टेयर भूमि में वाराबन्दी के लिए रखे गए हैं। नवम्बर, 1993 तक 411 हैक्टेयर क्षेत्र में फील्ड चैनल बनाए गए तथा 1,145 हैक्टेयर क्षेत्र में वाराबन्दी की जा चुकी है।

बाढ़ नियंत्रण

4.32 वर्ष 1992–93 में 364 हैक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। वर्ष 1993–94 में बाढ़ नियंत्रण कार्यों पर 115.00 लाख रुपये खर्च करने का प्रावधान है जिससे 360 हैक्टेयर भूमि बाढ़ नियंत्रण कार्य के अन्तर्गत लानी है। इसके तहत नवम्बर, 1993 तक 223 हैक्टेयर भूमि लाई जा चुकी है।

कृषि गणना

4.33 वर्ष 1990–91 की कृषि गणना के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में 8.44 लाख जोतें थीं जो कि वर्ष 1985–86 पर 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती हैं। इन जोतों का कुल क्षेत्र 1990–91 में 10.15 लाख था। इसके परिणाम स्वरूप औसत जोत वर्ष 1990–91 में 1.20 हैक्टेयर रह गई। वर्ष 1990–91 में सीमान्त जोतों (1.0 हैक्टेयर) की संख्या 5.38 लाख हो गई जब कि वर्ष 1985–86 में 4.63 लाख थी जबकि लघु जोतें (1.0 से 2.0 हैक्टेयर) वर्ष 1985–86 में 1.55 लाख थी, वर्ष 1990–91 में बढ़कर 1.68 लाख हो गई। 0.5 हैक्टेयर तक की जोतें जो 1985–86 में 2.96 लाख थी वर्ष 1990–91 में बढ़कर 3.37 लाख हो गयी। और 0.5 से 1.0 हैक्टेयर तक की जोतें जो वर्ष 1985–86 में 1.67 लाख थीं 1990–91 में बढ़कर 1.84 लाख हो गई। लघु जोतों की तुलना में 10.0 हैक्टेयर व उससे अधिक जोतों की संख्या जो वर्ष 1985–86 में 5,643 थी वर्ष 1990–91 में घटकर 5,528 रह गई। सीमान्त व लघु जोतों (2.0 हैक्टेयर और उससे कम की जोतें) के सम्बन्ध में यह प्रतिशतता जो वर्ष 1985–86 में 82.2 थी 1990–91 में बढ़कर 83.6 हो गई और उनके अधीन क्षेत्र की प्रतिशतता जो वर्ष 1985–86 में 43.2 थी बढ़कर 1990–91 में 44.0 हो गई। इसके विपरीत 10.0 हैक्टेयर व इससे अधिक बड़ी जोतों की प्रतिशतता जो वर्ष 1985–86 में 0.7 थी वर्ष 1990–91 में घटकर 0.6 रह गई। इसके अतिरिक्त 1990–91 की कृषि गणना के अनुसार 8.44 लाख जोतों में से 1.89 लाख व 0.34 लाख जोतें अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजातियों की थी जोकि कुल जोतों का 22.4 प्रतिशत व 4.0

प्रतिशत है । जहां तक उनका क्षेत्र में हिस्से का सम्बन्ध है वह **1.38** लाख हैक्टेयर अनुसूचित जाति व **0.40** लाख हैक्टेयर अनुसूचित जनजाति का है जो कि कुल **10.15** लाख हैक्टेयर क्षेत्र का **13.6** प्रतिशत व **3.9** प्रतिशत है । यदि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति दोनों की जोतों व क्षेत्र में प्रतिशतता की जाए तो वह **26.4** प्रतिशत व **17.5** प्रतिशत होती है ।

भूमि सुधार

4.34 भूमि सम्बन्धी तरीकों में सुधार नीति प्रदेश में वर्ष **1993-94** में भी लागू रही। इस नीति के अन्तर्गत, (क) काश्तकार किसानों को भूमि का स्वामित्व दिलाना, (ख) भूमि जोतों में भिन्नता को कम करना, (ग) भू-एकत्रीकरण द्वारा जोतों के विभाजन को रोकना, (घ) भूमि रिकार्डज को बन्दोबस्त कार्यवाही द्वारा संशोधित करना और (ड.) परती भूमि/शामलात भूमि को भूमिहीनों और पात्र व्यक्तियों में आंवटन करना ।

स्वामित्व के अधिकार देना

4.35 हिमाचल प्रदेश काशतकार एवं भूमि सुधार अधिनियम-**1972** के **10**वें अध्याय के तहत गैर स्वामित्व काश्तकारों को स्वामित्व का अधिकार दिया जाता है। धर्मशाला मण्डल में **2,35,472** गैर स्वामित्व काश्तकार थे जिनमें से **2,16,514** को स्वामित्व के अधिकार दिए जा चुके हैं । शेष **18,958** काश्तकार ऐसे हैं जो भू-स्वामी संरक्षण वर्ग में आते हैं जैसे कि बच्चे, विधवा, सैनिक, अपंग व्यक्ति आदि । इसी प्रकार मण्डी मण्डल में **1,07,107** गैर स्वामित्व काश्तकार थे जिनमें से **95,155** गैर स्वामित्व काश्तकारों को स्वामित्व के अधिकार दिए जा चुके हैं । इसके अतिरिक्त शिमला मण्डल में गैर स्वामित्व काश्तकारों को स्वामित्व के अधिकार देने का कार्य पूरा हो चुका है तथा भू-स्वामी संरक्षण वर्ग में आने वाले काश्तकारों को ये अधिकार नहीं दिए गए ।

हि. प्र. ग्रामीण शामलात एक्ट, 1974

4.36 धारा 3 के अन्तर्गत गांवों की कुल शामलात भूमि सरकार में निहित हुई है जिसे भूमिहीनों तथा पात्र व्यक्तियों को आवंटन हेतु प्रयोग किया जा रहा है । धर्मशाला मण्डल में **31.12.1993** तक कुल **2,248** भूमिहीनों तथा **584** गृहहीन व्यक्तियों को जो **1981** व **1983** के सर्वेक्षण में चुने गये थे कृषि तथ गृह निर्माण हेतु भूमि का आवटन किया जा चुका है । शेष चुने हुये व्यक्तियों को कृषि योग्य तथा गृह निर्माण के लिये उपयुक्त भूमि उपलब्ध न होने के कारण भूमि नहीं दी जा सकी है । मण्डी मण्डल में भूमिहीनों तथा पात्र व्यक्तियों को भूमि देने का कार्य प्रगति पर रहा । शिमला मण्डल में कुल शामलात भूमि को भूमिहीनों तथा पात्र व्यक्तियों में सार्वजनिक उद्देश्य के लिये वितरित की गई। सभी भूमिहीनों तथा पात्र व्यक्तियों को भूमि दी गई जो **1981** व

1983 के सर्वेक्षण में चुने गये थे ।

किसान पास बुकों का वितरण

4.37 किसान पास बुकों के वितरण का कार्य 1993-94 में जारी रहा । मण्डी मण्डल में नवम्बर,1993 तक 7,421 किसान पास बुक तैयार की गई जबकि धर्मशाला मण्डल में 31.12.1993 तक 13,682 किसान पास बुक वितरित की गई।

भूमि एकीकरण

4.38 पुराने सर्वेक्षण के अनुसार कुल 49 लाख एकड़ भूमि भू-एकत्रीकरण के योग्य है इसमें से मार्च,1993 तक 19.91 लाख एकड़ भूमि एकत्रित की जा चुकी है । भू-एकत्रीकरण कार्य कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर तथा मण्डी जिलों में प्रगति पर है । वर्ष 1993-94 में नवम्बर,1993 तक 5,746 एकड़ भूमि में यह कार्य पूर्ण हुआ जबकि वर्ष का लक्ष्य 77,250 एकड़ भूमि है । वर्ष 1994-95 का लक्ष्य भी 77,250 एकड़ रखा गया है ।

पशुपालन

4.39 प्रदेश में पशुपालन के विकास कार्यक्रम में (1) पशु स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण, (2) गौजातीय पशु विकास, (3) भेड़ प्रजनन एवं ऊन का विकास, (4) कुक्कुट विकास, (5) पशु आहार तथा चारा विकास, और (6) पशु चिकित्सा सम्बन्धी शिक्षा सम्मिलित है। इन क्षेत्रों की 1993-94 की सम्भावित उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:-

पशु स्वास्थ्य और रोग नियन्त्रण केन्द्र

4.40 इस समय राज्य में 230 पशु चिकित्सालय, 514 औषधालय तथा 89 वाह्य औषधालय हैं जो पशु चिकित्सा और छूत के रोगों की रोकथाम के लिए टीके लगाते हैं । इसके अतिरिक्त प्रदेश में 14 चलते-फिरते औषधालय भी कार्य कर रहे है जो कि महामारी को फैलने से रोकने के अतिरिक्त पशु चिकित्सा सुविधा शीघ्र पहुंचाते है । प्रदेश में 14 क्लीनिक प्रयोगशालाए कार्य कर रही हैं जिनसे पशुओं के विभिन्न रोग लक्षणों की तुरन्त जांच की जाती है । राज्य मुख्यालय में एक सर्वेक्षण इकाई कार्य कर रही है । जिसके द्वारा पशुओं के रोग की जांच व रोगों का नियन्त्रण किया जाता है । वर्ष 1993-94 में पशु महामारी (रिंडरपैस्ट) जो छूत की बिमारी है कि रोकथाम के लिए 4 चैक पोस्ट पंडोगा तथा मांदली जिला ऊना में स्वारघाट जिला बिलासपुर में तथा मिलवां जिला कांगड़ा में कार्यरत हैं । इनके द्वारा, वर्ष 1993-94 में, 70,000 आने जाने वाले पशुओं को टीके लगाने का अनुमान है ।

4.41 वर्ष 1993-94 में पशु चिकित्सा सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न संस्थाओं द्वारा निम्नलिखित उपलब्धियां होने की सम्भावना है ।

क्रम संख्या	मद	1993-94 की सम्भावित उपलब्धियां ('000)
1.	छूत के रोगों से ग्रस्त पशुओं की चिकित्सा (अन्तरंग व बाह्य रोगी)	20.00
2.	अछूत के रोगों से ग्रस्त पशुओं की चिकित्सा (अन्तरंग व बाह्य रोगी)	1,604.00
3.	रोग ग्रस्त पशुओं को दवाई दी गई जो कि चिकित्सालय, औषधालय आदि में नहीं लाए गए	88.00
4.	टीके लगाए गए	280.00
5.	बधियाकरण किया	85.00
6.	परिभ्रमण में दी गई चिकित्सा सुविधा:	
	(क) छूत	20.00
	(ख) अछूत	308.00
7.	परिभ्रमण बधियाकरण	112.00
8.	परिभ्रमण में लगाए गए टीके	620.00

गोजातीय विकास

4.42 गायों में जर्सी नसल सब नसलों से उत्तम मानी गई है। इससे प्रदेश में नसल सुधार के लिए जर्सी प्रजनन पर विशेष बल दिया जा रहा है। गायों में कृत्रिम गर्भाधान का कार्य किया जाता है। जहां आवागमन के साधन सुगम नहीं हैं वहां जर्सी नसल के बैलों से गायों में प्राकृतिक गर्भाधान का कार्य किया जाता है। भैंसों की नसल का सुधार मुरहा प्रजाति की नसल से किया जा रहा है। भैंसों में कृत्रिम गर्भाधान का कार्य किन्नौर, कुल्लू तथा लाहौल-स्पिति जिलों को छोड़ शेष सभी जिलों में किया जा रहा है।

(क) ग्राम सम्वर्धन योजना:- इस योजना के अन्तर्गत 7 ग्राम सम्वर्धन ब्लाक तथा 50 ग्राम सम्वर्धन केन्द्रों द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। यह योजना शिमला, सोलन, सिरमौर, हमीरपुर, बिलासपुर, तथा ऊना जिलों में कार्यरत है।

(ख) पहाड़ी पशु विकास कार्यक्रम:- यह कार्यक्रम शिमला, सोलन, ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू तथा चम्बा जिलों में चलाया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत 33 केन्द्रों द्वारा कृत्रिम गर्भाधान सुविधा प्रदान की जा रही है

(ग) सघन गोजातीय विकास परियोजना:- गोजातीय विकास के लिए घणाहट्टी में एक 'सघन गोजातीय

विकास परियोजना' कृत्रिम गर्भाधान कार्यकृताओं की आवश्यकताओं को पूरा करती है। यह परियोजना घणाहट्टी में स्थित वीर्य बैंक से शिमला जिले की शिमला व सुनी तहसील में तथा सोलन जिले की अर्की तहसील में 22 केन्द्रों/उप केन्द्रों में चलाई जा रही है ।

(घ) चिकित्सालयों/औषधालयों तथा सांड केन्द्रों द्वारा प्रजनन सुविधाएं:- प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए 507 चिकित्सालयों/औषधालयों द्वारा दोगली जाति के प्रजनन व कृत्रिम गर्भाधान द्वारा सुविधाएं प्रदान की जाती है । इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में प्राकृतिक गर्भाधान की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं । जहां पर कृत्रिम गर्भाधान की सुविधाएं उपलब्ध न हों ।

(ङ.) कृत्रिम गर्भाधान:- उन क्षेत्रों में जहां चिकित्सालयों तथा औषधालयों की सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं वहां 49 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों द्वारा प्रजनन की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं ।

4.43 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1993-94 में निम्नलिखित उपलब्धियां होने की सम्भावना है:-

क्रम सं.	मद	वर्ष 1993-94 की सम्भावित उपलब्धियां	
		गाय	भैंसे
1.	कृत्रिम गर्भाधान	2,39,000	40,000
2.	प्राकृतिक गर्भाधान	4,000	1,100
3.	कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न बछड़े	95,000	11,000
4.	प्राकृतिक गर्भाधान से उत्पन्न बछड़े	300	200

4.44 प्रदेश में शुद्ध व अच्छी नस्ल के सांडों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए 5 क्रास प्रजनन फार्म कमान्द, मगरोट् (मण्डी) कोठीपुरा (बिलासपुर) पालमपुर (कांगड़ा) तथा बागवन (सिरमौर) में कार्यरत है । तीन वीर्य कोष जिसमें एक गहरी जमी हुई प्रयोगशाला तथा 6 तरल नाईट्रोजन संयत्र हैं, राज्य में सांडों का जमा हुआ वीर्य विभिन्न कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों में आपूर्ति कर रहे है। इन कार्यक्रमों को लागू करने से वर्ष 1993-94 में 635 हजार टन दूध के उत्पादन की सम्भावना है। इस वर्ष 3.60 लाख गाय व 50,000 भैंसों के स्ट्रा तथा इसके अतिरिक्त 1,60,000 लिटर तरल नाईट्रोजन का उत्पादन होगा। इसके अतिरिक्त कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न 900 सुधरी नस्ल के बछड़ों/बछड़ियों को विशेष पशु प्रजनन कार्यक्रम के तहत कम दरों पर पशु

आहार उपलब्ध करवाया जा रहा है ।

भेड़ प्रजनन तथा ऊन विकास

4.45 भेड़ों तथा ऊन में सुधार लाने के लिए सरकारी भेड़ प्रजनन फार्म ज्यूरी (शिमला) सरौल (चम्बा) नगवाईं (मण्डी) ताल (हमीरपुर) और कड़छम (किन्नौर) राज्य में किसानों को उन्नत भेड़ें देते हैं । इन फार्मों में **2,350** भेड़ें थी । वर्ष **1993-94** में लगभग **800** उन्नत भेड़ें किसानों को वितरित की जाने की संभावना है । भेड़ों की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए तथा सोवियत मैरीनों और अमरिकन रैमबुलेट की ख्याति को देखते हुए सरकार ने वर्तमान सरकारी फार्मों पर प्रजनन कार्य शुरू कर दिया है । पांच भेड़ प्रजनन केन्द्र कोठी कोहार (कांगड़ा) स्वाड़ (मण्डी) बागीपुल (कुल्लू) डोडरा क्वार (शिमला) तथा चूरी (चम्बा) में कार्यरत हैं । भेड़ों के विकास के लिए विशेष पशु विकास परियोजना के अन्तर्गत छोटे व सीमान्त किसानों और कृषि मजदूरों को कम दरों पर ऋण प्रदान करने की परियोजना सिरमौर जिला में चलाई जा रही है । इसके अतिरिक्त सघन भेड़ विकास कार्यक्रम जो चम्बा जिले की भरमौर, चम्बा व भटियात तहसीलों में लागू है के अन्तर्गत भेड़ पालकों को उन्नत किस्म की भेड़ें दी जाती हैं तथा डिपिंग व ड्रैंचिंग की सुविधाओं के साथ चरागाहें उन्नत की जाती हैं । भेड़ों की ड्रैंचिंग तथा भेड़ पालकों को प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम भी चलाया गया है । वर्ष **1993-94** में **15.30** लाख किलोग्राम ऊन उत्पादन की संभावना है । अंगोरा खरगोश पालकों को अंगोरा खरगोश के वितरण में पालमपुर (कांगड़ा) तथा नगवांई (मण्डी) फार्म कार्यरत हैं ।

कुक्कुट विकास

4.46 सुधरी किस्म के कुक्कुट पक्षी वितरित करने तथा अण्डों से बच्चे निकालने के लिए प्रदेश में **14** कुक्कुट फार्म कार्यरत हैं । वर्ष **1993-94** में निम्नलिखित उपलब्धियां होने की संभावना है:-

क्रम	मद	वर्ष **1993-94** की सम्भावित उपलब्धियां
1.	सरकारी फार्मों पर अण्डे देने वाली मुर्गियों की औसत संख्या	4,171
2.	अण्डों का उत्पादन	8,38,764
3.	चूजों का उत्पादन	2,81,431
4.	चूजे निकालने के लिए रखे गए अण्डे	3,34,312
5.	खाने के लिए अण्डों का विक्रय	5,00,869
6.	चूजे निकालने के लिए अण्डों का विक्रय	4,200
7.	प्रजनन के लिए पक्षियों का विक्रय	1,91,787
8.	खाने के लिए पक्षियों का विक्रय	23,227

4.47 विशेष पशुधन (कुक्कुट) उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत जो शिमला, बिलासपुर तथा ऊना जिलों में केन्द्रीय सरकार की वित्तीय सहायता से लघु एवं सीमान्त किसानों के लाभ के लिए है वर्ष **1993-94** में **130** कुक्कुट इकाईयां स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है ।

पशु आहार तथा चारा विकास

4.48 उन्नत किस्म की नसल को उपयुक्त मात्रा में सुदृढ़ पौष्टिक आहार के क्षेत्र विस्तार में लाया गया है। उपजाऊ भूमि पर चारा उगाया जाता है तथा चारागाहों को विकसित किया गया। पशु पालकों को उन्नत किस्म के चारा स्टस, चारा बीज तथा चारा वृक्ष कम दामों पर उपलब्ध करवाये जाते हैं।

प्रशिक्षण

4.49 विभाग दुग्ध उत्पादकों तथा स्टाक सहायकों इत्यादि के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चला रहा है। इस वर्ष विभाग द्वारा **22** युवा बेरोजगारों को पशु पालन सम्बन्धी प्रशिक्षण दिया जाता है जो अपनी पंचायतों में कार्य करेंगे।

मत्स्य

4.50 हिमाचल प्रदेश विशाल एवं विभिन्न प्रकार के मत्स्य स्त्रोतों से सम्पन्न राज्य है जिससे ठण्डे जल से नदी नालों और जलाशयों का जाल बिछा है जिसमें उष्ण कटिबधीय व सब-टैम्परेट की मत्स्य प्रजातियां हैं । मुख्यत: नदीय लक्यूस्ट्राईन, रिक्रीएशन और पौंड फिशरिज में वर्गीकृत राज्य के जलों में मत्स्य विकास की काफी सम्भावना है । प्रदेश में लगभग **12,000** मछुआरे अपनी रोजी के लिए मछली व्यवसाय पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर है । वर्ष **1993-94** में सबसे पहले मत्स्य बीज उत्पादन पर ध्यान दिया गया जिसके फलस्वरूप अक्तूबर, **1993** तक **22.5** मिलियन मत्स्य बीज उत्पादन किया गया। प्रदेश के चमेरा, बैरासूल जैसे नए जलाशयों के सम्मिलित हो जाने व मत्स्य सम्वर्धन की प्रणालियों के विकसित हो जाने पर राज्य में मछली बीज की बढ़ती हुई मांग की आपूर्ति के लिए जिला चम्बा के सुल्तानपुर स्थान पर एक बहु-प्रजातीय मछली बीज उत्पादन केन्द्र की स्थापना का कार्य इस वर्ष प्रारम्भ कर दिया गया। आधुनिक तरीकों से मछली पालन व पकड़ने तथा मत्स्य पालन के लिए जलाशयों के प्रबन्ध से इस वर्ष प्रदेश में मछली गोविन्दसागर जलाशय से मछली उत्पादन अक्तूबर, **1992** के **519** टन के मुकाबले अक्तूबर, **1993** तक **576** टन मछली उत्पादन हुआ जोकि **11** प्रतिशत अधिक है । विभाग ने 'माहीगर दुर्घटना बीमा' योजना व 'माहीगर जोखिम कोष' योजना लागू की है जिसके अन्तर्गत प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई की जा सके । केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों के अन्तर्गत मत्स्य उत्पादन में वृद्धि करने तथा ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिये **20,000** रुपये नए

तालाबों को बनाने, 8,000 रुपये पुराने तालाबों के नवीनीकरण के लिये तथा 2,000 रुपये बहते पानी में जल इकाई की स्थापना के लिये दिए जाते हैं ।

4.51 अनुसूचित जातीय विशेष घटक योजना के अन्तर्गत विभाग सामुदायिक लाभ की योजनाओं पर विशेष बल दे रहा है । विभिन्न कार्यकलापों के अन्तर्गत भौतिक उपलब्धियों का ब्यौरा निम्न तालिका में दिया गया है:-

क्रमांक	मद	लक्ष्य	उपलब्धियां	
		1993-94	अक्तूबर, 1993 तक	मार्च, 1994 तक संभावित
1.	2.	3.	4.	5.
1.	मत्स्य उत्पादन (टन)	6,500	2,878	6,500
2.	मत्स्य बीज उत्पादन-मिरर व मेजर कार्प, फ्राऊट (मिलियन)	30.00	22.50	30.00
3.	पंजीकृत मछुआरे (संख्या)	13,565	12,643	13,565

वन

4.52 हिमाचल प्रदेश में वनों के अधीन कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 67.5 प्रतिशत अर्थात 37,591 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र आता है । इन वनों से ऐसी जड़ी-बूटियां जो औषधियां तैयार करने के काम आती हैं, प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं । इसके साथ-2 वन, भू-संरक्षण तथा नदियों में पानी का बहाव उचित मात्रा में बनाए रखने में भी सहायता करते हैं जिसके फलस्वरुप बहुउद्देशीय विद्युत परियोजनाओं को भी संरक्षण मिलता है । हिमाचल प्रदेश सरकार की वन नीति में विद्यमान साधनों के संरक्षण, प्रबन्ध कार्य समुचित तरीके से चलाना तथा साथ-2 इसकी नींव का विस्तार करना सम्मिलित है । इन्हीं नीतियों को पूर्ण रुप देने के लिए वन विभाग द्वारा कुछ योजना कार्यक्रम चलाए हैं । कुछ महत्वपूर्ण योजना कार्यक्रम निम्न प्रकार से हैं:-

वन रोपण

4.53 वन रोपण का कार्य फलोत्पादक वन योजना तथा भू-संरक्षण योजना के अन्तर्गत चलाया जा रहा है । फलोत्पादक वन योजना में शीघ्र बढ़ने वाली प्रजातियों जैसे चिलगोजा के पेड़ लगाने, चरागाहों का सुधार इत्यादि आते हैं । फलोत्पादक वन योजना के अन्तर्गत 130.35 लाख रुपये की लागत से 2,016 हैक्टेयर क्षेत्र सितम्बर, 1993 तक लाया गया ।

भारत-जर्मनी इको विकास परियोजना:चंगर क्षेत्र परियोजना:

4.54 भारत-जर्मन आर्थिक विकास परियोजना पालमपुर उप-मण्डल के चंगर क्षेत्र में फैडरल रिपब्लिक आफ जर्मनी के सहयोग से कार्य कर रही है । इस परियोजना की अनुमानित लागत **18.71** करोड़ रुपये है। इस परियोजना के अन्तर्गत जैसे वन, कृषि, बागवानी और पशुपालन विभाग एक दुसरे के तालमेल से काम करेंगे । वर्ष **1993-94** के लिए इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए **100.00** लाख रुपये उपलब्ध करवाए गए थे जिसमें से सितम्बर,**1993** तक **17.08** लाख रुपये खर्च किये जा चुके हैं । इस परियोजना के मुख्य कार्य है: पौध रोपण, भू तथा जल संरक्षण, इंधन बचत के लिए लकड़ी के विकल्प, तथा कृषि, उद्यान व पशुपालन की उन्नत तकनीक का अपनाना ।

एकीकृत वेस्टलैण्ड विकास परियोजना

4.55 :क: **रावी जलगृह में एकीकृत वेस्टलैण्ड विकास परियोजना:-** यह परियोजना चम्बा जिले के भरमौर, चम्बा, चुराह तथा डलहौजी मण्डलों में चलाई जा रही है । यह परियोजना **1992-93** से **1996-97** तक की अवधि की है तथा इस परियोजना की कुल लागत **441.00** लाख रुपये है । वर्ष **1993-94** में **181.85** लाख रुपये की तुलना में दिसम्बर,**1993** तक **65.24** लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं जिससे **1,320** हैक्टेयर क्षेत्र की तुलना में **834** हैक्टेयर क्षेत्र में यह योजना चलाई गई है ।

:ख: **जमाला, खालरा तथा पटलैण्डर क्षेत्र के लिये एकीकृत वेस्टलैण्ड विकास परियोजना:-** इस परियोजना में मण्डी जिले का जमाला क्षेत्र, कुल्लू जिले का खालरा क्षेत्र, तथा हमीरपुर जिले का पटलैण्डर क्षेत्र लिया गया है । यह परियोजना **5** वर्ष अर्थात **1990-91** से **1994-95** तक की अवधि की है तथा इसकी कुल लागत **99.00** लाख रुपये है । वर्ष **1993-94** में दिसम्बर,**1993** तक **110** हैक्टेयर क्षेत्र को इसके अन्तर्गत लाया गया है तथा **14.46** लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं।

:ग: **व्यास जलगृह के 13 उप जल प्रवाह क्षेत्रों में एकीकृत वेस्टलैण्ड विकास परियोजना:पण्डोह से ऊपर:-** इस योजना का क्षेत्र व्यास नदी के जलगृह के अन्दर आता है तथा इसकी मुख्य सहायक नदियां पार्वती तथा तीर्थ नदियां है । यह परियोजना **4** वर्ष अर्थात **1991-92** से **1994-95** तक की अवधि की है तथा इसकी कुल लागत **317.54** लाख रुपये है । वर्ष **1993-94** में दिसम्बर,**1993** तक **52.55** लाख रुपये व्यय किये जा चुके हैं तथा **506** हैक्टेयर क्षेत्र को इसके अन्तर्गत लाया गया है ।

:घ: **लाहौल में चन्द्रभागा के मेयर तथा करडंग क्षेत्र में एकीकृत वेस्टलैण्ड विकास परियोजना:-** यह परियोजना लाहौल-स्पिति जिले के मेयर घाटी के दो जल प्रवाहों में जिसमें **426** हैक्टेयर परियोजना क्षेत्र तथा करडंग में **454** हैक्टेयर क्षेत्र में चलाई जा रही है । यह परियोजना **60.52**

लाख रुपये के उद्व्यय से 5 वर्ष अर्थात 1991-92 से 1995-96 की अवधि में चलाई जा रही है । वर्ष 1993-94 में दिसम्बर,1993 तक 9.83 लाख रुपये व्यय किए तथा 111 हैक्टेयर क्षेत्र को इसके अन्तर्गत लाया गया ।

(ङ.) **ईंधन और चारा उत्पादन परियोजनाः-** यह परियोजना भारत सरकार के सहयोग से 50:50 प्रतिशत के आधार पर हमीरपुर, मण्डी, कांगड़ा, शिमला और सिरमौर जिलों में चलाई जा रही है। इस परियोजना की अवधि 5 वर्ष है जो 1990-91 से शुरू हुई । वर्ष 1993-94 के दौरान इसके अन्तर्गत 2,093 हैक्टेयर क्षेत्र लाने के लिये दिसम्बर,1993 तक इस पर 151.36 लाख रुपये खर्च किये जा चुके हैं।

(च) **आधुनिक वन अग्निशमन परियोजनाः-** भारत सरकार ने इस योजना को चलाने के लिये 13.00 लाख रुपये प्रदान किए हैं । वर्ष 1993-94 में दिसम्बर,1993 तक 6.01 लाख रुपये व्यय किये जा चुके हैं ।

(छ) **गौण वन उत्पाद परियोजनाः-** यह परियोजना 5 वर्ष की अवधि अर्थात 1992-93 से 1996-97 की है । वर्ष 1993-94 में इस योजना में दिसम्बर,1993 तक 36.36 लाख रुपये व्यय किये जा चुके है तथा 982 हैक्टेयर क्षेत्र को इसके अन्तर्गत लाया गया है।

विश्व बैंक की सहायता से हिमालय पहाड़ियों के लिए वाटर शैड विकास परियोजना(कंडी परियोजना)

4.56 एकीकृत वाटर शेड परियोजना (हिल्ज कण्डी परियोजना) विश्व बैंक की मदद से 1990-91 में शुरू की गई । इसका उद्देश्य पांच नदियों मारकण्डा(सिरमौर) घग्घर व सरसा(सोलन) स्वां(ऊना) तथा चक्की(कांगड़ा) के जल ग्रहण क्षेत्रों का इकोलोजिकल पुनर्वास करना है ताकि इन क्षेत्रों में रहने वाले किसानों का सामाजिक व आर्थिक उद्धार हो सके । कण्डी क्षेत्र इन पांच नदियों के जल ग्रहण क्षेत्र में आता है तथा सूखे से वर्ष भर अत्यधिक प्रभावित रहता है व यहां भूमि का कटाव भी अधिक होता है । इस परियोजना के अधीन वन, कृषि, बागवानी व पशुपालन विभाग एक दूसरे के तालमेल से काम करेंगे । वर्ष 1993-94 के लिए इस परियोजना के अन्तर्गत पौध लगाने, वन रोपण, रीप्लानिशिंग पौध रोपण तथा अन्य भू-संरक्षण कार्य, वर्षा वाले क्षेत्रों में उद्यान चारा प्रदर्शन, तालाब के किनारों का संरक्षण, शामलात भूमि तथा अन्य कार्यों के लिए 500.00 लाख रुपये उपलब्ध करवाए गए तथा अभी तक 212.54 लाख रुपये खर्च किए गए ।

वन्य प्राणी तथा प्राकृतिक संरक्षण

4.57 हिमाचल प्रदेश विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षियों से सम्बन्धित क्रिड़ाओं के लिए प्रसिद्ध है, इस योजना का मुख्य उद्देश्य आखेट स्थलों व शूटिंग खण्डों में सुधार लाना है ताकि लुप्त हो रहे

प्रजातियों को बचाया जा सके । वर्ष 1993-94 में 150.00 लाख रुपये की तुलना में सितम्बर, 1993 तक 92.04 लाख रुपये(केन्द्रीय भाग सहित) की राशि उपयोग में लाई गई ।

वन सुरक्षा

4.58 वनों को अग्नि, अवैध गिरान तथा अतिक्रमण आदि खतरों का सामना प्राय: करना पड़ता है इसलिए आवश्यकता है कि उपर्युक्त स्थानों पर चैक पोस्ट्स की स्थापना की जाए ।अग्नि-शमन उपकरणों का प्रावधान व दूरभाष यंत्रों की स्थापना की गई तथा सभी वन मण्डलों को उपलब्ध करवाए गए । आग के खतरे वाले वन मण्डलों में वन सुरक्षा के तहत अच्छी संचार व्यवस्था की आवश्यकता है तथा उपलब्ध करवानी होगी । इस वर्ष भी यह योजना जारी रखी गई जिसके अन्तर्गत वर्ष 1993-94 में सितम्बर, 1993 तक 15.00 लाख रुपये लक्ष्य के मुकाबले 5.33 लाख रुपये की धन राशि व्यय की गई ।

5. उद्योग

5.1 हिमाचल प्रदेश में जल-विद्युत, खनिज, वन तथा धूल रहित जनवायु का बहुत अधिक भण्डार है । यह सभी कारण ऐग्रो-आधारित, वन आधारित, खाद्य विधायन, पेय पदार्थ तथा इलैक्ट्रोनिक उद्योग स्थापित करने के लिये उचित स्थिति जुटाते हैं ।

5.2 जब से देश में योजनाएं बन रही हैं प्रदेश के आर्थिक विकास ने बहुत प्रगति की है । पहले कुछ वर्षों में मूल आधारों के विकास जैसे सड़कें, पुल, परिवहन संचार तथा कृषि व उद्यान को उन्नत करने पर अधिक महत्व दिया गया । इसके साथ-साथ अर्थ व्यवस्था के माध्यमिक तथा टरशियरी क्षेत्रों को विकसित करने के लिये पग उठाए ताकि लोगों विशेषकर बेरोजगार युवकों के लिये रोजगार सम्बन्धी नए तथा वैकल्पिक अवसर उन्नत हो सकें । शुरू में पुराने कुटीर व हस्तशिल्प उद्योगों को विकसित तथा आधुनिकरण किया गया । इससे राज्य में उद्यमियों के लिये बाद में औद्योगिक विकास का आधार बना । इस समय उद्योग विभाग में **22,000** लघु इकाईयां पंजीकृत हैं जिनमें **280** करोड़ रुपये की पूंजी का निवेश हुआ तथा लगभग **80,000** व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। बड़े तथा मध्यम पैमाने के क्षेत्र में राज्य में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है । इस समय प्रदेश में **140** बड़े तथा मध्यम पैमाने की इकाईया कार्य कर रही हैं तथा **530** करोड़ रुपये का निवेश इन इकाईयों में हुआ है जिससे लगभग **17000** व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। हाल ही में प्रदेश के औद्योगिक विकास को इलैक्ट्रोनिक्स से नई दिशा मिली हैं । इलैक्ट्रोनिक उद्योग के विकास के लिये हिमाचल प्रदेश राज्य इलैक्ट्रोनिक्स विकास निगम कार्य कर रहा है ।

औद्योगिक परियोजना अनुमोदन एवं समीक्षा प्राधिकरण:आई. पारा. :

5.3 इस प्राधिकरण का मुख्य कार्य उद्यमियों की उनकी परियोजनाओ के कार्यान्वियन करने के लिए विभिन्न संस्थाओं/एजैंसियों से जो सम्बन्धित हों उनके साथ समन्वय स्थापित करना है । मध्यम एवं बड़े उद्योगों के लिए आई. पारा की स्वीकृति अनिवार्य है । वर्ष **1993** में **24** नई परियोजनाओ का अनुमोदन किया जिसमें **622 19** करोड़ रुपए और रोजगार सम्भावनांए **6,011** व्यक्तियों के लिए हैं ।

जिला उद्योग केन्द्र

5.4 प्रदेश के सभी जिलों में जिला उद्योग केन्द्र कार्य कर रहे हैं । जिला उद्योग केन्द्र कार्यक्रम का उद्देश्य गाव तथा छोटे उद्यमियों को एक छत के नीचे सभी सुविधाएं/सेवाएं तथा समर्थन प्रदान करना है । वर्ष **1993** में **599** लघु उद्योगों का स्थाई पंजीकरण किया गया, इनमें **1,797** लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए गए जिनमें **329** अनुसूचित जाति, **157** अनुसूचित जनजाति तथा **1,311** अन्य वर्गों के लोग सम्मिलित थे । इसके अतिरिक्त **1,526** लघु उद्योगों का अस्थायी

पंजीकरण किया गया ।

औद्योगिक क्षेत्र

5.5 उद्यमियों में साधन सम्बन्धी सुविधाएं प्रदान करने के लिए (1) परवाणु, बरोटीवाला, बद्दी, पांवटा साहिब, मैहतपुर, शमशी, नगरोटा बगवां, बिलासपुर, रिकौंग पिओ, संसारपुर टैरस में औद्योगिक क्षेत्र, सोलन (चम्बाघाट), मण्डी, काला अम्ब, हमीरपुर, शोघी, चम्बा तथा अम्ब में इलैक्ट्रोनिक कम्पलैक्स तथा (2) सोलन, धर्मपुर, कांगड़ा, ज्वाली, देहरा-गोपीपुर में औद्योगिक सम्पदा स्थापित किए गए । इसके अतिरिक्त प्रदेश में और औद्योगिक क्षेत्र/सम्पदाएं विकसित किए जा रहे हैं।

उद्यमी विकास कार्यक्रम

5.6 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत उद्यमी विकास पाठ्यक्रम जिसमें संस्थान संयन्त्र और बाहरी सर्वेक्षण में प्रशिक्षण कोर्स भी सीमलित है, आयोजित किए गए । इसके अतिरिक्त एक पखवाड़े के पाठ्यक्रम उद्यमियों को सम्वेष्ट सूचना देने तथा औद्योगिक इकाईयों को स्थापित करने के लिए अपेक्षित आवश्यकताएं तथा कार्य पद्धतियों से अवगत करवाने के लिए आयोजित किए गए हैं । वर्ष **1993** के अन्तर्गत **15** उद्यमी विकास कार्यक्रम (ई.डी.पी.) के पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत **322** व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया।

रेशम उद्योग

5.7 रेशम उद्योग राज्य का एक महत्वपूर्ण उद्योग है जिससे किसानों को अतिरिक्त रोजगार प्राप्त होता है । रेशम के कीड़ों को पालने तथा कोकून को बेचने से वे अपनी आय में वृद्धि करते हैं । वर्ष **1993** में **1.11** लाख किलोग्राम कोकून जिसकी कीमत **75.00** लाख रुपए है का उत्पादन किया गया ।

सरकारी उपक्रमों में निवेश

5.8 उद्योग विभाग के प्रशासनिक नियन्त्रण में आने वाले विभिन्न निगमों तथा बोर्डों में निवेश के लिए वर्ष **1992-93** में निम्नलिखित प्रावधान है:-

(लाख रुपये में)

क्रम सं.	निगम का नाम	बजट प्रावधान 1992-93
1. हि0प्र0	राज्य औद्योगिक निगम	220.00
2. हि0प्र0 वित्त निगम		220.00
3. हि0प्र0	राज्य लघु उद्योग एवं निर्यात निगम	8.00
4. हि0प्र0	हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम	8.00
5. हि0प्र0	राज्य इलैक्ट्रोनिक्स विकास निगम	17.00
6. हि0प्र0	सामान्य औद्योगिक निगम	20.00

चाय उद्योग

5.9 चाय का उत्पादन कांगड़ा एवं मण्डी जिलों में समुद्र तल से 1,000 से 1,500 मीटर की ऊंचाई पर किया जाता है । प्रदेश में, 2,000 हैक्टेयर क्षेत्र में 1,660 चाय उगाने वाले कृषक कार्यरत हैं। वर्ष 1992-93 में प्रदेश में लगभग 12 लाख किलोग्राम चाय का उत्पादन हुआ ।

6. विद्युत

6.1 हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं का निष्पादन कर रही है । यह बहुत ही संतोषजनक बात है कि अत्याधिक पहाड़ी क्षेत्र के बावजूद प्रदेश के सभी आबाद गांवों का विद्युतीकरण कर लिया गया है ।

6.2 प्रारम्भिक जल, विज्ञान तलरूप तथा भौमकीय अन्वेषणों के अनुसार हिमाचल प्रदेश के पांच नदी क्षेत्रों से जल विद्युत उत्पादन बड़े, मध्यम, लघु व सूक्ष्म जल परियोजनाएं बना कर सम्भावित क्षमता **12,700** मैगावाट आंकी गई है । इसके अतिरिक्त प्रदेश नदी क्षेत्रों में अभी ऐसे स्थानों की पहचान बाकी है जिन पर लघु व सूक्ष्म परियोजनाओं के साथ-**2** मध्यम और बड़ी परियोजनाएं बना कर विद्युत क्षमता में बहुत बड़ा योगदान मिल सकता है । थरमल व अणुशक्ति- जन्य के उत्पादन की लागत बढ़ने के कारण बहुत सी चिन्हित परियोजनाएं जिनको उत्पादन की अपेक्षा अधिक लागत के कारण उपरोक्त जल-विद्युत क्षमता में शामिल नहीं किया गया था, भी भविष्य में आर्थिक दृष्टि से कार्यान्वयन हो जाएंगी । इन दो पहलुओं को देखते हुए हिमाचल की कुल जल विद्युत क्षमता का अनुमान **25,000** मैगावाट व इससे भी अधिक आंका जा सकता है । कुल क्षमता में से अभी तक केवल **3,349** मैगावाट क्षमता का दोहन किया गया है जिसमें से हिमाचल प्रदेश के अधीन केवल **272** मैगावाट है, क्योंकि बड़े भाग का दोहन केन्द्रीय सरकार व अन्य अभिकरणों ने किया है । राज्य की विशाल जल विद्युत क्षमता उत्तरीय क्षेत्र के विद्युत विकास कार्य में प्रमुख भूमिका निभा सकती है जिससे हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो जाएगी ।

6.3 प्रदेश में छठी पंच वर्षीय योजना से जल विद्युत उत्पादन को प्राथमिकता दी गई है क्योंकि इससे न केवल राज्य की बढ़ती मांग पूरी होगी बल्कि उत्तर क्षेत्र में विद्युत की कमी को पूरा करने में मदद मिलेगी । इन तथ्यों को मध्य नजर रखते हुए बड़े, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म परियोजनाओं को आठवीं पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान आरम्भ करने का राज्य में चरणबद्ध कार्यक्रम बनाया गया तथा साथ ही साथ पहले से आरम्भ की गई परियोजनाओं को शीघ्रातिशीघ्र पूरा किया जाएगा ।

6.4 जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण की बढ़ती हुई गतिविधियों को देखते हुए पर्याप्त विद्युत संचारण तथा वितरण पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि राज्य में इन परियोजनाओं द्वारा विद्युत औद्योगिकी की जा सके तथा उपयोग के लिये विद्युत का वितरण किया जा सके । कुछ योजनाओं का कार्य पहले ही समापन चरण पर है ।

6.5 ग्रामीण विद्युतीकरण में प्रदेश ने आशाधारण उपलब्धियां प्राप्त की हैं । इस तथ्य के बावजूद कि हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण

विद्युतीकरण का कार्य देर से आरम्भ किया था तथा कठिन पहाड़ी क्षेत्रों के होते हुए संतोषजनक बात है कि जून,1988 के अन्त तक सभी आबादी ग्रस्त गांवों का विद्युतीकरण किया जा चुका है। गहन विद्युतीकरण योजनाओं का विद्युतीकरण का कार्य बचे हुए घरों में किया जा रहा है तथा साथ ही बिजली की आपूर्ति की विश्वसनीयता तथा उपलब्धता में संशोधन का कार्य भी किया जा रहा है ।

क. उत्पादन

चालू परियोजनाएं

थिरोट विद्युत परियोजना (4.5 मैगावाट)

6.6 4.5 मैगावाट क्षमता वाली यह परियोजना जिला लाहौल एवं स्पिति में लाहौल की जनजातीय घाटी में चालू है । इस परियोजना की नवीनतम अनुमानित लागत दिसम्बर,1991 की कीमतों के अनुसार 34 करोड़ रुपए है । इस परियोजना द्वारा उत्पादित विद्युत लाहौल एवं पांगी के दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में उपयोग की जाएगी तथा अधिशेष विद्युत को जिला कुल्लू के मनाली क्षेत्र में उपयोग में लाया जाएगा । इस परियोजना के नवम्बर, 1994 तक चालू होने की सम्भावना है।

बनेर विद्युत परियोजना(12 मैगावाट)

6.7 वर्ष 1981 में 6 मैगावाट क्षमता रखने वाली यह परियोजना स्वीकृत की गई थी जो कि बाद में बढ़ा कर 12 मैगावाट कर दी गई है। इसकी नवीनतम अनुमानित लागत 40.54 करोड़ रुपए है। अपर्याप्त धन के कारण इस परियोजना का कार्य समय पर पूरा न किया जा सका । अब इस परियोजना के दिसम्बर,1994 तक चालू होने की सम्भावना है ।

गज विद्युत परियोजना(10.5 मैगावाट)

6.8 यह परियोजना वर्ष 1982 में स्वीकृत की गई थी । इसकी नवीनतम अनुमानित लागत संशोधित करके अक्तूबर,1991 की कीमतों के अनुसार 40.00 करोड़ रुपए कर दी गई थी । पिछले वर्षों में अपर्याप्त धन की वजह से इस परियोजना पर कार्य समय पर शुरु न किया जा सका और अब इसके जून,1994 तक चालू होने की सम्भावना है ।

भावा विकास योजना

6.9 जून,1987 में योजना आयोग द्वारा भावा विकास योजना की अनुमानित लागत 9.46 करोड़ रुपये स्वीकृत की गई है जबकि बाद में इसकी अनुमानित लागत संशोधित करके 16.33 करोड़ रुपए कर दी गई है । भावा विद्युत गृह से इस योजना के अन्तर्गत 54 एम. यू. अतिरिक्त विद्युत उत्पादन किया जाएगा । इस परियोजना का कार्य नवम्बर,1995 तक शुरु हो जाएगा ।

किल्लार विद्युत परियोजना(300 किलोवाट)

6.10 राज्य बिजली बोर्ड ने इस योजना के लिए

विद्युत उपभोग


मिलियन यूनिट
2100
1800
1500
1200
900
600
300
0
1986-87
87-88
88-89
89-90
90-91
91-92
92-93
प्रदेश में
प्रदेश से बाहर

जुलाई,1986 की कीमतों के अनुसार 1.73 करोड़ रुपए की राशि राज्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृत की है तथा नवम्बर,1994 में शुरू होगी ।

उहल चरण-III परियोजना:70 मैगावाट:

6.11 यह परियोजना मण्डी जिला में स्थित है जिस पर लगभग 174.77 करोड़ रुपए खर्च होंगे । सरकार की नवीनतम नीति के आधार पर इस परियोजना को नीजि क्षेत्र के पूंजी निवेश के लिए सौंप दिया गया है ।

लारजी विद्युत परियोजना:126 मैगावाट:

6.12 इस परियोजना को जिसकी विद्युत क्षमता 126 मैगावाट है मण्डी जिले में ब्यास नदी पर निर्मित किया जाना है । इस परियोजना पर दिसम्बर,1990 के मूल्य के अनुसार नवीनतम अनुमानित लागत 355 करोड़ रुपए है । इस परियोजना के संरचना कार्य शुरू किए जा चुके हैं। ताकि इस पर धन जुटाया जा सके । इस परियोजना के मार्च,1999 तक शुरू होने की सम्भावना है ।

नाथपा-झाखड़ी विद्युत निगम:एन.जे.पी.सी.: द्वारा कार्यान्वित परियोजनाएं:केन्द्रीय तथा राज्य सरकार संयुक्त रूप से:

नाथपा-झाखड़ी जल विद्युत परियोजना:1,500 मैगावाट:

6.13 नाथपा-झाखड़ी जल विद्युत परियोजना जिसकी 1,500 मैगावाट क्षमता है का कार्य संयुक्त रूप से राज्य तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा नाथपा-झाखड़ी विद्युत निगम के माध्यम से किया जाएगा । उत्पादन कार्य हेतु इस परियोजना के लिए विश्व बैंक द्वारा 437 मिलियन डालर का ऋण स्वीकृत किया गया। यह ऋण सीधा नाथपा झाखड़ी निगम को आवंटित किया जाएगा तथा इक्विटी वाला भाग केन्द्रीय तथा राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा । इस परियोजना की मूल अनुमानित लागत 1,678 करोड़ रुपए है ।

कोल डैम परियोजना:800 मैगावाट:

6.14 कोल डैम परियोजना जिसकी विद्युत क्षमता 800 मैगावाट है को भी नाथपा-झाखड़ी विद्युत निगम द्वारा ही कार्यान्वित किया जाना है । इस परियोजना के लिए भी वही शर्तें होंगी जो नाथपा-झाखड़ी परियोजना के लिए मानी गई हैं ।

6.15 वर्ष 1992-93 के दौरान विद्युत उत्पादन 1,087.4 मिलियन यूनिट था जब कि चालू वर्ष में नवम्बर,1993 तक 817.954 मिलियन यूनिट था । नवम्बर,1993 तक 156 मैगावाट का उर्जीयन किया गया ।

6.16 केन्द्रीय सरकार तथा प्रदेश सरकारों के स्रोत सीमित होने के कारण भारत सरकार ने अब निजी क्षेत्र को बिजली के उत्पादन, आपूर्ति तथा वितरण में भाग लेने की अनुमति प्रदान कर दी है ताकि आने वाले समय में बिजली की कमी की पूर्ति हो सके । इसके फलस्वरूप

National Institute of Educational Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
DOC, No D-8512
Date 23-3-95

प्रदेश सरकार ने अप्रैल, 1990 में सिद्धांतिक रूप से निजी क्षेत्र को 10 जल विद्युत परियोजनाओं में भाग लेने की अनुमति प्रदान करने का निश्चय किया। इसके अनुसार अक्तूबर, 1993 में समाचार पत्रों में प्रकाशन देकर प्रस्ताव आमन्त्रित किये गये।

6.17 इन दस विज्ञापित की गई परियोजनाओं में से तीन परियोजनाओं (i) बासपा - II, (ii) ऊहल - III तथा (iii) घानवी परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए निजि क्षेत्र की पार्टियों से समझौते के ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इन तीन परियोजनाओं की स्थिति नीचे दर्शायी गई है :-

बासपा जल विद्युत परियोजना :- बासपा-II परियोजना के कार्यान्वयन के लिए मैसर्ज जे.पी.आई. सीमित से 1 अक्तूबर, 1992 को समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। सम्बन्धित कम्पनी द्वारा पेश की गई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ने अपनी तकनीकी तथा आर्थिक स्वीकृति प्रदान कर दी है तथा औपचारिक स्वीकृति की प्रतीक्षा है। पर्यावरण तथा वन सम्बन्धी स्वीकृति भी प्रदान हो चुकी है। सम्बन्धित पार्टी के साथ बिजली क्रय के बारे में समझौते को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मैसर्ज जय प्रकाश इन्डस्ट्रीज ने परियोजना स्थान पर मूलाधार कार्य पहले ही आरम्भ कर दिए हैं।

ऊहल जल विद्युत परियोजना :- फरवरी, 1993 में मैसर्ज बालारपुर इन्डस्ट्रीज सीमित ने ऊहल जल विद्युत परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पेश कर दी है। बिजली के बेचने के बारे में निकाली गई दरें उच्च होने के कारण सम्बन्धित कम्पनी ने जनवरी, 1994 में संशोधित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट दोबारा प्रस्तुत की है। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण तथा हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा तकनीकी तथा आर्थिक स्वीकृति प्रदान करने से पहले रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है।

घानवी जल विद्युत परियोजना :- मैसर्ज पी.पी.जी.एम. सीमित ने फरवरी, 1993 के अंतिम सप्ताह में घानवी विद्युत परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड द्वारा विभिन्न स्तरों पर जांच-पड़ताल करने के उपरान्त रिपोर्ट को केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण को जांच-पड़ताल और तकनीकी तथा आर्थिक स्वीकृति के लिए भेज दी गई है। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ने विस्तृत परियोजना पर कुछ टिप्पणियां सूचित की हैं जोकि मैसर्ज पी.पी.जी.एम. सीमित कम्पनी को भेज दी गई है। कम्पनी से इन टिप्पणियों के उत्तर की प्रतीक्षा की जा रही है।

6.18 इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार ने 15 और अतिरिक्त

परियोजनाए निजी क्षेत्र में देने के लिए अगस्त, 1993 में समाचार पत्रों में विज्ञापन दिए। हिबरा (231 मैगावाट), धमवाड़ी सुन्दा (70 मैगावाट), करछम वागटु (900 मैगावाट), नियोगल (12 मैगावाट), अलैन दुहांगन (192 मैगावाट) तथा मलाना (86 मैगावाट) नामक 6 विद्युत परियोजनाए निजी क्षेत्र की पार्टियों को दे दी गई हैं तथा 28.08.1993 को उनके साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

6.19 इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार ने निजी क्षेत्र से ऐसी लघु जल विद्युत परियोजनाओं जिनकी क्षमता 3 मैगावाट तक है के कार्यान्वयन के लिए प्रस्ताव आमन्त्रित किए। यह प्रस्ताव प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई विवरणिका "लघु जल विद्युत परियोजनाओं को चलाने के लिए नीति मार्गदर्शन" के अनुसार होना चाहिए, जिससे परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए प्रोत्साहन इत्यादि विस्तार से दिए गए हैं। निजी क्षेत्र से ऐसे प्रस्ताव प्राप्त करने की तिथि 31 दिसम्बर, 1994 से बदल कर अप्रैल, 1994 कर दी गई है।

ख. संचार तथा वितरण

6.20 राज्य में उपभोक्ताओं को बिना रुकावट के विद्युत आपूर्ति, नियमित वोलटेज तथा नई योजनाओं द्वारा विद्युत उत्पादन को शुरु करने के लिए संचारण तथा वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। साथ ही विभिन्न अन्तरराजीय तथा केन्द्रीय परियोजनाओं से भी विद्युत आपूर्ति का हिस्सा भी प्राप्त करना है। धन के अभाव के कारण संचार तथा वितरण परियोजनाए पूर्ण नहीं की जा सकी तथा नई परियोजनाओं पर कार्य शुरु नहीं किया जा सका। इस कार्य के लिए 132 के.वी. संचारण लाईनें/सब-स्टेशन भी बिजली बोर्ड द्वारा शुरु करना है जिसके लिए विश्व बैंक ने 43 मिलियन डालर ऋण की स्वीकृति दी है। प्रारम्भिक तथा उच्चतर वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए समय समय पर उपभोक्ताओं की विद्युत की मांग को पूरा करने के लिए 33 के.वी. सब स्टेशन तथा इससे कम की स्वीकृत की लाईनों को कम वोलटेज की समस्या तथा संचार व वितरण की कमियों को पूरा करने के लिए स्वीकृत किया जाता है।

ऊर्जा के गैर परम्परागत, नए तथा नवीकरण साधनों का विकास

6.21 आर्थिक वृद्धि के साथ-2 तेजी से उद्योगीकरण, अच्छे रहन-सहन के स्तर तथा इनफरास्ट्रक्चरल नेटवर्क में बढ़ौतरी के कारण ऊर्जा की मांग बहुत बढ़ी है। पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों में कमी होने के कारण गैर पारम्परिक और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों जैसे सौर जल तापीय संयन्त्र, पवन चक्की तथा अन्य ऊर्जा संयन्त्रों के उपयोग पर अधिक बल दिया जा रहा है। गैर पारम्परिक और नवीकरण ऊर्जा स्त्रोतों के विकास पर प्रदेश में "हिमऊर्जा" की गतिविधियों पर अधिक महत्व दिया जाएगा।

सौर ऊर्जा

6.22 नए तथा नवीकरण ऊर्जा स्त्रोत सौर ऊर्जा के उपयोग में अधिक महत्व रखते हैं । सौर थर्मल संयत्र जैसे सोलर कुकर, सोलर स्टिल्स, सौर जलतापीय संयत्र को अधिक लोकप्रिय बनाने पर बल दिया जा रहा है ।

6.23 साधारण गर्म पानी प्रणाली द्वारा जिसमें प्लेट कोलैक्टर्स तथा इससे सम्बन्धित यंत्रों का प्रयोग किया जाता है, को संस्थाओं/अस्पतालों/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/परिवारों को **60-80** डिग्री सैल्सियस तापमान पर गर्म पानी उपलब्ध करवाया जाता है । अभी तक **2.20** लाख एल. पी. डी. सौर जल तापीय संयत्र लगाए जा चुके हैं। इसमें **100** लिटरस प्रतिदिन क्षमता वाले **1,151** घरेलू जल तापीय संयत्र रियायती दरों पर लगाए गए हैं । **197** फोटोवोल्टिक प्रणाली द्वारा हैमलेटों/गांवों में स्ट्रीट लाईटिंग उपलब्ध करवाई हैं । इसके अतिरिक्त किन्नौर जिले के कुन्नु, चारंग, शलखान गांवों को **248** घरेलू फोटोवोल्टिक लाईट द्वारा विद्युतीकृत किया गया है। **9** सामुदायिक लाईटें(**8** प्वाइंटस) भी लगाई गई हैं । उपदान के अन्तर्गत **16,044** सोलर कुकर बांटे गए । इसके अतिरिक्त **30** सामुदायिक सोलर कुकर होटल/संस्थानों को दिए गए । इसके साथ **9** सोलर फोटोवोल्टिक पम्प सिंचाई उद्देश्य के लिए तथा **2** सोलर टी.वी. सामुदायिक प्रयोग के लिए लगाए गए हैं । प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में पारम्परिक खाना पकाने की रोजमर्रा की जरूरत के अलावा घरों में सौर ऊर्जा द्वारा गर्म रखने वाले संयत्रों के प्रयोग को अधिक लोकप्रिय बनाया जा रहा है ।

ऊर्जा संरक्षण

6.24 "हिम ऊर्जा" ने विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में ऊर्जा संरक्षण के लिए अधिक प्राथमिकता दी है । **24,973** धुंआ रहित चुल्हे तथा **28,891** आसानी से उठाए जाने वाले चुल्हे बनाए और **44,343** प्रैशर कुकर व **13,533** नूतन स्टोव वितरित किए ताकि पता लगाए गए गांवों में इंधन की खपत में कमी हो । प्रदेश में **81** उन्नत किस्म के शमशान घाट जिसमें **40** से **50** प्रतिशत कम लकड़ी की आवश्यकता होती है, लगाई गई ।

7. रोजगार

7.1 1991 जनगणना के अनुसार प्रदेश की कुल जनसंख्या में 34.41 प्रतिशत मुख्य कामगार, 8.42 प्रतिशत सीमान्त कामगार तथा शेष 57.17 प्रतिशत गैर कामगार थे। मुख्य कामगारों में से 63.25 प्रतिशत काश्तकार, 3.30 प्रतिशत कृषि श्रमिक, 1.45 प्रतिशत गृह उद्योग इत्यादि तथा 32.02 प्रतिशत अन्य गतिविधियों में कार्यरत थे।

जनशक्ति तथा रोजगार सेवाएं

7.2 रोजगार सेवा परियोजना में निम्नलिखित शामिल हैं:- (क) उम्मीदवारों को उनके शैक्षणिक योग्यता व अनुभव के आधार पर उपयुक्त रोजगार प्राप्त करवाना (ख) छटनी व फालतू घोषित किए गए कर्मचारियों को वैकल्पिक रोजगार दिलाना, (ग) रोजगार देने वाले को उपयुक्त उम्मीदवार भेजना, (घ) रोजगार अवसरों व प्रशिक्षण अवसरों तथा सम्बन्धित कार्यों का जनता, छात्र, अध्यापक, माता-पिता तथा प्रशासकों के लिए पता लगाना तथा (ङ) युवकों व रोजगार ढूंढने वालों की समस्याओं में समीक्षा तथा प्रशिक्षण व पाठ्यक्रमों को दोबारा से समायोजित करने हेतु रोजगार बाजार की जरूरतों के अनुसार कामगारों को उनसे सम्बन्धित प्रशिक्षण देना । 3 क्षेत्रीय रोजगार कार्यालयों, 9 जिला रोजगार कार्यालयों, शिमला तथा पालमपुर, 2 विश्वविद्यालय रोजगार तथा सुझाव कार्यालय, 40 उपरोजगार कार्यालय, एक राज्य रोजगार विपणन सूचना इकाई, 3 व्यावसायिक सुझाव इकाईयां, विकलांगों के लिए एक विशेष इकाई तथा हिमाचलवासियों को विभिन्न औद्योगिक इकाईयों, संस्थाओं तथा निजि क्षेत्र में रोजगार प्रदान करने हेतु एक केन्द्रीय रोजगार कार्यालय के द्वारा राज्य में रोजगार सहायता सूचना दी जा रही है । प्रदेश में बाहर के देशों में रोजगार जुटाने के लिए रोजगार निदेशालय में वर्ष 1992 में एक विदेशी रोजगार कक्ष स्थापित किया गया ।

रोजगार कार्यालयों सम्बन्धी सूचना

7.3 पिछले वर्ष की अपेक्षा नवम्बर, 1993 तक जीवित पंजीयिका में प्रार्थियों की संख्या 1.99 प्रतिशत अधिक थी जबकि विभिन्न रोजगार कार्यालयों में विभिन्न पदों के लिए भर्तियों में 1.06 प्रतिशत की वृद्धि हुई । 1.08 प्रतिशत कम व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया गया । जनवरी से नवम्बर, 1993 तक की अवधि में [illegible] प्रार्थियों का पंजीकरण हुआ तथा 4,135 व्यक्तियों को रोजगार मिला । विभिन्न व्यक्तियों द्वारा अधिसूचित खाली स्थानों की संख्या 7,032 थी। सभी रोजगार कार्यालयों में 30 नवम्बर, 1993 तक जीवित पंजीयका में संख्या 4.93 लाख थी ।

रोजगार मार्किट सूचना कार्यक्रम

7.4 वर्ष 1960 से रोजगार विपणन सूचना कार्यक्रम के अन्तर्गत

रोजगार आंकड़े जिला स्तर पर एकत्र किए जा रहे हैं । प्रथम त्रिमास में अर्थात जनवरी से मार्च, 1993 तक प्रदेश में कुल कर्मी 2.83 लाख (सार्वजनिक क्षेत्र 2.48 लाख तथा निजि क्षेत्र 0.35 लाख) की तुलना में पिछले वर्ष की इसी अवधि में कुल कर्मी 2.76 लाख (सार्वजनिक क्षेत्र 2.42 लाख तथा निजि क्षेत्र 0.34 लाख) थे । सार्वजनिक क्षेत्र में कुल रोजगार का 6.42 प्रतिशत केन्द्रीय सेवाओं, 67.87 प्रतिशत राज्य की सेवाओं, 7.02 प्रतिशत केन्द्रीय अर्ध-सरकारी क्षेत्र, 17.36 प्रतिशत राज्य अर्ध सरकारी क्षेत्र, तथा 1.33 प्रतिशत स्थानीय निकायों में कर्मी काम कर रहे थे ।

व्यवसायिक सुझाव कार्यक्रम

7.5 व्यवसायिक सुझाव एवं रोजगार सलाह जैसे कार्यक्रम उनके लिए बनाए गए हैं जो कि इस प्रकार की सहायता चाहते हैं । व्यावसायिक सुझाव मुख्यतः युवाओं की सहायता के लिए हैं जबकि रोजगार परामर्श केवल वयस्कों की सहायता के लिए हैं । राज्य रोजगार निदेशालय इस कार्य को रोजगार कार्यालयों द्वारा शिक्षा विभाग की सहायता से व्यवस्थित करता है । राष्ट्रीय नीतियों तथा तरीकों से सम्बन्धित, मसले, कर्मचारियों को प्रशिक्षण, सामान व औजारों को तैयार करना तथा राष्ट्रीय स्तर पर तालमेल रखने के लिए महानिदेशालय रोजगार एवं प्रशिक्षण की केन्द्रीय वैकल्पिक इकाई, राज्य में निदेशक रोजगार निदेशालय की सहायता कर रही हैं । रोजगार कार्यालय में प्रभारी अधिकारी प्रशासनिक अधिकारी के नियंत्रण में यह कार्यक्रम कार्यान्वित किया गया है । इस कार्यक्रम को विस्तार से फैलाने के लिए भारत सरकार से प्राप्त हुए नवीनतम व्यावसायिक साहित्यिक, चार्ट और जीविनवृति पैम्फलैटस बांटे गए। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1993 में नवम्बर, 1993 तक की उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:-

(संख्या)

मद	नवम्बर, 1993 तक की उपलब्धियां
1.	2.
क. वैयक्तिक कार्यक्रम:	
1. व्यक्तियों का वैयक्तिक मार्ग दर्शन	7,849
2. व्यक्तियों का पंजीकरण के समय वैयक्तिक मार्ग दर्शन	30,901
3. व्यक्तियों को वैयक्तिक सूचना दी गई	1,566
4. (क) डाक द्वारा सूचना मिली	249
(ख) व्यक्तिगत सूचना दी गई	658

1.	2.
5. पुराने मामले -जीवित पंजीयका से प्राप्त हुए	1,275
ख. सामूहिक कार्यक्रम:	
1. सामूहिक चर्चाओं का आयोजन किया गया	847
2. व्यक्तियों द्वारा सामूहिक चर्चाओं में भाग लिया गया	8,291
3. कैरियरत/ग्रुप मार्गदर्शन के बारे में चर्चाएं की गई	188
4. व्यक्ति जो कैरियर सूचना कक्ष में गए	9,708
ग. समन्वय गतिविधियां:	
1. स्कूलों, कालिजों में जीवनवृति के लिए मार्ग दर्शन गतिविधियां तथा सम्मेलनों/प्रदर्शनो को आयोजित करने के लिए निर्देशन इकाईयों को बढ़ावा देना	403
2. रोजगार अवसरों/प्रशिक्षण सुविधाओं पर सूचना एकत्रित करने के लिए रोजगार संस्थाओं में जाना	71

इसी वर्ष पूरे प्रदेश में 13.9.1993 से 25.9.1993 तक एक पखवाड़े का व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं रोजगार सलाहकार कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

केन्द्रीय रोजगार कक्ष

7.6 केन्द्रीय रोजगार कक्ष की स्थापना प्रदेश में निजि क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं में तकनीकी आवेदकों तथा हुनर वाले आवेदकों को रोजगार देने के लिए की गई है । इस कक्ष की स्थापना राज्य के श्रमिक एवं रोजगार निदेशालय के अधीन की गई है जिसका मुख्य उद्देश्य केवल तकनीकी तथा अधिक कुशल तथा अकुशल आवेदकों की निजि क्षेत्र में आवश्यकतानुसार भर्ती है । इस परियोजना के अन्तर्गत एक तरफ तो निजि क्षेत्र में रोजगार चाहने वालों को उनकी योग्यता एवं अनुभवों के आधार पर रोजगार दिया जाता है जबकि दूसरी तरफ नियुक्तकों द्वारा सही श्रमिकों की नियुक्ति की जाती है । इस योजना के अन्तर्गत 31 अक्तूबर,1993 को 13,936 आवेदकों का पंजीकरण उनके तकनीकी योग्यताओं के आधार पर किया गया जिसे कि मुख्य रोजगार कार्यालयों से भेजा गया होता है । निजि क्षेत्र संस्थाओं ने अक्तूबर,1993 तक केन्द्रीय रोजगार कक्ष को विभिन्न किस्मों की 2,656 रिक्तियां सूचित की थी तथा जिसमें 289 रिक्तियां तकनीकी एवं उच्च कुशल वर्ग की थी । केन्द्रीय रोजगार कक्ष ने विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के लिए 11,585 आवेदकों को भेजा जिन में 2,694 आवेदक तकनीकी एवं उच्च कुशल(हुनर) वर्ग के थे । अक्तूबर,1993 तक प्रदेश में अभी तक 562 व्यक्तियों को विभिन्न निजि क्षेत्र औद्योगिक इकाईयों में रोजगार दिया जिनमें से 45 व्यक्ति तकनीकी एवं उच्च कुशल वर्ग के थे ।

विकलांगों के लिए विशेष कक्ष

7.7 जनवरी से सितम्बर,1993 के अन्तर्गत जीवित पंजिका पर 599 विकलांगों को और पंजीकृत करके विकलांगों की संख्या 4,514 हो गई थी । इसके अतिरिक्त 9 अनुरक्षित नियुक्तियां अधिसूचित की गई थी तथा 31 विकलांगों को साक्षात्कार के लिए पत्र जारी किए गए थे । इस वर्ष सितम्बर,1993 तक 8 विकलांगों को लाभकारी रोजगार में रखा गया था ।

विदेशी रोजगार कक्ष

7.8 वर्ष 1991 में श्रम एवं रोजगार निदेशालय में, विदेशों में रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्तियों को भेजने के लिये एक कक्ष स्थापित किया गया । विदेशों में रोजगार प्राप्त करने की सभी औपचारिकतायें पूरी करने के साथ-2 इस कक्ष का लक्ष्य उन व्यक्तियों को रोजगार दिलवाना है जो विदेशों में सरकारी एजेंसियों के साथ पंजीकृत हैं। जनवरी से सितम्बर,1993 तक विदेशों में रोजगार चाहने वाले 53 व्यक्तियों को पंजीकृत किया गया तथा अब तक 1,720 व्यक्ति पंजीकृत हो चुके हैं । 17 व्यक्तियों को बिजली, मिस्त्री,राजगीरी, बढ़ई तथा हेल्पर के रूप में विदेशों में भेजा गया ।

न्यूनतम मजदूरी

7.9 हिमाचल प्रदेश सरकार ने न्यूनतम मजदूरी एक्ट,1948 के अन्तर्गत एक "न्यूनतम मजदूरी परामर्श बोर्ड" बनाया गया जो कि 20 अनुसूची रोजगार के अन्तर्गत मजदूरों के न्यूनतम दर से मजदूरी तय तथा उनके संशोधन के बारे में प्रदेश सरकार को परामर्श देता है । इस बोर्ड की सिफारिश पर 1.4.1991 से प्रदेश सरकार ने अकुशल मजदूरों को सभी 20 अनुसूची रोजगार में एक जैसी न्यूनतम दरें तय/संशोधित की हैं जो कि 22 रुपए प्रतिदिन या 660 रुपए प्रति माह हैं । इसी प्रकार 1.4.1991 से अर्ध कुशल, कुशल तथा अति कुशल मजदूरों को पहले से प्राप्त की जारही न्यूनतम दर की मजदूरी में 10 प्रतिशत की वृद्धि की है । इसके अतिरक्त अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में बसने वाले लोगों को 25 प्रतिशत की दर से न्यूनतम दर की मजदूरी से अधिक देने की स्वीकृति दी गई है जो कि कृषि निर्माण तथा सड़कों और भवनों के रख-रखाव, पत्थर तोड़ने का संचालन इत्यादि कार्य में लगे हुए हैं । इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा घोषित पिछड़े हुए क्षेत्रों में बसने वाले लोगों को 12.5 प्रतिशत की दर से न्यूनतम दर की मजदूरी से अधिक देने की स्वीकृति दी गई है जो कि वानिकी तथा इमारती लकड़ी के कार्य में लगे हुए हैं । इसके अतिरिक्त उद्योगों में कार्यरत् मजदूरों के लिए 20 प्रतिशत की वृद्धि न्यूनतम मजदूरी पर भी हुई । 14.11.1993 से सरकार ने अकुशल मजदूरों को सभी 23 अनुसूची रोजगार में एक जैसी न्यूनतम दरें तय/संशोधित की हैं जो कि 22 रुपये प्रतिदिन से बढ़ाकर 24 रुपये प्रतिदिन या 660 रुपये प्रतिमास से बढ़ाकर 720 रुपये प्रति

मास कर दी है

श्रमिक कल्याण उपाय

7.10 बन्धुआ मजदूर प्रणाली (उन्मूलन) एक्ट, **1976** के अन्तर्गत राज्य सरकार ने राज्य स्तर पर एक सक्रीनिंग समिति के अतिरिक्त उपमण्डलीय स्तर पर सर्तकता समितियां तथा जिला स्तर पर सतर्कता समितियों का गठन किया । राज्य सरकार ने औद्योगिक झगड़े निपटाने के लिए श्रम न्यायालय तथा औद्योगिक न्याय अधिकरण जिनका मुख्यालय शिमला में है का गठन किया है । औद्योगिक झगड़ा नियम, **1947** के तहत जिला एवं शैशन जज के पद के बराबर, श्रम अदालत/औद्योगिक न्याय अधिकरण का एक स्वतंत्र पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया । कारखाना अधिनियम, **1948** के अन्तर्गत **1,406** पंजीकृत कारखाने हैं जिनमें अनुमानित **39,848** मजदूरों को रोजगार प्राप्त है । इसी प्रकार मोटर ट्रासपोर्ट वर्कस एक्ट, **1961** के अन्तर्गत **38** मोटर ट्रासपोर्ट निगम पंजीकृत है जिनमें अनुमानित **4,315** मजदूर कार्य कर रहे हैं । कन्ट्रेक्ट लेबर (रैगुलेशन एण्ड एबौलिशन) एक्ट, **1970** के अन्तर्गत दिसम्बर, **1993** तक **230** मालिक अनुमानित **53,732** मजदूरों के साथ पंजीकृत हैं तथा **916** लाईसैंस प्राप्त ठेकेदार **38,442** मजदूरों के साथ पंजीकृत हैं । इसी प्रकार इन्टर स्टेट माईग्रैंट वर्कमैन (रैगुलेशन आफ इमपलायमैंट तथा कन्डीशन्स आफ सर्विस) एक्ट, **1979** के अन्तर्गत **71** मालिक अनुमानित **10,900** मजदूरों के साथ तथा **91** ठेकेदार अनुमानित **3,227** मजदूरों के साथ पंजीकृत हैं । इसी प्रकार ट्रेड यूनियन एक्ट, **1926** के अन्तर्गत **663** ट्रेड यूनियन पंजीकृत हैं । राज्य मजदूर बीमा योजना सोलन, परवाणू, बरोटीवाला, बद्दी, मैहतपुर, पांवटा साहिब, व काला अम्ब में लागू है । लगभग **390** उद्यमी व **19,480** मजदूर इस योजना के अन्तर्गत लाए गए इसी प्रकार कर्मचारी भविष्य निधि योजना के अन्तर्गत **626** उद्यम में कार्यरत **48,607** मजदूरों को लाभ पहुंच रहा है ।

औद्योगिक सम्बन्ध

7.11 प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों में विकास होने से औद्योगिक सम्बन्धों के मसले को काफी महत्व प्राप्त हो रहा है । प्रदेश में औद्योगिक झगड़ों के निपटारे व औद्योगिक शान्ति को बनाए रखने के लिए एक समाधान प्रशासन कार्यरत है । समाधान अधिकारियों के कार्य क्षेत्रीय/ जिला रोजगार अधिकारी तथा श्रम अधिकारी को सौंपे गए हैं तथा अपने-2 क्षेत्राधिकार में यह कार्य देख रहे हैं । इसके अतिरिक्त जिन संस्थाओं में **100** से कम मजदूर हैं उन संस्थाओं में समाधान अधिकारियों की शक्तियां श्रम निरीक्षकों को निहित कर दी गई हैं। जिन झगड़ों का निपटारा ठीक तरीके से न हो सके अथवा जहां पर समाधान प्रणाली फेल हो जाए उन मामलों में उच्चतर अधिकारी हस्तक्षेप करते हैं ।

8. ग्रामीण विकास

8.1 ग्रामीण विकास कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य (क) अधिक उत्पादन, (ख) अधिक रोजगार, (ग) ग्रामीणों को आय का समान वितरण, (घ) ग्रामीणों पर अधिक व्यय करना ताकि उनकी आर्थिक व सामाजिक हालत में सुधार हो सके । इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए वर्ष **1993-94** में निम्न राज्य तथा केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएं कार्यरत रहीं ।

सामुदायिक विकास कार्यक्रम

8.2 इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की सहायता से उनका एकीकृत विकास करना है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पंचायत समितियों को सामाजिक शिक्षा के अन्तर्गत प्राथमिक स्कूलों के निर्माण/मुरम्मत, सामान्य शिक्षा के भवन निर्माण, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रामीण क्रिड़ाओ इत्यादि को अनुदान देना है । इसके साथ-साथ कच्ची सड़कों व पगडण्डियों के निर्माण के लिए विकसित कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, कृषकों को प्रोत्साहित करना, सिंचाई व भूमि उद्धार, पीने के पानी की स्कीमों का निर्माण व मुरम्मत, स्वास्थ्य तथा स्वच्छता के लिए गलियों को ठीक कराना, सुधरी नसल के पशुओ व पक्षियों का वितरण विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण पा रहे ग्रामीण प्रशिक्षणार्थियों को वजीफा देना इत्यादि सम्बन्धी कार्यों के लिए पंचायत समितियों को अनुदान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त महिला/युवक मण्डलों की गतिविधियों को बढ़ावा देने व सुदृढ़ करने के लिये इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुदान दिया जाता है। इसके अलावा विकास खण्ड कार्यालय भवनों एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों के लिए आवास गृहों का निर्माण भी किया जाता है । चालू वित्त वर्ष **1993-94** के लिए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत **140.00** लाख रुपए की राशि का प्रावधान है ।

ग्रामीण शौचालय

8.3 इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदूषण को रोकना एवं ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य तथा स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वच्छ शौचालयों का निर्माण करना है । इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों, पंचायत घरों, बाजारों तथा मेलों में भी खाली जगह पर शौचालयों का निर्माण किया जाता है । वर्ष **1991-92** से इस योजना को व्यापक स्तर पर लागू किया गया है । इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थी परिवारों को सहायता प्रदान करने के तरीकों को संशोधित किया गया तथा सामान्य वर्ग के लोगों को **1,200** रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी तथा अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों तथा आई.आर.डी.पी. परिवारों को **1,500** रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी। वर्ष **1993-94** में इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लगभग **70,320** स्वच्छ शौचालयों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। दिसम्बर, **1993** तक **33,756** ऐसे शौचालयों का निर्माण किया जा

चुका है । इस योजना के अन्तर्गत 352.16 लाख रुपए व्यय किए जा चुके हैं ।

ग्रामीण आवास

8.4 ग्रामीण आवास योजना जिसे ट्रस्म टैनामिन्ट के रुप में जाना जाता है का उद्देश्य राजस्व विभाग द्वारा बेघर लोगों तथा अन्य लक्ष्य समूह के पात्र व्यक्तियों के लिए दो कमरों के मकान का निर्माण करना है । वर्ष 1993-94 में दिसम्बर,1993 तक 500 गृहों के निर्माण के लक्ष्य में से 155 मकानों का निर्माण किया जा चुका है । वर्ष 1993-94 के 50.00 लाख रुपए के उद्व्यय में से अभी तक 27.99 लाख रुपए व्यय किए जा चुके हैं ।

एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (आई.आर.डी.पी.)

8.5 यह कार्यक्रम केन्द्र द्वारा प्रायोजित है तथा इसका उद्देश्य लघु व सीमान्त किसानों, कृषि श्रमिकों, ग्रामीण कारीगरों तथा अन्य जो कि गरीबी रेखा के नीचे हैं, को ऊपर उठाना है । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गरीब लोगों को उत्पादक सम्पति एवं रोजगार देना तथा जहां आवश्यकता हो विभिन्न उपदानों एवं संस्थागत ऋणों की सहायता से कार्यपूंजी सहित आय उत्पादन सम्पति का प्रबन्ध करना है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत दिसम्बर,1993 तक 6,870 परिवारों को सहायता दी जा चुकी है । वर्ष 1993-94 के लिए 8,000 परिवारों का लक्ष्य रखा गया था । इस कार्यक्रम पर 248.19 लाख रुपए व्यय किए जा चुके हैं

स्वः रोजगार योजना के लिए ग्रामीण युवकों को प्रशिक्षण (ट्राईसम)

8.6 यह कार्यक्रम एकीकृत विकास कार्यक्रम का ही एक हिस्सा है तथा इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के 18-35 वर्ष तक की आयु वाले युवकों को कृषि तथा अन्य सम्बन्धित क्षेत्रों, उद्योग तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में स्वः रोजगार के लिए तकनीकी जानकारी देना है । इच्छुक ग्रामीण युवकों को विभिन्न सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों जैसे आई. टी. आई., सरकारी पोलिटैक्नीक तथा अन्य स्थानीय संस्थानों में मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाता है । प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को 150 रुपए से 350 रुपए प्रतिमास तक प्रशिक्षण पाने के लिए स्थानानुसार वजीफा दिया जाता है । इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण पूरा होने के उपरान्त एक टूल किट मुफ्त दी जाती है । दिसम्बर,1993 तक 449 युवकों को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है, 223 युवकों को बसाया गया तथा 169 युवकों को मजदूरी रोजगार दिया गया तथा इस पर 12.60 लाख रुपए व्यय किए जा चुके हैं ।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्रियों तथा बच्चों का उद्धार (डवाकरा)

8.7 यह कार्यक्रम भी राज्य में एकीकृत विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत चलाया जा रहा है । इसका मुख्य उद्देश्य चयनित परिवारों की महिलाओं को समूहों में संगठित करके उनकी इच्छानुसार आर्थिक गतिविधियों में शामिल किया जाना है ताकि उनकी आय में वृद्धि हो

सके । यह कार्यक्रम प्रदेश के बिलासपुर जिले को छोड़कर सभी जिलों में चलाया जा रहा है । 470 समूहों के लक्ष्य में से दिसम्बर,1993 तक 165 समूहों का गठन किया जा चुका है जिसमें 1,907 महिला सदस्य हैं तथा इन पर 21.93 लाख रुपए व्यय किए जा चुके हैं ।

जवाहर रोजगार योजना

8.8 राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना एवं ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी योजनाओं को सम्मिलित रुप देकर जवाहर रोजगार योजना को तैयार किया गया तथा पूरे देश भर में चलाया गया जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारों को भारी मात्रा में रोजगार अवसर प्रदान करना है और समाज के गरीब भाग को लाभान्वित करने के लिए सामुदायिक सम्पति का सृजन करना है । यह कार्यक्रम गांव में पंचायतों द्वारा चलाया गया जो कि पूरी योजना एवं कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए जिम्मेवार है । 33.73 लाख कार्य दिवस के लक्ष्य के उपरान्त दिसम्बर,1993 तक 21.70 लाख कार्य दिवस अर्जित किये गए। वर्ष 1993-94 के लिए कुल स्वीकृत धन राशि 1,107.26 लाख रुपए में से 843.16 लाख रुपये की धन राशि व्यय की जा चुकी है।

इन्दिरा आवास योजना

8.9 इन्दिरा आवास योजना के लिए वित्तीय साधन जवाहर रोजगार योजना के कुल आवंटन में से 6 प्रतिशत निर्धारित है । इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जनजातीय परिवार जो गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं, के लिए मकान बनाना है । स्वतंत्र हुए बन्धक मजदूरों को मकान देना भी इस योजना में शामिल है । लाभान्वित लोगों को मकान बनाने के लिए जिसमें स्वच्छ शौचालय एवं धुंआ रहित चूल्हे शामिल हैं 14,500 रुपयों की राशि प्रदान की गई । वर्ष 1993-94 के दौरान दिसम्बर,1993 तक 809 मकान बनाने के लक्ष्य की तुलना में 172 मकान बनाए गए तथा 312 मकानों का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं निर्मित/ बन रहे मकानों में कुल 40.01 लाख रुपयों की राशि खर्च हुई

धुंआ रहित चूल्हा कार्यक्रम

8.10 यह कार्यक्रम प्रदेश में केन्द्रीय सहायता से चलाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य इंधन बचत, वन कटाव को रोकना, प्रदूषण को रोकना तथा ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य को सुधारना है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों को प्रशिक्षण तथा जागरुकता देने के लिए राज्य स्तर, जिला स्तर तथा विकास खण्ड स्तर पर शिविर लगाए जाते हैं तथा उनके घरों में मुफ्त चूल्हा लगाया जाता है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयं रोजगार कार्यकर्ता चूल्हों के निर्माण के लिए लगाए जाते हैं। वर्ष 1993-94 के लिए निर्धारित 20,000 चूल्हों के निर्माण के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर,1993 तक 16,022 चूल्हों का निर्माण किया जा चुका है तथा इस योजना के अन्तर्गत 5.48 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं ।

मरुस्थल विकास कार्यक्रम

8.11 यह कार्यक्रम प्रदेश में लाहौल-स्पिति जिले के स्पिति उप-मण्डल तथा जिला किन्नौर के पूह उप-मण्डल में केन्द्रीय सहायता द्वारा चलाया जा रहा है । इस कार्यक्रम का उद्देश्य ठण्डे मरुस्थल क्षेत्रों का एकीकृत विकास करना है, जिसमें मुख्यत: उत्पादकता, आय स्तर बढ़ाना तथा इन क्षेत्रों के लोगों को रोजगार अवसर प्रदान करना है । इस योजना के अन्तर्गत बढ़ते हुए मरुस्थल को और खराब होने से रोकना है । वर्ष **1993-94** में विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत **300.00** लाख रुपए की धनराशि का प्रावधान है । नवम्बर,**1993** तक **149.96** लाख रुपये व्यय किये जा चुके हैं।

केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम

8.12 यह कार्यक्रम चालू वितीय वर्ष से संशोधित नीति के अनुसार आरम्भ किया गया । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत केवल उन्ही लाभार्थियों को सहायता प्रदान की जाती है जो गरीबी की रेखा से नीचे हों तथा पात्र लाभार्थियों को **1,500** रुपये प्रति शौचालय दिए जा रहे हैं। वर्ष **1993-94** में **4,680** शौचालयों के निर्माण के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर,**1993** तक **315** स्वच्छ शौचालय बनाये गए हैं तथा वर्ष **1993-94** के **26.28** लाख रुपये के लक्ष्य की तुलना में अभी तक **4.26** लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं ।

सुनिश्चित रोजगार गारंटी योजना

8.13 ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को एक नई योजना के अन्तर्गत विकास खण्डों में रहने वाले ग्रामीण गरीबों को संशोधित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत लाया जाएगा । यह योजना राज्य के जनजातीय क्षेत्रों के सभी **7** खण्डों में चलाई जाएगी। इस योजना का व्यय केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा **80:20** के अनुपात में किया जाएगा । इस योजना का उद्देश्य कृषि मौसम में लगभग **100** दिनों के लिये सुनिश्चित आकस्मिक श्रमिक रोजगार को 8 घंटे के कार्य के लिये न्यूनतम मजदूरी देना है । वर्ष **1993-94** में भारत सरकार द्वारा **35.00** लाख रुपये लगभग **1.75** लाख दिहाड़ीदार मजदूरों के लिये दिए गए ।

गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे ग्रामीण दस्तकारों को सुधरे औजार

8.14 यह योजना वर्ष **1992-93** में कांगड़ा जिले में केन्द्रीय सहायता से चलाई गई जिसका उद्देश्य प्रत्येक लाभार्थी को **2,000** रुपये के सुधरे औजारों का किट देना है, जिसमें लाभार्थी का **200** रुपये का अंशदान भी सम्मिलित है । चालू वित वर्ष में यह योजना ऊना, हमीरपुर तथा चम्बा जिलों में शुरू की गई । वर्ष **1993-94** में भारत सरकार ने इन जिलों में गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे **1,479** ग्रामीण दस्तकारों को सुधरे औजार देने के लिये **26.22** लाख रुपये उपलब्ध करवाए । दिसम्बर,**1993** तक **1,908** औजार किट दिए जा चुके हैं

परती भूमि विकास योजना

8.15 यह शत प्रतिशत केन्द्रीय प्रायोजित योजना प्रदेश के हमीरपुर तथा कांगड़ा जिलों में चलाई जा रही है । इस योजना के अन्तर्गत परती भूमि का सदुपयोग करना तथा इस पर जलाने की लकड़ी के पेड़ तथा पशुओं के चारे आदि के वृक्ष लगाना शामिल हैं । वर्ष **1993-94** में सितम्बर, **1993** तक **96.69** लाख हैक्टेयर भूमि को इस योजना के अन्तर्गत लाया जा चुका है तथा **9.04** लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं ।

9. भाव की स्थिति

9.1 वर्ष **1992-93** में मुद्रा स्फीति अधिकतर आम पुरुषों व महिलाओं के लिये अधिक गम्भीर समस्या थी, विशेषत: खाद्य पदार्थों की मुद्रा स्फीति की दर समस्त वस्तुओं में बहुत अधिक रही । वर्ष **1993-94** के दौरान मुद्रा स्फीति की दर में धीरे-2 कमी आने से स्थिति में सुधार आया। थोक मूल्य सूचकांक (आधार **1981-82=100**) में वृद्धि की दर में जोकि बिंदुवार आधार पर वर्ष **1992-93** में **7.0** प्रतिशत थी, वर्ष **1991-92** में **13.6** प्रतिशत तथा वर्ष **1990-91** में **12.1** प्रतिशत थी । बिन्दुवार आधार पर चालू वित वर्ष **1993-94** (**29** जनवरी तक) में थोक मूल्य सूचकांक **7.7** प्रतिशत था जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह **6.5** प्रतिशत था ।

9.2 पिछले कुछ वर्षों के थोक मूल्य सूचकांक निम्न सारणी में दिए गए हैं:-

थोक मूल्य सूचकांक (आधार **1981-82=100**)

वर्ष	थोक मूल्य सूचकांक	
	अन्तिम सप्ताह	सप्ताहों की औसत
1.	2.	3.
1984-85	121.8	120.1
1985-86	127.7	125.4
1986-87	134.2	132.7
1987-88	148.5	143.6
1988-89	156.9	154.3
1989-90	171.1	165.7
1990-91	191.8	182.7
1991-92	217.8	207.8
1992-93	233.1	228.7
1993-94 (30.1.93)	232.1	227.8
1993-94 (29.1.94)	251.1	244.5

9.3 पिछले चार वर्षों का माहवार थोक मूल्य सूचकांक निम्न सारणी में दर्शाया गया है:-

थोक मूल्य सूचकांक (आधार: 1981-82=100)

मास	1990-91	1991-92	1992-93	1993-94
1.	2.	3.	4.	5.
अप्रैल	172.8	192.8	219.5	234.6
मई	174.3	194.8	221.6	237.0
जून	176.9	198.4	224.1	239.8
जुलाई	179.3	202.8	226.6	239.7
अगस्त	180.2	209.2	228.8	243.5
सितम्बर	180.9	210.4	230.7	247.8(अ)
अक्तूबर	183.3	210.2	232.4	249.8(अ)
नवम्बर	185.1	212.4	231.4	251.3(अ)
दिसम्बर	186.6	213.2	231.4	250.3(अ)
जनवरी	189.6	215.3	231.6	250.7(अ)
फरवरी	191.6	216.4	232.8	
मार्च	191.7	217.7	233.1	
औसत	182.7	207.8	228.7	
औसत अप्रैल से जनवरी	180.9 (26.1.91)	206.0 (25.1.92)	227.8 (30.1.93)	244.5 (29.1.94)

अ = अस्थाई

9.4 विकास की प्रगति तथा प्रगति के लाभों के बराबर में बंटने के लिए किमतों में स्थिरता जरूरी है । मुद्रा-स्फीति का सर्वाधिक प्रभाव गरीब वर्ग के लोगों पर पड़ता है इस का प्रभाव वित्तीय साधनों के जुटाने पर भी पड़ता है । वित्तीय घाटे में कठोर नियंत्रण, आयात में ढील देना, कड़ी मुद्रा स्फीति, गेहूं तथा चावल के आयात द्वारा घरेलू स्टाक में वृद्धि तथा औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने के लिये आयात में रियायत जैसे मुख्य कारणों से वर्ष के दौरान मुद्रा स्फीति को स्थिर रखने में सहायता मिली ।

9.5 हिमाचल प्रदेश में भाव की स्थिति पर निरन्तर निगरानी के कारण कीमतों में बढ़ौतरी नहीं होने दी गई । ऐसा खाद्य

मूल्य सूचकांक

थोक मूल्य सूचकांक 1981-82=100



उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 1982 = 100



एवं आपूर्ति विभाग के द्वारा प्रदेश में भाव पर निगरानी व आवश्यक वस्तुओं के वितरण के लिए 3,438 उचित मूल्य की दुकानों से सम्भव हुआ । इसके साथ-साथ जमाखोरी, मुनाफाखोरी तथा अन्य अनाचारों द्वारा आवश्यक उपभोग की वस्तुओं की बिक्री तथा वितरण पर निगरानी रखने के लिए प्रदेश सरकार ने कई आदेशों/अधिनियमों को कड़ाई से लागू किया है । वर्ष के दौरान नियमित साप्ताहिक प्रणाली द्वारा आवश्यक वस्तुओं के भावों का अनुश्रवण करना जारी रखा ताकि भावों में अनुचित बढ़ौतरी को समय पर रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकें ।

10. नागरिक आपूर्ति एवं सामाजिक सेवाएं

10.1 वर्ष **1993-94** में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अधिक सक्रीय की गई । प्रचलित वर्ष में सार्वजनिक वितरण के माध्यम से खाद्यान्नों के अतिरिक्त नियन्त्रित वस्तुए जैसे लेवी चीनी, नियन्त्रित कपड़ा और खाद्य तेल, दालें, नमक, चाय की पत्ती, अभ्यास पुस्तिकाएं, लेखन सामग्री तथा मिट्टी का तेल आदि जनता को उपलब्ध करवाई गई ।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली

10.2 विभिन्न स्त्रोतों तथा केन्द्रीय गोदामों से आवश्यक वस्तुएं खरीद कर और सार्वजनिक वितरण की उचित मूल्य की दुकानों पर ये वस्तुएं जनता को उपलब्ध करवाने के लिए "हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम" की स्थापना की गई है । निगम आवश्यक वस्तुओं के वितरण का कार्य **3,438** उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से करता है। इन **3,438** उचित मूल्य की दुकानों में से **2,693** उचित मूल्य की दुकानें सहकारिता क्षेत्र में, **557** दुकानें वैयक्तिक तौर पर, **63** दुकानें पंचायतों द्वारा तथा **125** दुकानें हिमाचल प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा दिसम्बर, **1993** तक चलाई जा रही थी । जनवरी से नवम्बर, **1993** तक राज्य आपूर्ति निगम का विक्रय **96.93** करोड़ रुपए हो गया ।

भण्डारण एवं परिरक्षण

10.3 सरकारी खाद्यान्नों और अन्य आवश्यक वस्तुओं के भण्डारण के लिए प्रदेश के विभिन्न स्थानों में **43** गोदाम **12,650** टन भण्डारण क्षमता के बनाए गए हैं । इसके अतिरिक्त नवम्बर, **1993** तक **5,119** टन क्षमता के गोदाम निजी क्षेत्र से किराए पर लिए गए हैं । प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने भी **5,650** टन भण्डारण क्षमता के गोदाम भारतीय खाद्य निगम और हिमाचल प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम को किराए पर दिए हैं । **16** गोदाम जिनकी क्षमता **2,500** टन है, निर्माणाधीन है।

लेवी चीनी

10.4 भारत सरकार प्रदेश में कार्ड होल्डरों को वितरण के लिए मासान्यत: **2,120** टन लेवी चीनी प्रतिमाह देती है। परन्तु कई बार महत्वपूर्ण त्योहारों जैसे दिवाली व दशहरा पर केन्द्र सरकार राज्य के कोटे में अक्तूबर व नवम्बर मास में **304** टन की वृद्धि कर देती है । प्रदेश में उपभोक्ताओं को **400** ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिमाह लेवी चीनी **8.30** रुपए प्रति किलोग्राम के भाव से उपलब्ध कराई गई । इसके लिए वर्ष **1993-94** में **1.50** करोड़ रुपए का अनुदान के रुप में प्रावधान किया है।

खाने का तेल

10.5 रेपसीड व पाम नामक खाद्य तेल उपभोक्ताओं को **2**

किलो प्रति माह प्रति राशन कार्ड 5 सदस्यों के लिए तथा 3 किलो प्रति राशन कार्ड 5 से अधिक सदस्यों के लिए उचित मूल्य की दुकानों द्वारा उपलब्ध करवाया जाता रहा । वर्ष 1993 में भारत सरकार ने 800 टन खाने के तेलों का आवंटन किया ।

नियन्त्रित कपड़ा

10.6 वर्ष 1993 में भारत सरकार ने 20.50 लाख मीटर नियन्त्रित कपड़ा जनता में वितरण हेतु प्रदेश सरकार को दिया । नागरिक आपूर्ति निगम ने भी उचित मूल्य की अपनी दुकानों द्वारा आम अनियन्त्रित कपड़ा उपलब्ध करवाया। वर्ष 1993 के दौरान नवम्बर,1993 तक 5.62 लाख मीटर नियन्त्रित कपड़ा उचित मूल्य की दुकानों ने वितरित किया ।

आयोडीन युक्त नमक

10.7 नमक सीधे डीलरों द्वारा मांगानुसार प्राप्त कर लिया जाता है। वर्ष 1993-94 में दुर्गम एवं दूर दराज के क्षेत्रों के लिए 3.50 लाख रुपए परिवहन अनुदान के लिए खर्च होने की सम्भावना है ।

तरल पैट्रोलियम गैस

10.8 वर्ष 1993-94 में 54 गैस एजैन्सियां बिलासपुर, चम्बा, डलहौजी, हमीरपुर, धर्मशाला, पालमपुर, नगरोटा बगवां, नूरपुर, कुल्लू, केलांग, मण्डी, सुन्दरनगर, करसोग, जोगिन्द्रनगर, शिमला, रोहड़ू, रामपुर, ठियोग, नाहन, पांवटा साहिब, सोलन, परवाणु, कसौली, नालागढ़, ऊना, सराज, चिओ, बनीखेत, योल-कैंट, देहरा, कांगड़ा, अम्ब, नारकण्डा, सुन्नी, बड़सर, काजा, पूह, शाहपुर, सरकाघाट, भाकड़ी, सबाथू तथा अर्की में कार्यरत थी । इसके अतिरिक्त 10 और गैस एजैन्सियां शीघ्र ही कार्य करना शुरु कर देंगी।

डीजल, पैट्रोल तथा मिट्टी का तेल

10.9 इस समय प्रदेश में 78 पैट्रोल और डीजल पम्प कार्यरत हैं । इसके अतिरिक्त वर्ष 1993 के दौरान दूर-दराज के क्षेत्रों में मिट्टी का तेल उपलब्ध करवाने हेतु 6 टी.के.डी. चिओ, शमशी, कारगाह (केलांग), चम्बा, काजा और पठानकोट में कार्यरत हैं । वर्ष 1993 में भारत सरकार ने 48,396 किलोलिटर मिट्टी के तेल का आवंटन किया । वर्ष 1993-94 में शिमला जिले के डोडरा क्वार तथा चम्बा जिले के लिए क्रमश: 0.40 लाख तथा 2.00 लाख रुपए अनुदान के रुप में खर्च किए जाएंगे ।

दुर्गम एवं दूर-दराज के क्षेत्रों को अनुदान

10.10 वर्ष 1993 में सरकार प्रदेश के दूर-दराज दुर्गम और पिछड़े क्षेत्रों में जनता को गेहूं अनुदान मूल्य पर उपलब्ध करवाती रही । सरकार ने एकीकृत जन विकास परियोजना क्षेत्रों को गेहूं 305 रुपए प्रति क्विंटल तथा 330 रुपये प्रति क्विंटल अनुदान क्षेत्रों में और अन्य

क्षेत्रों में 357 रुपए प्रति क्विंटल की दर से जनता को दिया । गेहूं का आटा भी प्रदेश के आई.टी.डी.पी. क्षेत्रों तथा अनुदान प्राप्त क्षेत्रों में 386 रुपए प्रति क्विंटल और अन्य क्षेत्रों में 398 रुपए प्रति क्विंटल की दर से उपलब्ध करवा रही है । इसके अतिरिक्त शिमला जिले के डोडरा क्वार क्षेत्र तथा पन्द्रह बीस क्षेत्र, कुल्लू जिले के सरघा तथा कुशवा क्षेत्र, सोलन जिले के बैरल व मंगल पचांयतें तथा कांगड़ा जिले के बड़ा-भंगाल क्षेत्रों में भी चावल बांटा गया । इन क्षेत्रों में 10 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक परिवहन भाड़ा सरकार ने अनुदान के रूप में वहन किया ।

छात्रों को विशेष सुविधाएं

10.11 बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को सार्वजनिक प्रणाली के अन्तर्गत जनता को दिए जाने वाले मूल्य से 35 रुपए प्रति क्विंटल कम दर से गेहूं का आटा और चावल दिए गए ।

10.12 आवश्यक वस्तुओं की बिक्री तथा वितरण में जमाखोरी व काला बाजारी को रोकने के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न आदेशों व अधिनियमों को सख्ती से पालन कर रही है । वर्ष 1993 में नवम्बर, 1993 तक 28,740 निरिक्षण व छापे मारे गए, 9 मामले दर्ज किए गए, 366 व्यक्तियों को लिखित चेतावनी दी गई और 23 व्यक्तियों को विभागीय कार्यवाही के अधीन दण्ड दिया गया । 66,887 रुपए की धरोहर जब्त की गई ।

पेयजल

10.13 वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार प्रदेश में 16,807 आवाद गांव हैं जिनमें से 11,887 समस्या गांव तथा 4,920 सुगम गांव घोषित हैं । 31 मार्च,1985 तक 12,634 गांवों (8,348 समस्या गांव तथा 4,286 सुगम गांव) को पेयजल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा चुकी हैं । सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 2,621 गांवों (2,432 समस्या गांव तथा 189 सुगम गांव) को पेय जल दिया गया । वर्ष 1991-92 के दौरान 425 गांवों(374 समस्या गांव तथा 51 सुगम गांव) को पेयजल दिया गया। वर्ष 1992-93 में 703 गांवों को पेयजल उपलब्ध करवाया गया । वर्ष 1993-94 के दौरान 270 गांवों (74 शेष गांवों तथा 196 आंशिक रूप से लाये गए) को पेयजल उपलब्ध करवाने का लक्ष्य है । इसके अतिरिक्त 1000 इंडिया मार्क III हैण्ड पाम्पस लगाने का लक्ष्य है। दिसम्बर,1993 तक 370 आंशिक रूप से लाये गए गांवों और बस्तियों को पेयजल सुविधा प्रदान की जा चुकी है । इसके लिये 39 करोड़ रुपये की राज्य क्षेत्र में तथा 8.24 करोड़ रुपये केन्द्रीय क्षेत्र में ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रावधान है ।

10.14 यद्यपि प्रदेश के सभी नगरों में पेयजल योजनाएं कार्यरत हैं

परन्तु इन शहरों की पेयजल प्रणालियां बहुत पुरानी तथा वर्तमान आवश्यकताओं को पूर्ण करने में अपर्याप्त हैं । विकास की अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए **9.20** करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है जो कि वर्ष के अन्त तक पूरा खर्च कर दिया जाएगा । वर्ष **1993-94** में मल प्रवाह पद्धति के लिए **5.30** करोड़ रुपए का प्रावधान है ।

शिक्षा

10.15 हिमाचल प्रदेश में **1991** की जनगणना के अनुसार साक्षरता दर **63.54** है। राज्य में पुरुषों व स्त्रियों की साक्षरता दर में भी काफी अन्तर है । पुरुषों की **74.57** प्रतिशत साक्षरता दर की तुलना में स्त्रियों की साक्षरता दर **52.46** प्रतिशत है ।

प्राथमिक पाठशालाएं

10.16 वर्ष **1993-94** में प्रदेश में दिसम्बर, **1993** तक **7,548** सरकारी प्राथमिक पाठशालाएं कार्य कर रही थीं। वर्ष **1993-94** के दौरान अपने कार्य को सराहनीय ढंग से निष्पादित करने के लिए **2** जे.बी.टी. अध्यापकों को राष्ट्रीय पुरस्कार तथा **4** जे.बी.टी. अध्यापकों को राज्य स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

माध्यमिक पाठशालाएं

10.17 वर्ष **1991-92** में **1,067** माध्यमिक पाठशालाएं कार्यरत थीं। वर्ष **1993-94** में **5** प्राथमिक पाठशालाओं का स्तर बढ़ाकर माध्यमिक पाठशाला करने के लिये नोटिफाई किया गया । अभी कुल **45** प्राथमिक पाठशालाओं में से जो माध्यमिक पाठशालाएं अधिसूचित की गई थीं वर्ष **1993-94** में **20** माध्यमिक पाठशालायें ही कार्य कर रहीं हैं ।

उच्च/वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा

10.18 वर्ष **1991-92** में **1,142** उच्च/वरिष्ठ पाठशालाएं कार्य कर रही थीं। वर्ष **1993-94** में **4** माध्यमिक पाठशालाएं उच्च पाठशालाएं बनाने के लिये अधिसूचित की गई। अभी तक कुल **43** माध्यमिक पाठशालाएं उच्च पाठशाला के लिये अधिसूचित की गई हैं जिनमें से वर्ष **1993-94** में **20** उच्च पाठशालाएं कार्य कर रही हैं । इसके अतिरिक्त वर्ष **1993-94** में **10** उच्च पाठशालाओं को वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनाने के लिए अधिसूचित किया । अभी तक कुल **39** पाठशालाएं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के लिये अधिसूचित की गई हैं जिनमें से वर्ष **1993-94** में **20** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं को शुरू किया गया। इसके अतिरिक्त मन्डप तथा लडभड़ोल की वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं को भवन निर्माण के लिये **30.00** लाख रुपये दिए गए ।

विश्वविद्यालय तथा उच्चतर शिक्षा

10.19 इस योजना के अन्तर्गत वर्ष **1993-94** में **6**

महाविद्यालय रिकांगपिओ, घुमारवीं, अर्की, जोगिन्द्रनगर, करसोग तथा चुवाड़ी शुरू करने के लिये अधिसूचित किए गए । करसोग तथा जोगिन्द्रनगर महाविद्यालय के भवन के निर्माण के लिये **50** लाख रुपये प्रति महाविद्यालय दिए गए । इसके अतिरिक्त वर्ष **1993-94** में **103** अतिरिक्त लैक्चरारों के पद सृजित किए गए । इस योजना के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को **664.45** लाख रुपए सहायता अनुदान गैर-योजना बजट में दिए गए ।

विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा

10.20 वर्ष **1993-94** में इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा से सम्बन्धित **5** केन्द्रों में शिक्षा का कार्यक्रम जारी रहा । विकलांग बच्चों के लिए यह सुविधा शिमला, नाहन, धर्मशाला व चम्बा में उपलब्ध है ।

व्यवसायिक शिक्षा

10.21 प्लस दो प्रणाली में व्यवसायिक शिक्षा का लागू करना नई शिक्षा प्रणाली का ही एक भाग है, व्यवसायिक शिक्षा **25** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में आरम्भ की गई हैं ।

वैज्ञानिक शिक्षा का सुधार

10.22 वर्ष **1993-94** में इस योजना के अन्तर्गत **160.00** लाख रुपये की स्वीकृति से (i) माध्यमिक स्कूलों को विज्ञान किट देना, (ii) उच्च तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों की **207** विज्ञान प्रयोगशालाओं में सुधार, (iii) **207** वरिष्ठ उच्चतर पाठशालाओं को विज्ञान पुस्तकें देने, तथा (iv) विज्ञान शिक्षकों को सर्विस में प्रशिक्षण दिया गया ।

मुफ्त छात्रावास

10.23 दूर दराज व पिछड़े क्षेत्रों में मुफ्त छात्रावास की सुविधा से शिक्षा के व्यापक प्रसार व बच्चों का स्कूलों से लगाव में बहुत सहायता मिली है । वर्ष **1993-94** में ऐसे **22** नि:शुल्क छात्रावास कार्यरत थे जहां नि:शुल्क आवास व भोजन सुविधा के अतिरिक्त प्रत्येक छात्र को **100** रुपए की वार्षिक सहायता पुस्तकें व सम्बन्धित सामग्री खरीदने के लिए भी दी जाती हैं ।

छात्रवृतियां

10.24 विभिन्न स्तर पर छात्रवृतियों के प्रोत्साहन हेतु **330.79** लाख रुपए का प्रावधान है । वर्ष **1992-93** में **69,792** छात्र लाभान्वित होने का अनुमान है ।

अध्यापकों को प्रशिक्षण

10.25 शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत **6** जे.बी.टी. स्कूल कार्यरत हैं । इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय व धर्मशाला के शिक्षा महाविद्यालय में केवल विज्ञान विषयों में बी. एड. का प्रशिक्षण भी दिया जाता रहा ।

अध्यापकों को राष्ट्रीय तथा राज्य पुरस्कार

10.26 वर्ष 1993-94 में 4 अध्यापकों को उनके श्रेष्ठ कार्य तथा व्यवसाय के प्रति निष्ठा के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त चालू वर्ष में 10 अध्यापकों को राज्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया ।

10.27 वर्ष 1992-93 में गैर सरकारी विभिन्न संस्थाओं को 257.20 लाख रुपए सहायता अनुदान के रूप में दिए गए ।

तकनीकी शिक्षा

10.28 प्रदेश में इस समय 5 बहुतकनीकी संस्थान, एक लघु तकनीकी पाठशाला जो कि अब उन्नत करके बहुतकनीकी संस्थान कर दिया है, 17 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिनमें एक संस्थान विकलांग व्यक्तियों के लिए सम्मिलित है तथा 15 प्रशिक्षण संस्थान स्त्रियों के लिए कार्यरत हैं । इन बहुतकनीकी संस्थानों में 3 वर्षीय सिविल इन्जीनियरिंग, मकैनिकल, इलैक्ट्रीकल, आटोमोबाईल, वास्तुकला इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रौनिक्स तथा कम्युनिकेशन का पाठ्यक्रम प्रशिक्षण दिया जाता है । कम्प्यूटर में पोस्ट डिप्लोमा कोर्स जनवरी, 1990 से राजकीय पोलिटैकनिक हमीरपुर व स्त्रियों के लिए पोलिटैकनिक कण्डाघाट में प्रारम्भ किया गया । लघु तकनीकी पाठशाला कांगड़ा में छात्रों को बढ़ईगिरी, यन्त्र सम्बन्धी प्रशिक्षण, फिटिंग वैल्डिंग, लोहे के औजार व नमूने बनाने आदि में प्रशिक्षण दिया जाता है । औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में इंजीनियरिंग व नॉन इंजीनियरिंग शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत इन ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाता है। एक क्षेत्रीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय हमीरपुर में 1986-87 से कार्यरत है ।।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

10.29 हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के माध्यम से जन स्वास्थ्य, विभिन्न बिमारियों की रोकथाम, स्वास्थ्य शिक्षा, परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की अमूल्य सेवाएं सम्मिलित हैं, 39 असैनिक चिकित्सालय, 22 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 17 ग्रामीण चिकित्सालयों (उत्थान्नित प्रा. स्वा. केन्द्र), 206 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 178 औषधालयों तथा 1,852 उपकेन्द्रों और 46 मातृ एवम् शिशु स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से प्रदान की जा रही है। वर्ष 1993-94 के दौरान राज्य में विभिन्न स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण गतिविधियों का विवरण निम्न प्रकार से है:-

(1) ग्रामीण स्वास्थ्य योजना:- इस योजना के अन्तर्गत राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर रहे हैं तथा ये गाईड मलेरिया निरीक्षण परिवार कल्याण तथा प्रतिरक्षण की गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं ।

(2) राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम:- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 2,474 बुखार ईलाज डिपो, 4,712 औषधि

वितरण केन्द्र, 165 मलेरिया उपचारालय कार्य कर रहे हैं। वर्ष 1993 के माह नवम्बर तक इस कार्य के अन्तर्गत 6,19,282 रक्त स्लाईड एकत्रित की गई। इनमें से 6,13,875 की जांच की गई और 3,995 अनुकूल पाई गई ।

(3) कुष्ठ नियन्त्रण कार्यक्रम:- यह कार्यक्रम प्रदेश में 6 कुष्ठ चिकित्सालयों, 76 पारिणाह क्लीनिक तथा 15 सर्वेक्षण तथा शिक्षा उपचार केन्द्रों में चलाया जा रहा है । इसके साथ इन्दिरा गान्धी मैडिकल कालिज शिमला में 20 बिस्तरों वाला वार्ड कार्यरत हैं। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1993-94 के 200 मामलों के लक्ष्य में से दिसबर,1993 तक 145 नए मामलों का पता लगाया गया तथा 646 मामले सम्पन्न किए गए ।

(4) एस.टी.डी. नियन्त्रण कार्यक्रम:- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में 71 एस.टी.डी. संस्थाएं हैं जिनमें से अधिकतर जनजातीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं । वर्ष 1993 में नवम्बर,1993 तक एस.टी.डी. के 1,058 मामलों का उपचार किया गया। इसके अतिरिक्त 52,526 रक्त के नमूने सीफिलिस रोग की जांच के लिए आए जिनमें से 337 मामले अनुकूल पाए गए ।

(5) राष्ट्रीय क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम:- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में 2 क्षय रोग चिकित्सालय, 11 जिला क्षय रोग क्लीनिक, 1 क्षय रोग क्लीनिक, 6 क्षय रोग उप क्लीनिक तथा 1 सर्वेक्षण एवं अधिवास उपचार केन्द्र जिनमें 713 बिस्तरों का प्रावधान है, कार्यरत हैं । दिसम्बर,1993 तक 13,812 नए रोगियों का पता लगाया गया जिनमें इस बिमारी के लक्षण अनुकूल पाए गए तथा 35,237 व्यक्तियों के थूक की जांच की गई।

(6) बी.सी.जी कार्यक्रम:- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1993-94 में 1,36,170 टीके लगाने का लक्ष्य है तथा दिसम्बर,1993 तक 95,412 टीके लगाए गए ।

(7) अन्धेपन से बचाने का राष्ट्रीय कार्यक्रम:- वर्ष 1993-94 में 14,500 कैटरेक्ट आप्रेशन करने का लक्ष्य था जिसके अन्तर्गत दिसम्बर,1993 तक 5,183 कैटरेक्ट आप्रेशन किए गए ।

(8) राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम:- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 40,000 बन्धयकरण और 60,000 लूप निवेश के लक्ष्य में से दिसम्बर,1993 तक क्रमश: 19,809 बन्धयकरण तथा 31,460 लूप निवेश किए गए। इसके

अतिरिक्त 89,000 तथा 31,000 के लक्ष्य में दिसम्बर,1993 तक 77,072 सी.सी. प्रयोगकर्ता तथ 17,483 ओ.पी. प्रयोगकर्ता नामांकित किए गए । सरकार ने छोटा परिवार अपनाने वालों को तथा संस्थाओं को इस कार्यक्रम को। प्रदेश में लोकप्रिय बनाने हेतु कई प्रोत्साहन दिए । §9§ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा विस्तारित प्रतिरक्षण कार्यक्रम:- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को टी.टी. और छोटे बच्चों को डी.पी.टी., पोलियो, बी.सी.जी. व मीजल के टीके लगाए गए । दिसम्बर,1993 तक की उपलब्धियां तथा 1993-94 के लक्ष्य नीचे दिए गए हैं :-

मद	लक्ष्य 1993-94	उपलब्धियां दिसम्बर, 1993 तक
1.	2.	3.
1. टी.टी. §गर्भवती माताए§	1,50,120	82,999
2. डी.पी.टी.	1,36,170	94,847
3. पोलियो	1,36,170	95,043
4. बी.सी.जी.	1,36,170	95,412
5. मीजल	1,36,170	86,947
6. डी.टी. § 5 वर्ष§	1,08,023	1,11,592
7. टी.टी. §10 वर्ष§	99,021	93,334
8. टी.टी. §16 वर्ष§	99,021	60,584
9. माताओं को आर्यन,फोलिक ऐसिड	1,50,120	1,47,921
10. विटामिन ए की कमी से अन्धेपन से मुक्ति : बच्चे	2,67,730	1,53,702

§10§ स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम: इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूली बच्चों की चिकित्सा जांच की जाती है और रोगग्रस्त बच्चों को नजदीक वाली स्वास्थ्य संस्थाओं में उपचार के लिए भेज दिया जाता है । बच्चों को टाइफाईड तथा टी.टी. के टीके भी लगाए जाते हैं ।

§11§ आयुर्विज्ञान महाविद्यालय:- वर्ष 1993-94 में इन्दिरा गान्धी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय में 65 विद्यार्थियों की क्षमता रही । अध्ययन तथा प्रशिक्षण के उद्देश्य से इन्दिरा

गांधी अस्पताल तथा कमला नेहरू अस्पताल इससे सम्बन्धित हैं। इस महाविद्यालय के खुलने से औषधि, शल्य क्रिया, स्त्री रोग व प्रसूति क्षेत्र विज्ञान, रति रोग विज्ञान, दन्त चिकित्सा, आंख नाक व गला चिकित्सा, विकृशा विज्ञान, जीव भौतिक विज्ञान, कार्डियोलॉजी, रेडियोथिरेपी, न्यूरोलॉजी तथा न्यूरोसर्जरी इत्यादि में आम जनता को विशिष्ट सेवाएं उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय नर्सों, रेडियोग्राफर्स, औषधलमिक सहायक ओ.टी.ए. प्रयोगशाला तकनीकी, फार्मेसिस्ट, दन्त, हाईजिनिस्टस को प्रदेश के औषधालयों व चिकित्सालयों की जरूरतों को मध्यनजर रखते हुए प्रशिक्षण भी देता है । इसके अतिरिक्त आयुविज्ञान महाविद्यालय ग्रामीण तथा कठिन क्षेत्रों के लोगों के लिए **50** बिस्तरों वाला चलता-फिरता अस्पताल चला रहा है तथा इन्टर्नल व प्रशिक्षण ले रही नर्सों को बेहतर क्षेत्रीय प्रशिक्षण दे रहा है ।

आयुर्वेद

10.30 हिमाचल प्रदेश में जनता को भारतीय चिकित्सा पद्धति तथा होम्योपैथिक द्वारा सुविधाएं प्रदान करने के लिए **2** क्षेत्रीय अस्पताल, **2** वृत अस्पताल, **1** जनजातीय अस्पताल, **7** जिला अस्पताल, एक नेचर क्योर यूनिट, **522** आयुर्वेदिक औषधालय, **3** यूनानी औषधालय तथा **2** होम्योपैथिक औषधालय कार्यरत हैं । वर्ष **1992-93** में इन संस्थाओं में **40,276** अन्तरंग व **33,35,793** बाह्य रोगियों का ईलाज किया गया । इसके अतिरिक्त **2** आयुर्वेदिक फार्मेसियां शास्त्रोक्त दवाईयां तैयार कर राजकीय आयुर्वेदिक अस्पतालों व औषधालयों को भेजती रही। इन फार्मेसियों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के प्रयत्न किए जा रहे हैं । वर्ष **1992** में इन फार्मेसियों में **115** क्लासिकल औषधियां बनाई गई। इसके साथ ही जोगिन्दरनगर में एक अनुसंधान संस्थान कार्यरत है । कांगड़ा जिले के पपरोला में बी.ए.एम.एस. उपाधियों और आयुर्वेदिक शिक्षा देने के लिए एक आयुर्वेदिक महाविद्यालय भी कार्य कर रहा है जिसकी क्षमता **20** विद्यार्थी प्रति वर्ष हैं । औषधियों की भारतीय पद्धति का यह विभाग अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे मलेरिया उन्मूलन और परिवार कल्याण आदि में भी अपना सहयोग देता रहा है । आयुर्वेदिक संस्थाओं ने पात्र दम्पतियों को प्रेरित करने के लिए परिवार कल्याण शिविर लगाए तथा शल्यक्रिया वाले मामलों की देख रेख के लिए भी शिविर लगाए ।

पौषाहार कार्यक्रम

10.31 समाज तथा स्त्री विभाग द्वारा चलाए गए विशेष पौषाहार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य **6** वर्ष से छोटे बच्चों और गर्भवती तथा दूध पिलाने वाली माताओं को अनुपूरक पौष्टिक आहार प्रदान करना है । इस

कार्यक्रम से इस वर्ष 1,35,000 बच्चे व 30,000 गर्भवती तथा दूध पिलाने वाली माताओं को लाभ पहुंचाने की आशा है । इस पौष्टिक आहार की लागत 95 पैसे प्रति दिन प्रति बच्चा तथा 1.15 रुपए प्रतिदिन प्रति माता है । इसके अतिरिक्त भारत सरकार प्रदेश के लिए वर्ष 1993-94 तक 36 एकीकृत बाल विकास सेवाएं (आई.सी.डी.एस.) परियोजना स्वीकृत कर चुकी थी । इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य 0-6 साल तक के बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करना, उनके स्वास्थ्य स्तर को उन्नत करना और उनके विकसित मानसिक व सामाजिक जीवन की वृद्ध नींव रखना तथा इसके साथ ही मृत्यु दर को कम करना और स्कूलों के प्रति बच्चों का लगाव पैदा करना है तथा बच्चों के विकास के लिए विभिन्न विभागों के तालमेल से एक प्रभावी नीति बनाना तथा उसे कार्यान्वित करना हैं। उन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए 6 सेवाएं जैसे प्रतिरक्षण, प्रतिपूरक पौषाहार, स्वास्थ्य की देखभाल रैफरल सेवाएं स्वास्थ्य तथा पौषाहार शिक्षा तथा नान-फार्मल प्री स्कूल शिक्षा कार्यरत हैं । इस वित्तीय वर्ष के अन्त तक योजना के अन्तर्गत लगभग 1.35 लाख बच्चों 0.35 लाख माताओं को लाभ होने की आशा है ।

समाज कल्याण एवं पिछड़े वर्गों का कल्याण

10.32 समाज एवं महिला कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश का लक्ष्य अनुसूचित जाति/जनजाति व अन्य पिछड़े वर्गों, वृद्धों एवं बेसहारा, शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों, महिलाओं, विधवाओं तथा बेसहारा महिलाएं जो नैतिक खतरे में हों, उनकी सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति करना है। सामाजिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं:-

समाज कल्याण

10.33 इस योजना के अन्तर्गत उन व्यक्तियों को पैंशन दी जाती है जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक और उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं और उनकी वार्षिक आय 2,000 रुपए से अधिक नहीं है । यह पैंशन 60 रुपये प्रति मास की दर से दी जाती है । संशोधित पैंशन कानून के अन्तर्गत वृद्धावस्था पैंशन उन व्यक्तियों को भी दी जाती है जिनके बच्चे हैं परन्तु उनकी मासिक आय 1,000 रुपये से अधिक न हो।अपंग व्यक्तियों के लिए कोई आयु सीमा नहीं है और उनको यह पैंशन अपंग राहत भत्ते के रूप में दी जाती है । इसी प्रकार विधवाओं को भी इस पैंशन की प्राप्ति के लिए कोई आयु सीमा नहीं है । वर्ष 1993-94 के दौरान प्रदेश में इस प्रकार के पैंशनरों की संख्या 1,03,971 थी । लगभग 2,000 कुष्ठ रोगी व्यक्तियों को 60 रुपये प्रति मास की दर से वर्ष 1993-94 पुनर्वास भत्ता दिया जा रहा है ।

बाल कल्याण

10.34 निराश्रित बच्चों तथा अनाथों की देखभाल के लिए विभाग बाल/बालिका आश्रमों को चलाने हेतु अनुदान प्रदान कर रहा है। स्वयंसेवी संघों द्वारा रिकांग-पिओ, सराहन, सुन्नी, मशोबरा, टूटी कण्डी (शिमला) शिमला, कुल्लू और लाहल (चम्बा), ढल्ली, देहर (मण्डी), भरनाल (मण्डी), चम्बा तथा सोलन में बाल/बालिका आश्रम चलाए जा रहे हैं । परागपुर तथा सुजानपुर में कल्याण विभाग द्वारा 2 आश्रम चलाए जा रहे हैं। इन आश्रमों में रहने वालों को निशुल्क आवास तथा प्रवास के अतिरिक्त मैट्रिक तक शिक्षा दी जाती है । सुन्दरनगर में जेयूवनाइल ऐक्ट, 1986 के अन्तर्गत निराश्रित बच्चों के लिए स्थापित एक जेयूवनाइल/ घर वर्ष 1993-94 के दौरान भी कार्य कर रहा है। इसके अतिरिक्त हरोली (ऊना) में एक विशेष स्कूल प्रेक्षण-कम-होम भी कार्यरत है ।

महिला कल्याण

10.35 महिलाओं के कल्याण के लिए प्रदेश में विभिन्न स्कीमें चल रही हैं। प्रमुख स्कीमें जो चलाई जा रही हैं वह इस प्रकार से हैं:-

(क) नारी सेवा सदन.- निराश्रित और राह भटकी लड़कियों के लिए चम्बा, मण्डी, शिमला, कांगड़ा, कल्पा और बिलासपुर में विभाग द्वारा नारी सेवा सदन चलाए जा रहे हैं । इसके अतिरिक्त नाहन में एक नारी सेवा सदन भारतीय बाल कल्याण परिषद द्वारा चलाया जा रहा है । इन सदनों में रहने वालों को निशुल्क आवास तथा प्रवास की सुविधा प्रदान करने के अतिरिक्त कटाई, सिलाई तथा कढ़ाई में प्रशिक्षण दिया जाता है । ताकि वे आवास छोड़ने के उपरान्त अपनी रोजी-रोटी कमा सकें । ऐसी स्त्रियों के पुनर्वास के लिए तीन हजार रुपये प्रति स्त्री तक की आर्थिक सहायता भी दी जाती है ।

(ख) कार्यरत महिलाओं के लिए छात्रावास.- नगरों में कार्यरत महिलाओं को आवास की सुविधा सुलभ कराने के उद्देश्य से विभाग ने 13 कार्यरत महिला छात्रावासों का निर्माण किया है । यह छात्रावास स्वयंसेवी संगठनों द्वारा केन्द्रीय सरकार के 75 प्रतिशत तथा राज्य सरकार के 25 प्रतिशत अनुदान से निर्मित किए गए हैं ।

(ग) बेसहारा लड़कियों को शादी के लिए अनुदान.- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ऐसी लड़कियों को या तो उनके माता पिता को जिनकी वार्षिक आय 7,500 रुपये से अधिक न हो, 2,500 रुपये प्रति लड़की शादी के लिए अनुदान के रुप में दिये जाते हैं । वर्ष 1993-94 में इस उद्देश्य के लिए 5.00 लाख रुपयों का प्रावधान है और लगभग 200 लड़कियां इससे लाभान्वित होंगी ।

(घ) स्वयं-रोजगार के लिए महिलाओं को सहायता - इस कार्यक्रम के अन्तर्गत उन महिलाओं को जिनकी वार्षिक आय 7,500 रुपए से अधिक न हो किसी विशेष व्यवसाय की जानकारी हो या उस व्यवसाय में प्रशिक्षण डिप्लोमा प्राप्त किया हो, 1,000 रुपये से 2,500 रुपए तक की दर से सहायता दी जाती है। 1993-94 में 1.25 लाख रुपये इस उद्देश्य के लिए रखे गए हैं और लगभग 50 महिलाओं को सहायता दी जाएगी ।

(ङ) महिला विकास निगम.- प्रदेश में महिलाओं को विभिन्न व्यवसायिक उद्देश्यों के लिए एक महिला विकास निगम की स्थापना की गई है । वर्ष 1993-94 में इस निगम को 4.00 लाख रुपये दिये गए हैं ।

विकलांग कल्याण

10.36 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विकलांगों के कल्याण के लिए "विकलांगों के लिए कृत्रिम अंग" योजना के अन्तर्गत 0.70 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया है । विकलांगों को छात्रवृति दी जाती है और व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है ताकि वे विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण प्राप्त करके अपनी आजीविका कमा सके । ऐसे व्यक्तियों को जो अपंगों से शादी करें, 5,000 रुपये की राशी शादी अनुदान के रुप में दी जाती है तथा इस योजना के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष में 55,000 रुपए 22 दम्पतियों के लिए रखे गए हैं ।

पिछड़े वर्गों का कल्याण

10.37 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1993-94 के दौरान निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित की गई हैं:-

(क) तकनीकी छात्रवृतियां.- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के प्रशिक्षणार्थियों जो आई.टी.आई., आर.टी.आई. और अन्य क्लस्टर केन्द्रों इत्यादि से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं को 100 रुपये प्रति मास प्रति प्रशिक्षणार्थी छात्रवृति दी जाती है । वर्ष 1993-94 के दौरान इसके लिए 21.84 लाख रुपए बजट में रखे गए हैं और इससे 1,800 प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित होंगे ।

(ख) अनुवर्ती कार्यक्रम.- इसके अन्तर्गत उन प्रशिक्षणार्थियों को औजार तथा उपकरण दिये जाते हैं जिन्होंने विभिन्न व्यवसाय में आई.टी.आई. से प्रशिक्षण प्राप्त किया हो। इस स्कीम के अन्तर्गत प्रशिक्षित कारीगरों को भी लिया जाता है । वर्ष 1993-94 के दौरान 6.60 लाख रुपए के प्रावधान से लगभग 1,020 व्यक्तियों को इससे लाभ पंहुचेगा ।

(ग) अन्तर्जातीय विवाह के लिए प्रोत्साहन. अस्पृश्यता को दूर करने के लिए **6,000** रुपए प्रति दम्पति जहां लड़की स्वर्ण जाति की हो और **5,000** रुपये प्रति दम्पति जहां लड़की अनुसूचित जाति की हो दिये जाते हैं जिससे अन्तर्जातीय विवाह को प्रोत्साहन मिले । वर्ष **1993-94** में इस योजना के अन्तर्गत **3.00** लाख रुपयों का प्रावधान किया गया है जिससे लगभग **60** दम्पतियों को लाभ पहुंचने की सम्भावना है ।

(घ) आवास अनुदान.- इस स्कीम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को वर्फ से ढके क्षेत्रों में **10,000** रुपये का अनुदान और **8,000** रुपये अन्य क्षेत्रों में, आवास निर्माण के लिए दिये जाते हैं । इसके अतिरिक्त इस जाति के सदस्यों को उपरोक्त राशि का **50** प्रतिशत घर की मुरम्मत के लिए दिया जाता है । वर्ष **1993-94** में **66.00** लाख रुपये का प्रावधान है और लगभग **802** परिवार लाभान्वित होंगे ।

(ङ.) हरिजन बस्तियों व उनमें रहने की सुविधाओ में सुधार:- इस स्कीम के अन्तर्गत ऐसे गांव जहां पर अनुसूचित जाति के लोग रहते हों व अनुसूचित जाति के लोग अधिक हों छोटी पेयजल योजनाएं चलाई जा रही हैं जो कि जन स्वास्थ्य विभाग की योजनाओ के द्वारा लाभान्वित नही होते हैं । वर्ष **1993-94** के दौरान **18.00** लाख रुपये का प्रावधान रखा गया है और लगभग **10** पंचायतों को लाभान्वित किये जाने की संभावना है । दिसम्बर, **1993** तक **12.14** लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं

(च) टाईप व शार्टहैण्ड में निपुणता.- इस स्कीम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के पूर्व प्रशिक्षाणर्थियों को विभिन्न कार्यालयों में नियुक्तियों के लिए प्रशिक्षण देना है ताकि वे अपनी निपुणता को कायम रख सकें । इस प्रकार के प्रशिक्षाणार्थियों की सूची रोजगार केन्द्रों से प्राप्त की जाती है और उसके उपरान्त इनकी विभिन्न कार्यालयों में नियुक्ति की जाती है । वर्ष **1993-94** में इन प्रशिक्षाणार्थियों को **300** रुपये प्रतिमास का वजीफा एक वर्ष तक दिया जाता है । इस योजना के लिए **2.90** लाख रुपये रखे गए हैं जिससे **37** प्रशिक्षणार्थियों को लाभ पहुचेगा ।

(छ) अनुसूचित जाति परिवारों को राहत जो अत्याचारों से पीड़ित हैं.- इस स्कीम के अन्तर्गत ऐसे अनुसूचित जाति के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाती है जिन

पर जातीय आधार पर अन्य परिवारों द्वारा अत्याचार किये गए हों । वर्ष **1993-94** के दौरान इस उद्देश्य के लिए **1.00** लाख रुपए का प्रावधान है ।

(ङ) अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति निगम.- अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के आर्थिक विकास के लिए प्रदेश में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति निगम की स्थापना की गई है । यह निगम बैंकों की सहायता से अनेक उद्धार कार्यक्रम चला रहा है। वर्ष **1993-94** के दौरान **35.00** लाख रुपये की राशि राज्य हिस्से के रूप में इसके लिए निर्धारित की गई है ।

(च) जनजातीय सलाहकार परिषद.- जनजातीय सलाहकार परिषद माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं की प्रगति की चर्चा के लिए गठित की गई है। वर्ष **1993-94** में इस कार्य के लिए **1.00** लाख रुपए रखे गए हैं ।

जनजाति तथा अनुसूचित जाति विकास

10.38 पांचवी योजना की समीक्षा से प्रतीत हुआ है कि अनुसूचित जनजाति सामाजिक व आर्थिक दृष्टि से अधिक पिछड़ी हुई है। इसलिए जनजाति उप-योजना को जनजाति के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए **1974-75** के वर्ष से चलाया जा रहा है । उप-योजना पद्धति के अन्तर्गत **50** प्रतिशत या इससे अधिक अनुसूचित जनजाति, जनसंख्या के विकास खण्डों का चिन्हांकित करना, राज्य तथा केन्द्रीय योजनाओं एवं संस्थानों से साधनों को आरक्षित करना और इस आरक्षित राशि का विशेष केन्द्रीय सहायता द्वारा सम्पूर्ण करना और उचित प्रशासनिक एवं वित्तीय नीतियों को अपनाना शामिल है ।

10.39 राज्य में किन्नौर एवं लाहौल-स्पिति जिले समस्त रूप में एवं चम्बा जिला की पांगी और भरमौर तहसील तथा उप-तहसील होली जनजाति है । छठी योजनावधि में संशोधित क्षेत्र विकास पद्धति का सूत्रपात किया गया जिसके फलस्वरूप चम्बा तथा भटियात तहसीलों के क्षेत्र जनजातीय उप-योजना पद्धति के अन्तर्गत चिन्हांकित किए गए । छठी योजना में जनजातीय क्षेत्र के सामान्य विकास के बजाय जनजातीय परिवारों की प्रगति पर बल दिया गया । इस प्रकार प्रदेश की **63** प्रतिशत अनुसूचित जनजाति जनसंख्या उप-योजना प्रणाली के अन्तर्गत लाई गई । आठवीं योजना के लिए अब तक अपनाए गए माप दण्ड ही मार्ग दर्शन के आधार रखे गए हैं । जनजातीय उप-योजना के लिए छठी पंचवर्षीय योजना में राज्य योजना की **8.62** प्रतिशत भाग रखा गया और सातवीं योजना का लक्ष्य **9** प्रतिशत था जबकि वास्तविक उपलब्धि **8.78**

प्रतिशत थी । वार्षिक योजना 1992-93 तथा 1993-94 में यह लक्ष्य क्रमश: 9 प्रतिशत तथा 8.92 प्रतिशत था । वर्ष 1993-94 के दौरान राज्य की वार्षिक योजना की 550.00 करोड़ रुपये में जनजातीय उप-योजना का भाग 49.50 करोड़ रुपये और विशेष केन्द्रीय सहायता 3.94 करोड़ रुपये थीं । जनजातीय क्षेत्रों के लिए विशेष केन्द्रीय सहायता 0.13 करोड़ रुपये थी । आर्थिक सेवाओं के क्षेत्रों को अधिकतम प्राथमिकता दी गई । अनुसूचित जनजाति के लोग, जो अनुसूचित क्षेत्र व अनुसूचित खण्डों से बाहर रहते हैं, को उपयोजना के अन्तर्गत सर्वप्रथम 1987-88 के वर्ष में लाया गया जब कि उनको विशेष केन्द्रीय सहायता से लाभान्वित किया गया तथा वर्ष 1993-94 के लिए 0.26 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं ।

अनुसूचित जाति विकास

10.40 1991 की जन गणना के अनुसार प्रदेश में अनुसूचित जातियों की संख्या 13.10 लाख जो कि राज्य की कुल जनसंख्या का 25.34 प्रतिशत हैं, थी । अनुसूचित जाति जनसंख्या बिखरी होने के कारण, इस जाति के लिए व्यक्ति/परिवार/बस्ती आधारित स्कीमें/कार्यक्रम अपनाए गए ताकि (1) इनकी आय तथा उत्पादकता में वृद्धि हो सके, (2) ये व्यवसाय कम अपमानित हों, (3) इनकी शिक्षा का विकास सुनिश्चित किया जाए ताकि रोजी रोटी कमाने के लिए वे दूर के स्थानों में भी जा सकें, साथ ही उनके रहन सहन और वातावरण में सुधार लाया जाए । वर्ष 1979-80 में प्रथम बार प्रदेश में विशेष घटक योजना का अनुपादन किया गया । सातवीं योजनावधि में सकल योजना से 10.90 प्रतिशत राशि विशेष घटक योजना के लिए आरक्षित की गई तथा वर्ष 1991-92 तथा 1992-93 में क्रमश: 10.34 प्रतिशत तथा 12.35 प्रतिशत रही है । यह उपलब्धि भारत सरकार गृह मंत्रालय (अब कल्याण मंत्रालय) द्वारा दी गई, विशेष केन्द्रीय सहायता के कारण प्राप्त हो सकी । आठवीं योजना के लिए राज्य योजना की राशि सम्पूर्ण राज्य योजना का 12 प्रतिशत रखा गया (अनुसूचित व अनुसूचित घटक के विचार बिना) वर्ष 1993-94 विशेष योजना का आकार 171.75 करोड़ रुपये का था जिसमें राज्य योजना 168.75 करोड़ रुपये और केन्द्रीय सहायता 13.00 करोड़ रुपये थी ।

10.41 विशेष घटक योजना के लिए जिला स्तर (किन्नौर और लाहौल स्पिति को छोड़कर) पर योजना को सामाजिक संचालन हेतु जिला स्तरीय पुनर्वलोकन समितियां गठित की गई हैं ।

10.42 20 सूत्रीय कार्यक्रम, 1986, के 11वें सूत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति को वर्ष 1993-94 के दौरान 23,420 परिवारों को लाभान्वित करने के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर, 1993 तक 12,523 परिवारों को लाभान्वित किया गया ऐसे लाभार्थियों का सामाजी मूल्यांकन भी किया जाता है ।

11. व्यापार तथा वाणिज्य

वाणिज्यिक बैंकिंग

11.1 सभी शेड्यूल्ड वाणिज्यिक बैंकों के कार्यालयों की संख्या में 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई । इनकी संख्या मार्च,1992 को 734 से बढ़कर मार्च,1993 को 742 हो गई । राज्य में कांगड़ा जिला में सबसे अधिक 146(19.7 प्रतिशत) तथा उसके बाद शिमला जिला में 117(15.8 प्रतिशत) बैंक थे । ग्रामीण तथा अर्ध नगरीय क्षेत्रों में बैंक शाखाओं को बढ़ाने का कार्य वर्ष 1993 में भी जारी रहा और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक शाखाओं की संख्या 660 हो गई जो कि राज्य में कुल बैंक कार्यालयों की संख्या का 88.9 प्रतिशत है । यदि इस संख्या को जोड़ा जाए तो राज्य में प्रति बैंक शाखा औसत में जनसंख्या मार्च,1992 की 7,059 से बढ़कर मार्च,1993 में 7,086 हो गई ।

11.2 प्रदेश में शेड्यूल्ड वाणिज्यिक बैंकों में कुल जमा राशि मार्च,1992 को 1,590.86 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च,1993 में 1,855.79 करोड़ रुपये हो गई । इस प्रकार इस दौरान इसमें 16.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई । सकल बैंक में ऋण राशि मार्च,1992 में 530.11 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च,1993 में 589.42 करोड़ रुपये हो गई। यह वृद्धि 11.2 प्रतिशत के लगभग थी । राज्य में ऋण पर दी गई राशि जमा राशि का अनुपात मार्च,1992 के 33.3 प्रतिशत की तुलना मेंमार्च, 1993 में 31.8 प्रतिशत हो गया । राज्य में मार्च,1993 में 88.9 प्रतिशत बैंक कार्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित थे परन्तु कुल ऋण का केवल 70.6 प्रतिशत तथा कुल जमा राशि का 70.4 प्रतिशत इन बैंकों द्वारा था । मार्च,1993 में राज्य के जिला कांगड़ा में बैंकों में जमाराशि 25.1 प्रतिशत तथा बैंकों द्वारा दिये गये ऋण 15.4 प्रतिशत थे । जिला शिमला में बैंकों में जमा राशि 22.4 प्रतिशत तथा बैंकों द्वारा दिये गये ऋण 24.1 प्रतिशत थे ।

11.3 सभी वाणिज्यिक शेड्यूल्ड बैंकों द्वारा दी गई बकाया ऋण राशि मार्च,1991 के अन्त में 589,26 लाख रुपये थी जो कि मार्च,1990 की बकाया ऋण राशि 464,21 लाख रुपये से 26.9 प्रतिशत अधिक थी । सभी वाणिज्यिक शेड्यूल्ड बैंकों द्वारा दी गई बकाया ऋण राशि के बारे में क्षेत्रानुसार आकड़े मार्च,1990 से मार्च,1991 की अवधि के लिए उपलब्ध हैं । अधिकतर क्षेत्रों में बकाया ऋण राशि में मार्च,1990 व मार्च,1991 के दौरान अधिकता रही । नीचे दी गई तालिका में सभी वाणिज्यिक शेड्यूल्ड बैंकों द्वारा मार्च,1990 व मार्च,1991 के अन्तिम दिन के समूहवार बकाया ऋण राशि के वर्गीकरण के आकड़े दर्शाये गये हैं ।

हिमाचल प्रदेश में सभी शेड्यूल्ड वाणिज्यिक बैंकों द्वारा बकाया ऋण राशि का समूहवार वर्गीकरण

(लाख रुपयों में)

क्षेत्र	आखिरी दिन को उधार दी गई बकाया राशि				प्रतिशत वृद्धि (+) या कमी (-) में
	मार्च 1990		मार्च 1991		1990 से 1991 में
	बकाया राशि	कुल से प्रतिशत	बकाया राशि	कुल से प्रतिशत	
1. कृषि	86,87	18.71	100,14	16.99	15.28
2. उद्योग	173,22	37.31	208,35	35.36	20.28
3. परिवहन संचालक	56,91	12.26	76,94	13.06	35.20
4. निजि तथा व्यवसायिक सेवाएं	49,66	10.70	66,40	11.27	33.71
5. व्यापार	64,86	13.97	78,20	13.27	20.57
6. वित्तीय संस्थान	63	0.14	10,11	1.72	1504.76
7. अन्य सभी	32,06	6.91	49,10	8.33	53.15
कुल बैंक उधार	464,21	100.00	589,26	100.00	26.94
जिसमें से लघु उद्योगों को	76,70	16.52	95,32	16.18	24.28

सहकारी बैंक

11.4 हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंकों की मुख्य कार्यालय सहित शाखा कार्यालयों की संख्या मार्च,1993 में 93 थी । सहकारी बैंकों में कुल जमा राशि मार्च,1992 की 21,245.38 लाख रुपये की तुलना में मार्च,1993 में 21,799.71 लाख रुपये हो गई । इस प्रकार इस दौरान इसमें 21.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई । इसके अतिरिक्त कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित, धर्मशाला की मार्च,1992 में 82 शाखाए

जिसमें मुख्यालय भी सम्मिलित हैं जिनकी जमा राशि 12,330.72 लाख रुपए थी जबकि जून,1991 में इसकी 80 शाखाएं ,जिनमें 11,586.86 लाख रुपए जमा राशि थी, कार्यरत थी । इसी प्रकार जोगिन्द्रा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित,सोलन की मार्च,1992 में 16 शाखाएं जिनमें मुख्यालय भी सम्मिलित हैं, थी जिनमें 1,257.64 लाख रुपए की जमा राशि थी जबकि जून, 1991 में यह राशि 1,115.72 लाख रुपये थी।

12. परिवहन तथा संचार

I. राज्य क्षेत्र

सड़कें तथा पुल

12.1 हिमाचल प्रदेश का आर्थिक व सामाजिक विकास मुख्यत: कुशल संचार एवं सड़क प्रणाली पर निर्भर करता है । सड़कें इस प्रदेश के वासियों के लिए महत्वपूर्ण हैं । क्योंकि यातायात के अन्य साधन नाममात्र हैं । इसलिए प्रदेश की विकास योजनाओं में सड़क निर्माण को लगातार काफी अधिक महत्व दिया गया है । वर्ष **1993-94** के लिए **5,430.00** लाख रूपए जिसमें **30.00** लाख रूपए केवल बैज, **90.00** लाख रूपये नाहन फाऊंड्री तथा **400.00** लाख रूपये सड़कों के आरक्षण व मुरम्मत के लिए भी शामिल हैं सड़कों तथा पुल निर्माण के लिए अनुमोदित किए गए हैं। इस योजना के अन्तर्गत नवम्बर,**1993** तक **4,065.28** लाख रूपए का प्रावधान है । वर्ष **1993-94** का लक्ष्य तथा नवम्बर,**1993** तक की उपलब्धियों का ब्यौरा निम्न प्रकार से है:-

क्रम सं.	मद	इकाई	लक्ष्य 1993-94	उपलब्धियां नवम्बर, 1993 तक
1.	2.	3.	4.	5.
1.	वाहन चलने योग्य	कि.मी.	290	175
2.	जल निकास	"	125	80
3.	पक्की तथा विरालित सड़कें	"	140	102
4.	जीप चलने योग्य	कि.मी.	25	16
5.	पुल	संख्या	30	11
6.	गांव से जुड़ने वाली मुख्य सड़कें	"	25	10

II. केन्द्रीय क्षेत्र

राष्ट्रीय उच्च मार्ग

12.2 हिमाचल प्रदेश में **760** किलोमीटर लम्बे राष्ट्रीय उच्च मार्ग के निर्माण एवं सुधार हेतू भारत सरकार ने **1,200.00** लाख रूपए की राशि आवंटित की थी । जिसमें से नवम्बर,**1993** तक **456.19** लाख रूपए व्यय किए जा चुके हैं तथा शेष राशि इस वित्तीय वर्ष तक व्यय की जाएगी। इस योजना के अन्तर्गत शिमला से वांगटू राष्ट्रीय उच्च मार्ग-**22** को चौड़ा करना, बड़ोग बाईपास का निर्माण तथा पठानकोट-चक्की-मण्डी मार्ग जिसको पहले ही राष्ट्रीय उच्च मार्ग-**20** का

नाम दे दिया गया है, को अपग्रेड करने जैसे कार्यों को करने पर विशेष ध्यान दिया गया है । इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय उच्च मार्गों के रख-रखाव तथा बाढ़ वर्षा से हुए नुक्सानों को पूरा करने हेतु 629.45 लाख रुपये की राशि को उपलब्ध करवाया गया है। इन सभी सम्बन्धित पहलुओं पर कार्य तेजी से किए जा रहे हैं ।

गैर आवासीय/आवासीय भवन

12.3 लोक निर्माण विभाग सभी विभागों के गैर आवासीय तथा आवासीय दोनों प्रकार के भवनों के निर्माण कार्यक्रम का कार्यान्वयन करता है । वर्ष 1993-94 के लिए गैर-आवासीय भवनों के लिए 'भवन निर्माण कार्यक्रम' के अन्तर्गत् 520.00 लाख रुपये की धनराशि अनुमोदित की गई है। इसमें से 340.74 लाख रुपये नवम्बर,1993 तक पहले ही खर्च किए जा चुके हैं। इसी प्रकार वर्ष 1993-94 के लिए 360 लाख रुपये का प्रावधान आवासीय भवनों के लिए रखा गया है। इसमें से 74.44 लाख् रुपये नवम्बर, 1993 तक पहले ही खर्च किए जा चुके हैं।

रेलवे

12.4 प्रदेश में रेलवे लाईन की कुल लम्बाई, 31 मार्च, 1993 तक 225 किलोमीटर थी, जिसमें छोटी लाईनें शिमला-कालका(96 किलोमीटर(और जोगिन्द्रनगर-पठानकोट (113 किलोमीटर(तथा नगल डैम-ऊना (16 किलोमीटर(बड़ी लाईन है।

नागरिक उड्डयन

12.5 सातवीं पंचवर्षीय योजना के शुरू होने से पहले हिमाचल प्रदेश में कुल्लू घाटी के भुन्तर में केवल एक हवाई पट्टी थी । इस सीमित हवाई सेवा से हिमाचल प्रदेश के अन्य मुख्य पर्यटन स्थलों जैसे शिमला, धर्मशाला, डलहौजी इत्यादि इससे वंचित रहे जिससे प्रदेश के सामान्य पूर्ण विकास तथा विशेष रूप से पर्यटन को बढ़ावा देने में मुख्य बाधा रही । सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान जुब्बड़-हट्टी (शिमला(तथा गगल(कांगड़ा(नामक दो हवाई अड्डों का निर्माण कार्य आरम्भ किया गया तथा प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चालू किया गया । शिमला हवाई अड्डा मई, 1987 तथा कांगड़ा हवाई अड्डा मई,1990 में चालू किए गए । हवाई अड्डों के निर्माण से कांगड़ा तथा शिमला घाटियों का बाकि देश के साथ वायु मार्ग से सम्पर्क स्थापित हो गया । राज्य में नागरिक उड्डयन के कार्य को सुचारू बनाने के लिये जुब्बड़-हट्टी तथा गगल हवाई पट्टियों को 'एयर पोर्ट एथोरटी ऑफ इण्डिया' को दे दी गई हैं ।

पथ परिवहन

12.6 परिवहन के अन्य स्त्रोत जैसे रेलवे, वायु तथा जल परिवहन न के बराबर होने के कारण पथ परिवहन का महत्व और भी बढ़ जाता है । प्रदेश के सभी भागों, पड़ौसी राज्यों तथा केन्द्र शासित

राज्यों के पथों पर, समन्वित आयोजित, पर्याप्त तथा कार्यसाधक परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की स्थापना की गई । इस समय राज्यों में राज्य यात्री परिवहन का विशेषत: पुराने हिमाचल में राष्ट्रीकरण है ।

12.7 वर्ष **1993-94** में नवम्बर, **1993** तक हिमाचल पथ परिवहन निगम के पास **1,686** बसें थीं। वर्ष **1992-93** में **1,810** मार्गों की तुलना में वर्ष **1993-94** में **1,892** मार्गों पर बसें चल रही हैं।

तय की गई दूरी

12.8 वर्ष **1993-94** तक निगम की बसों ने **3.15** लाख किलोमीटर प्रतिदिन की दूरी तय की जबकि वर्ष **1992-93** में यह दूरी **3.05** लाख किलोमीटर प्रतिदिन थी ।

12.9 इस समय प्रदेश में **21** क्षेत्र तथा **4** मण्डल स्तर के कार्यालय कार्यरत हैं । इसके अतिरिक्त शिमला, मण्डी में **2** मण्डलीय कर्मशालाएं कार्य कर रही हैं। इसके अतिरिक्त परवाणु तथा जसूर में बसों की बॉडी तथा मुरम्मत का कार्य चल रहा है । इसके अतिरिक्त परवाणु, जसूर तथा मण्डी में टायरों पर ठण्डी रबड़ चढ़ाने का प्लांट भी कार्यरत् है। निगम के **21** क्षेत्रीय डिपो पूरे प्रदेश में परिवहन सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वर्ष **1992-93** में निगम के राजस्व को बढ़ाने व व्यय में कमी करने हेतु उठाए गए पग वर्ष **1993-94** में भी जारी रहे।

13. सहकारिता

13.1 प्रदेश में सहकारी समितियों की संख्या वर्ष 1991-92 में 4,116 थी जो कि वर्ष 1992-93 में 3.09 प्रतिशत की वृद्धि से 4,243 हो गई है और उनकी अंश पूंजी जो वर्ष 1991-92 में 4,807.00 लाख रुपये थी वर्ष 1992-93 में 9.89 प्रतिशत की वृद्धि से 5,282.41 लाख रुपये हो गई । इन समितियों की जमा पूंजी 1992-93 के दौरान 24.41 प्रतिशत की वृद्धि से 51,749.65 लाख रुपये हो गई जो कि वर्ष 1991-92 में 41,596.00 लाख रुपये थी । अल्पकालीन व मध्यकालीन ऋण(कृषि और गैर कृषि) जो 1991-92 में 4,858.58 लाख रुपये थे बढ़कर 1992-93 में 7,544.03 लाख रुपये हो गये । जो कि कुल 55.27 प्रतिशत अधिक थे, जबकि दीर्घ कालीन ऋण 31-3-1992 को 343.81 लाख से बढ़कर 31-3-93 को 413.20 लाख रुपये हो गये । कार्यरत पूंजी में 1991-92 से 1992-93 के दौरान 19.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई । नीचे दी गई तालिका में हिमाचल प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र में पिछले 2 वर्षों की प्रगति को दर्शाया गया है ।

सहकारिता की प्रगति

(लाख रुपयों में)

क्रम	मद	1991-92	1992-93	वर्ष 1991-92 से प्रतिशत वृद्धि/कमी
1.	2.	3.	4.	5.
1.	समितियों की संख्या	4,116	4,243	3.09
2.	सदस्यता(लाखों में)	10.30	10.70	3.88
3.	अंश पूंजी	4,807.00	5,282.41	9.89
4.	जमा पूंजी	41,596.00	51,749.65	24.41
5.	कुल अल्प कालीन व मध्य कालीन ऋण वितरित(कृषि तथा गैर कृषि ऋण)	4,858.58	7,544.03	55.27
6.	दीर्घ कालीन ऋण वितरित	343.81 (31.3.92 तक)	413.20 (31.3.93 तक)	20.18
7.	कृषि उपज का विपणन मूल्य	2,362.64	3,286.32	39.10

1.	2.	3.	4.	5.
8. फुटकर वितरण:				
(क)	उपभोक्ता वस्तुएं	6,698.75	9,062.45	35.28
(ख)	कृषि उर्वरक	1,166.30	1,508.00	29.30
9. ग्रामीण जनसंख्या की भागीदारी	(प्रतिशत)	100	100	-

सहकारी समितियों के मुख्य कार्यक्रमों का संक्षिप्त वर्णन इस प्रकार है:-

सहकारी ऋण

13.2 सहकारी ऋण हिमाचल प्रदेश ग्रामीण कृषि विकास बैंक, लिमिटिड शिमला तथा प्राथमिक ग्रामीण कृषि विकास बैंक लिमिटिड, धर्मशाला द्वारा प्रदान किये जा रहे हैं । यह दीर्घकालीन ऋण किसानों को विभिन्न कृषि उद्देश्यों के लिये दिये जाते हैं ।

उपभोक्ता वस्तुओ का वितरण

13.3 प्राथमिक समितियां प्रदेश के विशेषकर दूर-दराज तथा जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को उपयोग की आवश्यक वस्तुओ का वितरण उचित मूल्यों पर करती हैं ।

आदानों की आपूर्ति

13.4 सहकारी समितियां किसानों को उचित मूल्य पर विभिन्न कृषि आदानों जैसे उर्वरक, तथा उन्नत बीज आदि की आपूर्ति करती है।

14. स्थानीय निकाय

14.1 भारत जैसे लोकतान्त्रिक देश में पंचायतें जो गांव की मूल संस्थाएं है ग्रामीण लोगों की आर्थिक दशा सुधारने में मुख्य भूमिका निभाती हैं । अतः इन प्रमुख प्रजातंत्र संस्थाओं को सुदृढ़ बनाना अनिवार्य है । योजनाओं को बनाने तथा इनकी कार्यान्वयन की प्रक्रिया में इन लोकतांत्रिक संस्थाओं को सक्रीय रूप में शामिल किये बिना हम ग्रामीण क्षेत्रों में मानव तथा भौतिक साधनों के अधिकाधिक उपयोग के बारे में कभी भी सोच नहीं सकते ।

14.2 वर्ष **1993-94** के अन्तर्गत पंचायती राज संस्थाओं द्वारा प्रदेश में निम्नलिखित कार्य किए गए:-

1. पंचायत घरों की मुरम्मत ।
2. पंचायत पुस्तकालयों को सहाय अनुदान ।
3. पंचायतों को नगरपालिका सम्बन्धी कार्यों के लिए अनुदान
4. पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान का भवन निर्माण
5. पंचायत समिति तथा जिला परिषद के भवनों का निर्माण/मुरम्मत ।
6. गृह कर के बराबर सहाय अनुदान ।
7. ग्राम के अध्यक्ष/उप-अध्यक्ष को मानदेय
8. अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना चलाई गई ।

नगरपालिकाएं

14.3 प्रदेश में इस समय नगर निगम शिमला सहित **50** शहरी स्थानीय निकाय कार्यरत हैं । इन शहरी स्थानीय निकायों की आय के साधन सीमित होने के कारण सरकार प्रतिवर्ष नागरिक सुख-सुविधा प्रदान करने हेतु अनुदान देती है । वर्ष **1993-94** के दौरान शहरी स्थानीय निकायों को **838.64** लाख रुपए ह**328.29** लाख रुपए योजना के अन्तर्गत तथा **510.35** लाख गैर-योजना के अन्तर्गतह अनुदान दिए जाने का बजट में प्रावधान है जो कि स्थानीय निकायों को अपने क्षेत्र के रख-रखाव और विकास कार्यों के लिए अनुदान रूप में स्वीकृत किए जाते हैं ।

14.4 अप्रैल, **1982** में चुंगी के समाप्त कर देने के कारण शहरी स्थानीय निकायों की आय कम हो जाने से सरकार अनुदान सहायता प्रदान कर रही है। ताकि इनका कार्यक्रम सुचारू रूप से चलाया जा सके । वर्ष **1993-94** में इनके लिये **353.10** लाख रुपए का प्रावधान है । नागरिक सुरक्षा अधिनियम,**1955** के अन्तर्गत शुष्क शौचालयों को पानी के बहाव वाले शौचालयों में परिवर्तित करने की केन्द्रीय परिगणित योजना प्रदेश के **13** शहरों में चलाई जा रही है । वर्ष **1993-94** में शुष्क शौचालयों को पानी के बहाव वाले शौचालयों में

परिवर्तित करने के लिए **40.00** लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। अक्तूबर, **1993** तक **12,652** शुष्क शौचालयों को पानी के बहाव वाले शौचालयों में परिवर्तित किया गया है जिसके परिणाम स्वरूप **432** सफाई कर्त्तामों को सिर पर गन्दगी ढोने के अप्रतिष्ठित कार्य से छुटकारा दिलाया गया ।

14.5 शहरी मूल सुविधा सेवाएं प्रदेश के पांच शहरों में केन्द्र की सहायता से चलाई गई है । इस योजना का **40** प्रतिशत भाग राज्य सरकार, तथा **60** प्रतिशत भाग केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है । इस योजना का मुख्य उद्देश्य इन शहरों के पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं तथा बच्चों के बहुमुखी विकास तथा स्वास्थ्य का ध्यान रखना है । वर्ष **1991-92** से इस योजना को हमीरपुर तथा चम्बा में भी चलाया जा रहा है तथा वर्ष **1993-94** में इस योजना के अन्तर्गत **9.00** लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। नेहरू रोजगार योजना के अन्तर्गत बेरोजगार युवकों को ऋण दिलाने तथा रोजगार दिलाने का कार्य जारी रहा । इस योजना के अन्तर्गत वर्ष **1993-94** में **42.00** लाख रुपए का प्रावधान किया गया है ।

14.6 वर्ष **1993-94** में विकास कार्यों के कार्यन्वयन के लिए शहरी स्थानीय निकायों को निम्नलिखित राशि अनुदान के रूप में आवंटित की गई है:-

(लाख रुपयों में)

लेखा शीर्ष	योजना	गैर योजना	जोड़
3054-सड़कें व पुल	**31.00**	**62.10**	**93.10**
2215-जल आपूर्ति	**82.00**	**14.19**	**96.19**
2217-शहरी विकास	**203.29**	**45.00**	**248.29**
जोड़	**316.29**	**121.29**	**437.58**

15. विशेष अध्ययन

§क§ आर्थिक गणना-1990

15.1 अर्थव्यवस्था के किसी भी क्षेत्र की सुदृढ़ व व्यवस्थित विकास योजनाओ के लिये व्यापक व विश्वनीय आकड़ा आधार का होना अति आवश्यक है । कृषि क्षेत्र में आधार सामग्री प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो जाती है किन्तु गैर-कृषि क्षेत्र में आंकड़ों की नियमित प्राप्ति केवल कुछ ही संगठित व्यवसायों तक सीमित है । अनौपचारिक एवं असंगठित क्षेत्र के लिये भी नियमित रूप से विस्तृत सूचना उपलब्ध करने के उद्देश्य से भारत सरकार, योजना मंत्रालय के आधीन केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन ने वर्ष **1977** में "आर्थिक गणना व सर्वेक्षण" नामक एक योजना प्रारम्भ की। इसी योजना के अन्तर्गत देश भर में गैर कृषि उद्यमों से सम्बन्धित सूचना एकत्र करने के लिये प्रथम आर्थिक गणना वर्ष **1977** में, द्वितीय गणना वर्ष **1980** में व तृतीय आर्थिक गणना वर्ष **1990** में की गई ।

15.2 अन्य सभी राज्यों की भान्ति हिमाचल प्रदेश में भी आर्थिक गणना का समस्त कार्य अर्थ एवं संख्या विभाग द्वारा किया गया। दूसरी आर्थिक गणना की तरह आर्थिक गणना **1990** का सर्वेक्षण कार्य भी मितव्ययता व समय की बचत को ध्यान में रखते हुए जनगणना-**1991** के मकान सूचीकरण के साथ-2 किया गया। इस आर्थिक गणना में कृषि व गैर कृषि क्षेत्र में कृषि उत्पादन तथा बागान से सम्बन्धित कार्यकलापों को छोड़ अन्य सभी उद्यमों का अध्ययन किया गया। गणना के दौरान उद्यमों की स्थिति, उद्यम में किए जाने वाले कार्यकलाप का वर्णन, संकार्य का स्वरूप, स्वामित्व का प्रकार, स्वामी का सामाजिक वर्ग, कार्यकलाप के लिये प्रयुक्त शक्ति/ईधन और उद्यम में कार्यरत कुल श्रमिकों एव सामान्यत: भाड़े पर कार्यरत व्यक्तियों की संख्या के विषय में सूचना एकत्र की गई ।

सभी उद्यम

15.3 आर्थिक गणना से यह प्रकट हुआ कि प्रदेश में **1,82,981** उद्यम थे जिनमें **4,68,650** लोगों को रोजगार प्राप्त था। इन उद्यमों में से, **1,75,875** उद्यमों §96.1 प्रतिशत§ में **4,56,668** §97.4 प्रतिशत§ व्यक्ति गैर कृषि क्षेत्र और शेष **7,106** §3.9 प्रतिशत§ उद्यमों में जिनमें **11,982** §2.6 प्रतिशत§ व्यक्ति §फसल उत्पादन एवं बागान के अतिरिक्त§ कृषि क्षेत्र में कार्यरत थे। **35,414** §19.4 प्रतिशत§ उद्यम शहरी क्षेत्र में थे तथा **1,47,567** §80.6 प्रतिशत§ उद्यम ग्रामीण क्षेत्र में स्थित थे । कुल उद्यमों में से **1,24,264** §67.9 प्रतिशत§ उद्यम ऐसे थे जिनका स्वामित्व पारिवारिक सदस्यों के पास ही था तथा उनमें से कोई भी भाड़े वाला मजदूर कार्य नहीं कर रहा था। शेष **58,717** §32.1 प्रतिशत§ प्रतिष्ठान थे। §प्रतिष्ठान से अभिप्राय ऐसे उद्यम से है जिसमें

कम से कम एक व्यक्ति अवश्य भाड़े की मजदूरी पर कार्य करता हो।

15.4 इससे यह भी प्रकट होता है कि 1,47,567 ग्रामीण उद्यमों में से 1,40,719 (95.4 प्रतिशत) उद्यम गैर कृषि क्षेत्र में थे, और शेष 6,848 (4.6 प्रतिशत) उद्यम कृषि क्षेत्र मे थे । ग्रामीण क्षेत्र के 1,40,719 गैर कृषि उद्यमों में से 97,832 (69.5 प्रतिशत) स्वकार्यरत उद्यम थे और बाकी प्रतिष्ठान थे । इसी तरह 6,848 कृषि उद्यम जो ग्रामीण क्षेत्र में थे, उनमें से 5,927 (86.5 प्रतिशत) स्वकार्यरत उद्यम थे और बाकी 921 प्रतिष्ठान थे जिन्होंने भाड़े पर एक या अधिक श्रमिक रखे थे ।

15.5 शहरी क्षेत्रों में उद्यमों की स्थिति कुछ भिन्न है। 35,414 शहरी उद्यमों में से 35,156 (99.3 प्रतिशत) उद्यम गैर कृषि उद्यम थे और बाकी 258 केवल (0.7 प्रतिशत) कृषि क्षेत्र में थे । इससे यह प्रकट होता है कि शहरी क्षेत्र में सारा कार्यकलाप गैर कृषि क्षेत्र से सम्बन्धित था । 258 शहरी कृषि उद्यमों में से 192 स्वकार्यरत उद्यम थे और केवल 66 प्रतिष्ठान थे ।

रोजगार

15.6 समस्त प्रदेश में, भिन्न-2 आर्थिक कार्यकलापों में लगभग 1.83 लाख उद्यमों में लगभग 4.69 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त था। 1,24,264 स्वकार्यरत उद्यमों में 1,53,395 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध हुआ, अतः प्रति स्वकार्यरत उद्यम में औसतन रोजगार 1.23 व्यक्ति रहा । इसके विपरीत 58,717 प्रतिष्ठानों में 3,15,255 श्रमिकों को रोजगार प्राप्त हुआ तथा प्रति प्रतिष्ठान औसतन रोजगार 5.36 व्यक्ति रहा, इनमें से भाड़े पर रोजगार का भाग प्रति प्रतिष्ठान 4.97 व्यक्ति रहा । ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थित उद्यमों की संख्या तथा उनमें रोजगार स्थिति तालिका 15.1 में दर्शाई गई है ।

तालिका: 15.1 हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थित उद्यमों की संख्या तथा उनमें कार्यरत व्यक्ति

उद्यम का प्रकार और कार्यरत व्यक्ति	ग्रामीण		शहरी		कुल संख्या
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	
1.	2.	3.	4.	5.	6.
1. कृषि कार्यकलाप					
(क) कुल उद्यम	6848	96.4	258	3.6	7106
1. स्वकार्यरत उद्यम	5927	96.9	192	3.1	6119
2. प्रतिष्ठान	921	93.3	66	6.7	987

1.	2.	3.	4.	5.	6.
(ख) सामान्यत: कार्यरत					
व्यक्तियों की संख्या	11492	96.0	490	4.0	11982
1. स्वकार्यरत उद्यम	8861	97.0	272	3.0	9133
2. प्रतिष्ठान	2631	92.3	218	7.7	2849
(ग) कुल भाड़े के श्रमिक	2194	93.0	166	7.0	2360
2. गैर-कृषि कार्यकलाप					
(क) कुल उद्यम	140719	80.0	35156	20.0	175875
1. स्वकार्यरत उद्यम	97832	82.8	20313	17.2	118145
2. प्रतिष्ठान	42887	74.3	14843	25.7	57730
(ख) सामान्यत: कार्यरत					
व्यक्तियों की संख्या	300722	65.9	155946	34.1	456668
1. स्वकार्यरत उद्यम	117537	81.5	26725	18.5	144262
2. प्रतिष्ठान	183185	58.6	129221	41.4	312406
(ग) कुल भाड़े के श्रमिक	170504	58.9	118952	41.1	289456
3. कृषि तथा गैर-कृषि कार्यकलाप					
(क) कुल उद्यम	147567	80.6	35414	19.4	182981
1. स्वकार्यरत उद्यम	103759	83.5	20505	16.5	124264
2. प्रतिष्ठान	43808	74.6	14909	25.4	58717
(ख) सामान्यत: कार्यरत					
व्यक्तियों की संख्या	312214	66.6	156436	33.4	468650
1. स्वकार्यरत उद्यम	126398	82.4	26997	17.6	153395
2. प्रतिष्ठान	185816	58.9	129439	41.1	315255
(ग) कुल भाड़े के श्रमिक	172698	59.2	119118	40.8	291816

नोट:- स्तम्भ 3 तथा स्तम्भ 5 में दिए गए आंकड़े क्षैतिज योग से प्रतिशत दर्शाते हैं ।

15.7 गैर कृषि उद्यमों का मुख्य कार्यकलाप के अनुसार वितरण का विश्लेषण करने से यह प्रतीत होता है कि परचून व्यापार, विनिर्माण, सामुदायिक और सामाजिक तथा वैयक्तिक सेवाएं, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में उद्यमों की संख्या के अनुसार तीन मुख्य आवश्यक कार्यकलाप थे । इन तीनों कार्यकलापों में प्रदेश के **80** प्रतिशत उद्यम थे जिनमें से व्यापार में **29** प्रतिशत, विनिर्माण में **28** प्रतिशत तथा सामुदायिक, वैयक्तिक और सामाजिक सेवाओं में **31** प्रतिशत उद्यम लगे हुए थे ।

15.8 **1,75,875** गैर कृषि उद्यमों में से लगभग **80** प्रतिशत उद्यम **1,40,619** उद्यम ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित थे तथा बाकी **20** प्रतिशत **35,156** उद्यम शहरी क्षेत्रों में थे ।

15.9 आर्थिक गणना-1990 के परिणामों से यह भी पता चलता है कि कुल गैर-कृषि उद्यमों में से अधिकतर उद्यम स्वकार्यरत उद्यम थे । 67.2 प्रतिशत उद्यम स्वकार्यरत उद्यम थे तथा 32.8 प्रतिशत प्रतिष्ठान थे। कुल गैर कृषि उद्यमों में संचार में प्रतिष्ठानों की संख्या प्रतिशतता के अनुसार सबसे अधिक 99.8 प्रतिशत थी, बिजली, गैस तथा जल आपूर्ति (94.0 प्रतिशत), भण्डारण तथा गोदाम (76.4 प्रतिशत), वित्त, बीमा व स्थावर सम्पदा व व्यापारिक सेवाएं (75.2 प्रतिशत), खनन तथा उत्खनन (69 प्रतिशत), सामुदायिक, सामाजिक तथा वैयक्तिक सेवाओ में (59 प्रतिशत) प्रतिष्ठान थे । अन्य शेष कार्यकलाप समूहों में कुल प्रतिष्ठानों की प्रतिशतता 50 प्रतिशत से कम थी। विनिर्माण क्षेत्र में सबसे कम (15 प्रतिशत) प्रतिष्ठान थे ।

15.10 नीचे दी गई तालिका 15.2 में उद्यमों की कुछ मुख्य विशेषताएं, जैसे कि उद्यम का स्वामित्व, प्रचालन तथा स्थिति दर्शाई गई हैं। इस तालिका से यह पता चलता है कि कुल 1,82,981 उद्यमों में से, केवल 14,933 उद्यम (8.2 प्रतिशत) मौसमी उद्यम थे और 7.6 प्रतिशत उद्यम बिना अहाते के कार्यरत थे । कुल मिलाकर 67.7 प्रतिशत उद्यम अपने आर्थिक कार्यकलाप बिना ऊर्जा/ईंधन के चल रहे थे। कुल उद्यमों में से 18.1 प्रतिशत उद्यमों के स्वामी अनुसूचित जाति के थे तथा केवल 3.0 प्रतिशत उद्यमों का स्वामित्व अनुसूचित जनजातियों के पास था ।

तालिका 15.2 : हिमाचल प्रदेश में उद्यमों की चयनित विशेषताएं

मद	ग्रामीण		शहरी		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.
1. कुल उद्यम	147567	80.6	35414	19.4	182981	100.0
2. उद्यम						
(1) मौसमी	14274	95.6	659	4.4	14933	100.0
(2) बिना अहाते के कार्यरत	12007	86.3	1901	13.7	13908	100.0
(3) बिना ऊर्जा/ईंधन के कार्यरत	96880	78.2	27063	21.8	123943	100.0
3. उद्यमों का स्वामित्व						
(1) अनुसूचित जाति	29498	88.9	3692	11.1	33190	100.0
(2) अनुसूचित जनजाति	5068	91.9	447	8.1	5515	100.0

जिलावार स्थिति

15.11 आर्थिक गणना-1990 के आंकड़ों से प्रतीत होता है कि सभी जिलों में से कांगड़ा जिले में कुल उद्यमों में से सबसे अधिक 22 प्रतिशत उद्यम थे, द्वितीय स्थान मण्डी जिले का (14 प्रतिशत), शिमला (13 प्रतिशत), सोलन (8 प्रतिशत), चम्बा, हमीरपुर, ऊना तथा सिरमौर (प्रत्येक का 7.0 प्रतिशत), कुल्लू (6 प्रतिशत), बिलासपुर (5 प्रतिशत), किन्नौर (2 प्रतिशत), तथा लाहौल एवं स्पिति जिले में (केवल 1.0 प्रतिशत) उद्यम थे । जहां तक ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमों की संख्या की बात है, कांगड़ा जिले में सबसे अधिक ग्रामीण उद्यम (24 प्रतिशत) थे तथा द्वितीय स्थान पर मण्डी जिले में (15 प्रतिशत) ग्रामीण उद्यम थे। शहरी उद्यमों में, शिमला जिले में सबसे अधिक (20 प्रतिशत) उद्यम थे तथा कांगड़ा का द्वितीय स्थान (15 प्रतिशत) था। प्रति एक हजार जनसंख्या के पीछे, प्रदेश में 36 उद्यम थे। जिला-वार उद्यमों की संख्या तालिका 15.3 में दर्शाई गई हैं ।

तालिका 15.3 : हिमाचल प्रदेश में जिलावार उद्यमों का वितरण

जिला	स्वकार्यरत उद्यम						प्रतिष्ठान					
	कृषि			गैर-कृषि			कृषि			गैर-कृषि		
	ग्रामीण	शहरी	योग	ग्रामीण	शहरी	योग	ग्रामीण	शहरी	योग	ग्रामीण	शहरी	योग
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.	9.	10.	11.	12.	13.
1. चम्बा	613	5	618	6623	861	7484	30	1	31	3944	1312	5256
2. कांगड़ा	1683	23	1706	24126	3471	27597	326	11	337	8733	1736	10469
3. हमीरपुर	511	17	528	8020	1443	9463	82	2	84	2425	853	3278
4. ऊना	68	12	80	7040	2179	9219	28	11	39	2541	999	3540
5. बिलासपुर	489	6	495	5672	1054	6726	115	3	118	1941	644	2585
6. मंडी	953	21	974	15328	2592	17920	88	8	96	5394	1606	7000
7. कुल्लू	403	37	440	5365	1631	6996	48	10	58	2456	1362	3818
8. लाहौल-स्पिति	33	-	33	856	-	856	5	-	5	1024	-	1024
9. शिमला	547	46	593	9548	3441	12989	57	11	68	6113	3633	9746
10. सोलन	297	3	300	6567	1886	8393	110	6	116	3296	1624	4920
11. सिरमौर	329	22	351	6577	1755	8332	29	3	32	3387	1074	4461
12. किन्नौर	1	-	1	2170	-	2170	3	-	3	1633	-	1633
हिमाचल प्रदेश	5927	192	6119	97832	20313	118145	921	66	987	42887	14843	57730

कुल उद्यम

जिला	ग्रामीण	प्रतिशत	शहरी	प्रतिशत	योग
1.	14.	15.	16.	17.	18.
1. चम्बा	11210	7	2179	6	13389
2. कांगड़ा	34868	24	5241	15	40109
3. हमीरपुर	11038	7	2315	6	13353
4. ऊना	9677	6	3201	9	12878
5. बिलासपुर	8217	6	1707	5	9924
6. मण्डी	21763	15	4227	12	25990
7. कुल्लू	8272	6	3040	9	11312
8. लाहौल-स्पिति	1918	1	-	-	1918
9. शिमला	16265	11	7131	20	23396
10. सोलन	10210	7	3519	10	13729
11. सिरमौर	10322	7	2854	8	13176
12. किन्नौर	3807	3	-	-	3807
हिमाचल प्रदेश	47567	100	35414	100	182981

आर्थिक गणना-1990 की आर्थिक गणना-1980 से तुलना

15.12 आर्थिक गणना-1990 की मदों का कार्यक्षेत्र तथा क्षेत्र विस्तार आर्थिक गणना-1980 के समरूप था । दोनों आर्थिक गणनाओं के तुलनात्मक अध्ययन से यह प्रतीत होता है कि पिछले दशक में उद्यमों की संख्या में 31.4 प्रतिशत की वृद्धि है, क्योंकि 1990 में उद्यमों की संख्या 1,82,981 हो गई जो कि आर्थिक गणना-1980 के अनुसार 1,39,342 थी । प्रदेश में, आर्थिक गणना-1980 के अनुसार 6,753 कृषि उद्यम तथा 1,32,589 गैर कृषि उद्यम थे जो कि आर्थिक गणना-1990 के अनुसार क्रमशः 7,106 तथा 1,75,875 हो गए। 1980 में, ग्रामीण उद्यम कुल उद्यमों का 83 प्रतिशत थे तथा 1990 की आर्थिक गणना के अनुसार लगभग 81 प्रतिशत थे । पिछले दशक में, रोजगार ढांचे में कोई सार्थक परिवर्तन नहीं है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों की प्रतिशतता 1980 में 69 प्रतिशत थी जो कि 1990 में कुछ कम हो कर 67 प्रतिशत हो गई । तथापि, 1980 की तुलना में 1990 में सभी उद्यमों में कुल श्रमिकों की संख्या 3.44 लाख से बढ़कर 4.69 लाख हो गई। 1990 में भाड़े के श्रमिकों की संख्या 2.92 लाख हो गई जो कि 1980 में 2.04 लाख थी ।

15.13 1980 की आर्थिक गणना के अनुसार, ऐसे उद्यमों की

संख्या, जिनका स्वामित्व अनुसूचित जनजातियों और अनुसूचित जातियों के पास था, क्रमश: 4,550 और 21,710 थी जो कि 1990 में बढ़कर क्रमश: 5,515 और 33,190 हो गए । बिना अहाते के उद्यमों की संख्या आर्थिक गणना-1980 के अनुसार 14,267 थी जो कि 1990 में घट कर 13,908 हो गई । इसी तरह, मौसमी उद्यमों की संख्या घट कर 14,933 हो गई, जो कि 1980 की आर्थिक गणना के अनुसार 17,064 थी ।

॥ख॥ हिमाचल प्रदेश में पर्यटक यातायात सर्वेक्षण 1990

15.14 पर्यटन एक उद्योग के रूप में देश के विभिन्न राज्यों के अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी तेजी से विकसित हो रहा है । पर्यटन विशेष कर हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां का अलौकिक एवं कुंवारा सौन्दर्य, समृद्ध संस्कृति, खुशहाल, भोले-भाले व सत्कारशील लोग सभी प्रकार के पर्यटकों को आकर्षित करने में सक्षम हैं । पर्यटन के विकास से स्थानीय लघु उद्योगों के विकास में भी मदद मिलती है । यहां के लघु उद्योगों के प्रसिद्ध उत्पाद हैं सुन्दर शालें, हिमाचली टोपियां, गेहने लकड़ी की बनी वस्तुएं जिन में पर्यटक रुचि लेते हैं तथा जिन्हें इस भ्रमण को स्मरणीय बनाने के लिये खरीदते हैं ।

15.15 परन्तु प्रदेश में पर्यटकों का आवागमन, आयु, व लिंगवार विभाजन, उद्गम स्थान, ठहराव अवधि, व्यय का ढंग तथा परिवहन, आवास, भोजन एवं पेय पदार्थ पर व्यय एवं हिमाचल से खरीद आदि के आंकड़ों का एकत्रीकरण, संकलन व वितरण के लिये कोई भी नियमित संस्था कार्यरत नहीं है । इस के अलावा उन की रुचि, अरुचि व पर्यटन विकास के लिये सुझाव आदि एकत्र करने की भी व्यवस्था नहीं है ।

कार्य क्षेत्र एवं विस्तार

15.16 अर्थ एवं सांख्यिकीय विभाग, हिमाचल प्रदेश ने 12 जिला मुख्यालयों तथा 29 अन्य महत्वपूर्ण चयनित स्थलों पर वर्ष 1990 में पर्यटक यातायात पर विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिये सर्वेक्षण किया। इन स्थलों का चयन पर्यटन आयुक्त, हिमाचल प्रदेश से विचार विमर्श करके किया गया । सर्वेक्षण के लिये उचित प्रतिदर्श अभिकल्प बनाया गया । फलस्वरूप 28 प्रतिशत निजी होटल, 80 प्रतिशत पर्यटन निगम के होटल व बंगले तथा 50 प्रतिशत धर्मशालाएं व लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह इस सर्वेक्षण की परीधि में शामिल किए गए ।

15.17 पर्यटक वह व्यक्ति माना गया जो अपने सामान्य निवास स्थान के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान की यात्रा पर रहा और कम से कम एक रात्रि का ठहराव होटल, धर्मशाला, विश्राम गृह, निरीक्षण हट, गैस्ट हाऊस आदि में हो ।

15.18 इस रिपोर्ट में जो विचार व्यक्त किए गए हैं वह अर्थ एवं सांख्यिकीय विभाग के अपने विचार हैं और यह आवश्यक नहीं है कि हिमाचल प्रदेश सरकार भी इन विचारों से सहमत हो ।

पर्यटक यातायात सर्वेक्षण- 1990 के प्रमुख परिणाम

15.19 सर्वेक्षण के परिणाम 844 पर्यटक दलों जिन में 2416 पर्यटक (2273 स्वदेशी व 143 विदेशी) शामिल हैं, से 41 पर्यटक केन्द्रों पर साक्षात्कार कर के प्राप्त आंकड़ों पर आधारित हैं । इस के अतिरिक्त चयनित होटलों व पर्यटकों के ठहराव के अन्य स्थानों के आगन्तुक रजिस्टरों में से पर्यटकों का विवरण वर्ष 1988-89 व 1989-90 के लिये एकत्र किया गया ।

सर्वेक्षण के कुछ मुख्य एवं महत्वपूर्ण परिणाम निम्न प्रकार से हैं:-

1. हिमाचल प्रदेश में चयनित पर्यटकों में से लगभग 21 प्रतिशत पर्यटक आयोजित प्रवास के अन्तर्गत यहां पहुंचे और अन्य पर्यटक अपने प्रयास से ही आये ।
2. (क) भारतीय प्रतिदर्श पर्यटकों का औसत ठहराव 3.5 दिवस जबकि विदेशियों का 5.1 दिवस था ।
   (ख) प्रतिदर्श पर्यटकों में लगभग 65 प्रतिशत पुरुष व 35 प्रतिशत महिलाएं थीं ।
3. हिमाचल प्रदेश में लगभग 56 प्रतिशत, प्रतिदर्श पर्यटकों के दल का आकार चार या चार से अधिक व्यक्ति का था, केवल 11 प्रतिशत प्रतिदर्श पर्यटक 'एक व्यक्ति' वाले दल के आकार में आए और बाकी प्रतिदर्श पर्यटक 'दो या तीन व्यक्ति' वाले दल में आए ।
